बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 15 मई 2024
वर्ष 5, अंक 50, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम 16

कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति 15

एक नजर

लिट्टे पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ाया गया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगाया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि लिट्टे श्रीलंका में अपनी गतिविधियां चला रहा एक संगठन है लेकिन इसके समर्थक, हमदर्द और एजेंट भारतीय क्षेत्र में हैं।

ईडी के सामने पेश हुए झारखंड के मंत्री आलम

रांची। झारखंड के मंत्री और कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलम अपराह्न करीब 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। आलम ने संघीय एजेंसी के कार्यालय में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से कहा, मैं कानून का पालन करता हूं... मैं पूछताछ का सामना करने के लिए यहां आया हूं। ईडी ने आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ नकदी के साथ गिरफ्तार किया था।

मोदी, ठाकुर के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर समेत भाजपा के कई अन्य नेताओं की ओर से आम चुनाव 2024 में अप्रैल-मई के दौरान कथित तौर पर नफरती भाषण देने के खिलाफ उन पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।

दिल्ली के परीक्षा केंद्रों पर सीयूईटी-यूजी स्थगित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कहा कि 15 मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीईयूटी-यूजी) को अपरिहार्य कारणों से दिल्ली भर के केंद्रों के लिए स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा अब दिल्ली में 29 मई को होगी और संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। देश के अन्य शहरों व विदेशों में परीक्षा 15 मई को ही होगी।

आईएमए अध्यक्ष की बिना शर्त माफी को सुप्रीम कोर्ट ने किया अस्वीकार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि केस

- नाराज कोर्ट ने कहा-आप अदालत की खिल्ली नहीं उड़ा सकते
- रामदेव, बालकृष्ण की अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भ्रामक विज्ञापन मामले में जारी अवमानना नोटिस पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा। सुनवाई के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आरवी अशोकन ने हालिया साक्षात्कार में शीर्ष अदालत के खिलाफ दिए गए अपने बयानों के लिए पीठ से बिना शर्त माफी मांगी लेकिन अदालत ने अस्वीकार्य कर दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने अशोकन से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि आराम से सोफे पर बैठकर प्रेस को साक्षात्कार दें और अदालत पर आक्षेप लगाएं। पीठ ने आईएमए के वकील से कहा कि अदालत संगठन के अध्यक्ष के माफीनामे को स्वीकार करने की इच्छुक नहीं है। अशोकन ने साक्षात्कार में पतंजलि आयुर्वेद से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले को लेकर सवालों के जवाब दिए थे।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि के वकील से कहा कि तीन सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर किया जाए।

थोक महंगाई बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार दूसरे महीने बढ़कर अप्रैल में 1.26 प्रतिशत पर पहुंची

अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ईंधन और बिजली के साथ खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दो महीने से बढ़ोतरी जारी है। फरवरी में यह 0.20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 0.79 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर पर रही।

मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।

सितंबर तक नरमी की उम्मीद

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि सितंबर/अक्टूबर, 2024 तक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में नरमी आने की उम्मीद है क्योंकि कई खरीफ फसलें मंडियों में आना शुरू करेंगी। विनिर्मित उत्पादों में अप्रैल में महंगाई दर में कमी आई और यह 0.42 प्रतिशत रही।

- ईंधन-बिजली के साथ खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने का असर

6.6% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था: मूडीज

नई दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। मूडीज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

हिंदू-मुस्लिम किया तो सार्वजनिक जीवन जीने के योग्य नहीं रहूंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक न्यूज चैनल के साक्षात्कार में कही मन की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार : चुनावी माहौल में मतों के ध्रुवीकरण को लेकर चल रही आम चर्चा के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुसलमानों को लेकर मन की बात साझा की है। मंगलवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में कहा कि मैं बचपन से मुस्लिम परिवार के साथ रहा हूं, मेरे कई अच्छे मुस्लिम मित्र हैं। मैं जिस दिन हिन्दू-मुसलमान करूंगा उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। ऐसा नहीं करूंगा, ये मेरा संकल्प है।

लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उम्मीदवार के रूप में तीसरी बार पर्चा भरने के बाद प्रधानमंत्री ने मुसलमानों के प्रति अपनी धारणा को जगजाहिर किया। सवाल उठा कि, आप ये धारणा तोड़ने में सफल क्यों नहीं हो पाए कि आप मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं? मोदी बोले, यह मुद्दा मुसलमान का नहीं है, निजी तौर पर मुसलमान कितने भी मोदी के साथ होंगे, लेकिन एक निश्चित विचार का प्रभाव है, जो उनको आदेश करता है कि आप ये करो-वो करो।

मोदी ने बताया कि, मेरे घर के अगल-बगल सारे मुस्लिम परिवार हैं। हमारे घर में ईद भी मनती थी। ईद के दिन घर पर खाना नहीं बनता था। मुस्लिम परिवारों से मेरे यहां खाना आ जाता था। मुहर्रम में हमारा ताजिये के नीचे से निकलना अनिवार्य होता था, यह हमें सिखाया गया था। प्रधानमंत्री के मुताबिक 2002 में गोधरा कांड के बाद सुनियोजित तरीके से उनकी छवि खराब की गई। ज्यादा बच्चों वाले बयान पर बोले कि मैंने ना हिन्दू कहा, ना मुसलमान। हमारे यहां गरीब परिवारों में भी ये हाल है। मैंने कहा है कि उतने बच्चे हों जिसका लालन-पालन कर सको।

- बोले-गोधरा दंगों के बाद उनकी छवि जानबूझकर खराब की गई

वाराणसी से तीसरी बार किया नामांकन

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। उन्होंने अपने प्रस्तावकों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। इससे पहले उन्होंने गंगा नदी और काल भैरव को नमन किया। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व संजय सोनकर रहे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं।

नामांकन दाखिल करते प्रधानमंत्री मोदी।

कई राज्यों के सीएम केंद्रीय मंत्री हुए शामिल

मोदी के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी सहित घटक दलों के कई नेता शामिल रहे।

भीमा कोरेगांव केस में गौतम नवलखा को मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एल्गार परिषद-माओवाद संबंध मामले में सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन. भट्टी ने नवलखा की जमानत पर लगी बंबई हाईकोर्ट की रोक बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा के लिए खर्च के तौर पर 20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि हम रोक नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश में जमानत देने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे। विवादों पर विस्तार से गौर किए बिना, हम रोक की अवधि नहीं बढ़ाएंगे। प्रतिवादी पक्ष यथाशीघ्र 20 लाख रुपये का भुगतान करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा चार साल से अधिक समय से जेल में हैं और मामले में अब तक आरोप तय नहीं किए गए हैं।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे

दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईमेल से भेजे धमकी भरे संदेश, जांच में कुछ नहीं मिला
- पहले भी 20 अस्पतालों, हवाई अड्डो को मिली थी धमकी

राष्ट्रीय राजधानी के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल को मंगलवार को ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे दो दिन पहले दिल्ली के 20 अस्पतालों, हवाई अड्डे और उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कार्यालय को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें चार अस्पतालों में बम होने की खबर मिली जबकि दिल्ली पुलिस के मुताबिक सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल में बम होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार, ईमेल यूरोप स्थित मेलिंग सेवा कंपनी 'बीबल डॉट कॉम' से भेजे गए थे, जिसमें वही सामग्री थी जो रविवार को अस्पतालों को भेजी गई ईमेल में थी।

धमकी में कहा गया कि मैंने आपकी इमारत में विस्फोटक उपकरण रखे हैं। उनमें अगले कुछ समय में धमाका होगा। यह कोई धमकी नहीं है, आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, अन्यथा निर्दोष लोगों का खून बहने की जिम्मेदारी आप पर होगी।

पंतनगर एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी

पंतनगर। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। आनन-फानन एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करते हुए बम निरोधक दस्ता बुलाकर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें कोई अवांछनीय वस्तु नहीं मिलने पर अधिकारियों ने चैन की सांस ली।

फेसबुक पर वीडियो डालने के बाद सब्जी विक्रेता ने फंदे पर लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, सचेंडी/कानपुर।

- पुलिस की धन उगाही और मारपीट से पीड़ित था युवक
- आरोपी चौकी इंचार्ज व कांस्टेबल के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- मौके पर पहुंचे भाजपा विधायक की ट्रेनी आईपीएस से नोकझोंक

अमृत विचार : सचेंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल की वसूली से त्रस्त होकर एक सब्जी विक्रेता ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश फूट पड़ा।

भारी फोर्स और बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा मौके पर पहुंचे। ट्रेनी आईपीएस की विधायक से कहासुनी और नोकझोंक हो गई। विधायक ने उन्हें मौके से जाने को कह दिया। मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल पर आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की गई है।

सचेंडी गांव निवासी पल्लेदार बालकृष्ण राजपूत का 23 वर्षीय पुत्र सुनील राजपूत चकरपुर मंडी में सब्जी बेचता था। बड़े भाई छोटे ने आरोप लगाया कि चकरपुर मंडी चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार यादव और कांस्टेबल अजय कुमार यादव सब्जी की दुकान लगाने के बदले वसूली करते थे। आए दिन फ्री में सब्जी ले जाते थे। विरोध करने पर गालीगलौज और अभद्रता कर मारपीट करते थे। आए दिन दोनों की वसूली और प्रताड़ना से तंग आकर सुनील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने से पहले चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल पर आरोप लगाते हुए दो वीडियो बनाए और इसे फेसबुक पर अपलोड करके फांसी लगा ली।

वीडियो में उसने कहा कि मैं चौकी इंचार्ज सतेंद्र और सिपाही अजय यादव के खिलाफ गवाही दे रहा हूं। इनसे परेशान होकर फांसी लगा रहा हूं। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण आरोपियों के निलंबन और गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव न उठाने पर अड़ गए।

हंगामा बढ़ता देख पूरे सर्किल का फोर्स मौके पर बुला लिया गया। पुलिस के लाख समझाने पर तकरीबन तीन घंटे बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। डीसीपी ने बताया कि चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल पर आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की गई है।

दिल्ली शराब नीति केस में ईडी बनाएगी 'आप' को आरोपी

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट में कहा-दाखिल करेंगे नई चार्जशीट
- मनीष सिसोदिया की जमानत का किया विरोध

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाएगी। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही।

ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष कहा कि मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को सह-आरोपी बनाया जा रहा है। जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए आरोपी व्यक्तियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। सिसोदिया के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई धनशोधन और भ्रष्टाचार मामले में लोगों को अभी भी गिरफ्तार कर रही हैं और मुकदमे की सुनवाई जल्द पूरा होने का कोई सवाल ही नहीं है।

पद्मश्री साहू सुशील सहाय का निधन

मुरादाबाद। बिलारी के प्रतिष्ठित साहू घराने से संबंध रखने वाले साहू सुनील सहाय के बड़े भाई सुशील सहाय (80 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने करीबी गांव नगलिया जट स्थित फार्म हाउस हरविलास में अंतिम सांस ली। मेंथा की शिवालिक प्रजाति के आविष्कार के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। सुशील सहाय स्वैच्छिक कृषि वैज्ञानिक के रूप में जाने जाते थे। 1974 में उन्होंने भारतीय क्रांति दल से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। उनका रामपुर जिले में भी उद्योग एवं कारोबार है।

दिल्ली में आयकर विभाग की इमारत में लगी आग, एक अधिकारी की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

बिल्डिंग में आग बुझाने के लिए पहुंचे अग्निशमन कर्मचारी।

- दमकल कर्मियों ने दो महिलाओं समेत सात को बचाया
- अग्निशमन विभाग की 21 गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं

दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में आयकर विभाग में कार्यरत कार्यालय अधीक्षक सतेंद्र कुमार (46) की मौत हो गई। दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक व्यक्ति को मामूली चोट आई जिसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि हमें दोपहर 3.07 बजे आयकर विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली। हमने कुल 21 दमकल गाड़ियां भेजी हैं। पुलिस को भी जानकारी दी गई है। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में, इमारत के भीतर लोग आग से बचने के लिए खिड़की के किनारों पर शरण लिए हुए दिखे।

30 लाख की अफीम के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। एसटीएफ ने मंगलवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2-3 के पूर्वी छोर पर 30 लाख रुपये कीमत की अफीम के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एनसीबी और जीआरपी भी शामिल रही। महिला तस्कर झारखंड की रहने वाली है। वह अफीम लेकर बरेली जा रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी विमल कुमार सिंह ने बताया कि अफीम की तस्करी को लेकर काफी समय से सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस दौरान जानकारी मिली कि प्रमिला नामक महिला दो किलो अफीम लेकर झारखंड से बरेली जा रही है।

समृद्धि | लखनऊ में 2014 से घटता गया रकबा, मांग और दाम बढ़ने से फिर लहलहाई फसल

रामदाना की बढ़ी पैदावार से किसान हुए मालामाल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- गोसाईगंज क्षेत्र में एक हजार से ज्यादा किसान एफपीओ के माध्यम से करने लगे खेती

अमृत विचार : राजधानी के गोसाईगंज क्षेत्र के किसानों ने फिर से रामदाना की खेती पर भरोसा जताया है। 2014 के बाद से इसका रकबा घटकर न के बराबर पहुंच गया था लेकिन दो वर्षों से किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के माध्यम से एक हजार से ज्यादा किसान रामदाना की खेती करने लगे हैं। इसमें गेहूं के बराबर लागत और अधिक मुनाफा देख अन्य ब्लॉकों के किसान भी आकर्षित हुए हैं। गोसाईगंज क्षेत्र रामदाना की बेल्ट कही जाती है। यहां एफपीओ ने वर्ष 2022 में 500 एकड़ से खेती की शुरुआत की थी और 2023 में रकबा बढ़कर एक हजार एकड़ हो गया। इस वर्ष 1500 एकड़ में पैदावार का लक्ष्य रखा गया है। रामदाना खरीफ की फसल है, जो लखनऊ से लगे बाराबंकी व रायबरेली के कुछ क्षेत्र में होती है। राजस्थान में सबसे ज्यादा पैदावार होती है। लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र के किसान अक्टूबर से दिसंबर तक इसकी खेती करते हैं। इसकी वजह राजस्थान की अन्नपूर्णा प्रजाति है।

15 हजार की लागत में 84 हजार से ज्यादा की हो रही कमाई

एक एकड़ में रामदाना की खेती में 15 हजार रुपये खर्च आता है। गोसाईगंज में जो उत्पादन हो रहा वह एक एकड़ में 12 क्विंटल तक है। वर्तमान में रामदाना का भाव लगभग 72 रुपये किलो है। लागत निकालकर एक एकड़ में इसकी खेती से 84 हजार रुपये से ज्यादा कमाई हो रही है।

बढ़ा रकबा, कोलकाता में बिक्री

नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने बताया कि रामदाना से गजक, पट्टी, हलवा, लड्डू आदि खाद्य पदार्थ बनते हैं। इधर दो वर्ष से रामदाना का बिस्कुट और कन्फेक्शनरी में इस्तेमाल होने से मांग के साथ दाम बढ़े हैं। इसे देखते हुए किसान फिर से खेती करने लगे हैं। इनके द्वारा तैयार रामदाना कोलकाता की फैक्ट्रियों से ज्यादातर बेचते हैं। कुछ किसान निर्यात भी करते हैं।

> जिले में रामदाना की खेती पूर्व में बड़े पैमाने पर होती थी, जो धीरे-धीरे घटती गई। जो अब एफपीओ के माध्यम से इसे बढ़ा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम आए हैं। जल्द अन्य क्षेत्रों में भी अधिक पैदावार होगी। - **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ

खंडहर में तब्दील एंग्लो इंडियन वास्तुशिल्प का अद्भुत नमूना

रामपुर रियासत का भारत गणराज्य में विलय होने के बाद रजा लाइब्रेरी का किया गया संरक्षण

सुहेल जैदी, रामपुर

अमृत विचार : रामपुर रियासत भारत गणराज्य में 15 मई 1949 को विलय हुई। इसके बाद से सरकार के कब्जे में आईं एंग्लो इंडियन वास्तुशिल्प का नमूना इमारतें अपनी दुदर्शा पर आंसू बहा रही हैं। किला स्थित मछली भवन में चल रहा राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय भी जर्जर हालत में है। किला पूर्वी और पश्चिमी गेट पर पीपल की जड़ें उन्हें खोखला कर रही हैं। सिंचाई विभाग का कार्यालय, मॉडल मांटेसरी स्कूल, एलआईयू कार्यालय, कलेक्ट्रेट की इमारतों की हालत बद से बदतर हो गई है। आजादी को 75 वर्ष गुजरने के बाद भी सरकार एक अदद कलेक्ट्रेट या फिर किसी डिग्री कालेज का निर्माण नहीं करा सकी है।

15 मई 1949 को भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट्स के सलाहकार वीपी मैनन रामपुर आए और रियासत के विलय के समझौते (मर्जर एग्रीमेंट) पर मिस्टन मैनन ने गर्वनर जनरल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि के रूप में और रामपुर रियासत की ओर से नवाब रजा अली खां ने हस्ताक्षर किए। एक जुलाई 1949 ई. से रियासत रामपुर का केंद्र में विलय स्वीकर कर लिया गया और इस दिन लैजिस्लेटिव असेंबली भंग कर दी गई। 17 मई को रामपुर स्टेट का असाधारण गजट जारी हुआ। गजट में नवाब रामपुर और भारत सरकार के बीच हुए समझौते को शामिल किया गया।

नवाबी दौर में बना किला में अधिकतर भवन भारत सरकार को दे दिए गए। सरकार ने उन भवनों में सरकारी कार्यालय एवं स्कूल कालेज खुलवा दिए। किले की महल सराय में प्राथमिक विद्यालय, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, महिला आईटीआई, पुराने पुस्कालय में आईटीआई, मछली भवन में राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित है। इसके अलावा राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय भी नवाब हामिद अली खां द्वारा वर्ष 1896 में बनवाई गई इमारत में है।

इन भवनों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है इन पर रंग पालिश भी नहीं हुआ है। जिसके कारण इनकी स्थिति दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। यदि समय रहते इन पर ध्यान नहीं दिया गया तो रियासतकालीन इमारतें मिट्टी में मिल जाएंगी। एंग्लो इंडियन वास्तुशिल्प का अद्भुत नमूनों को बचाने के लिए प्रयास किया जाना जरूरी है। नवाब स्टेशन जोकि नवाब के वंशजों की संपत्ति है लेकिन, बदहाल है। हालांकि, यहां नवाब रजा अली खां की ट्रेन के कुछ डिब्बे आज भी खड़े हैं। हामिद मंजिल में विश्व प्रसिद्ध रामपुर रजा लाइब्रेरी है।

रियासत कालीन हाईकोर्ट जिसमें आजादी के बाद तहसील बनी। फिलहाल इस जर्जर इमारत में खाद्य एवं विपणन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला सूचना कार्यालय हैं।

मॉडल के रूप में रखना चाहती थी भारत सरकार

भारत सरकार रामपुर रियासत को मॉडल के रूप में रखना चाहती थी। यही वजह रही कि देश की आजादी के दो वर्ष बाद रामपुर के बाशिंदों को आजादी मिली। 20 दिसंबर 1948 से आल इंडिया कांग्रेस कमेटी का 55वां अधिवेशन जयपुर में आयोजित हुआ। मौलाना अबुल कलाम आजाद और सरदार वल्लभ भाई पटेल रामपुर रियासत को मॉडल के रूप में रखना चाहते थे। लेकिन, रामपुर रियासत के मुख्यमंत्री कर्नल बशीर हुसैन जैदी की राजनैतिक चाल के चलते भारत सरकार को 15 मई 1949 को जल्दबाजी और गोपनीयता के साथ रियासत का केंद्र में त्वरित विलय करना पड़ा। रियासत की जनता को जबरदस्त आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा।

नवाब रजा अली खां। ● अमृत विचार

मौलाना आजाद ने कहा कि मैंने जो वादा किया था वह जरूर पूरा होता मैंने सरदार पटेल से बात कर ली थी और इकरार ले लिया था कि जब तक वह यानि मौलाना आजाद विलय के लिए स्वीकृति नहीं देंगे उस वक्त तक रियासत रामपुर विलय नहीं की जाएगी। लेकिन, बाद को जिम्मेदार लोगों ने मेरे सामने जो हालात पेश किए मैं उनको पूरी तरह समझ नहीं सका और दूसरे लोगों के विश्वास दिलाने पर मैंने स्वीकृति दे दी। कर्नल बशीर हुसैन जैदी ने रियासत रामपुर को जब भारतीय संघ में विलय करने का प्रस्ताव सरदार वल्लभ भाई पटेल के सामने रखा तो उन्होंने जवाब दिया विलय स्वीकार है।

–नफीस सिद्दीकी, इतिहासकार

शादी के लिए थाने पहुंची युवती को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

सैदनगर, अमृत विचार : शादी के लिए थाने पहुंची युवती ने परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए। बोली परिजन मेरी शादी नहीं कर रहे हैं। जबकि मैं बालिग हो चुकी हूं। पुलिस ने युवती को परिजनों के हवाले कर दिया है।

मामला अजीम नगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मंगलवार दोपहर एक युवती अजीमनगर थाने पहुंची और पुलिस से शादी के लिए मदद करने की अपील की। युवती बोली मैं बालिग हो चुकी हूं। परिजन मेरी शादी से इंकार कर रहे हैं। पुलिस ने युवती को काफी समझाया लेकिन वह शादी की जिद करने लगी। युवती ने पुलिस से कहा आप मेरे परिजनों को बुलाओ और जल्दी रिश्ते के लिए दबाव बनाओ। पुलिस ने शादी का आश्वासन दिया तो युवती शांत हो गई। युवती के परिजनों को भी पुलिस ने थाने बुला लिया। समझा-बुझाकर पुलिस ने युवती को परिजनों के हवाले कर दिया।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना प्रात: 6:30 बजे।

☞ व्यापारी बिजली की समस्या को लेकर अधीक्षण अभियन्ता को ज्ञापन सौंपेंगे दोपहर 12 बजे।

एक नजर

50 निविदा कर्मचारियों को नहीं मिला अप्रैल का मानदेय

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि जनपद में 50 निविदा कर्मचारियों को अप्रैल का मानदेय नहीं मिला है। मैहर कंपनी निविदा कर्मचारियों का शोषण कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी अधिकारी जब दिल चाहे मानदेय रोक लेते हैं। कहा कि कर्मचारियों को ईएसआई कार्ड भी नहीं दिए गए हैं। जिन्हें दिए गए है उनमें बहुत सारी त्रुटियां हैं। उन्होंने कर्मचारियों को जल्द मानदेय दिलाने की मांग की है। ताकि वह परिवार का पालन-पोषण ठीक से कर सकें।

पुलिस ने वारंटी पकड़ा

शहजादनगर, अमृत विचार : खनन एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस लगातार आरोपियों की धरपकड़ कर रही है। शहजादनगर पुलिस ने वारंटी शाहिद पुत्र अबरार हुसैन निवासी ग्राम तुमड़िया को खनन के मामले में उसके घर से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया गया।

सीयूईटी को लेकर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सेंट पॉल्स स्कूल में आज होने वाली सीयूईटी की परीक्षा के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आब्जर्वर, केंद्र व्यवस्थापक तथा कक्ष निरीक्षक उपस्थित रहे।

परीक्षा के जिला समन्वयक सेंट पॉल्स स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने सभी को दिशा निर्देश दिए। बताया कि परीक्षा बुधवार को पूरे देश में होगी। इसमें लगभग 13 लाख परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिले में तीन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 1000 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों को मात्र काले या नीले बॉल प्वाइंट पेन का ही उपयोग करना होगा। इसके परीक्षार्थी स्वयं लाएगा। परीक्षा अगले चार कार्य दिवसों में ऑफलाइन तरीके से प्रत्येक दिन दो पालियों में होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 से अपराह्न एक बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न तीन से सायं छह बजे तक होगी। प्रातः 9:30 बजे के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश प्रातः 8:30 बजे शुरू हो जाएगा। अभ्यर्थियों को किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, लैटर पैड, पर्स, घड़ी, बेल्ट, पेंसिल, पेन, खाद्य सामग्री, ज्योमेट्री बॉक्स इत्यादि लाने की अनुमति नहीं होगी। जबकि प्रवेश पत्र, सरकार द्वारा प्रदत्त मूल पहचान पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ पूर्णतः पारदर्शी पानी की बोतल, काला या नीला बॉल प्वाइंट पेन लाना अनिवार्य होगा। केंद्र व्यवस्थापकों ने परीक्षा से संबंधित समस्त व्यवस्था पूर्ण कर ली है। विद्यालय की अध्यापिका जस्विन कौर ने प्रतिदर्श के माध्यम से सभी दिशा निर्देशों को व्यक्त किया।

कार्यशाला में सभी प्रधानाचार्य को टिप्स देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

● तीन केंद्रों पर होगी परीक्षा, करीब एक हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

खेलो इंडिया से जुड़ेंगे बेसिक स्कूलों के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शासन ने परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को खेलों से जोड़ने के लिए योजना बनाई है। इसके तहत बच्चों का एसेसमेंट टेस्ट लेने के बाद खेलो इंडिया एप पर डाटा अपलोड किया जाएगा। इसमें स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की भी मदद ली जाएगी। बच्चों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार खेलों से जोड़ा जाएगा। ताकि वह अपनी प्रतिभा को सबके सामने ला सकें।

कुछ दिन पहले ही शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी करके सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने बच्चों का एसेसमेंट टेस्ट प्रारंभ करके खेलो इंडिया एप पर अपलोड करें। जहां शारीरिक शिक्षा अनुदेशक तैनात नहीं हैं, वहां खेलों में रुचि रखने वाले शिक्षक को नामित कर यह काम कराया जाए।

इसमें किसी भी प्रकार की समस्या आने पर ब्लॉक वार स्कूल अथॉरिटी ऑफ इंडिया से प्रशिक्षित किए गए मास्टर ट्रेनर की मदद ले सकते हैं। खेल विभाग के अधिकारियों, खेल शिक्षकों, मास्टर ट्रेनर का पूरा सहयोग लिया जा सकता है। इस दौरान सभी बच्चों का पूरा विवरण एक्सेल शीट पर विद्यालय स्तर से ही तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

● खेलो इंडिया एप पर उनका डाटा किया जाएगा अपलोड

आवश्यकता के अनुसार सूची बनाकर खेल में उपयोग किए जाने वाले सामानों को खरीद सकेंगे। ताकि बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। –संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी

अपनी रुचि के हिसाब से खेल चुने छात्र

अब बच्चों को खेल रैली के लिए तैयार करने की बजाए खेलों पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाए। कक्षा एक से आठवीं तक का प्रत्येक बच्चा अपनी रुचि के अनुसार किसी न किसी खेल से अवश्य जोड़ा जाए। प्रत्येक बच्चे को खेलने का अवसर मिलना चाहिए। व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में प्रतिभागी के व्यक्तिगत प्रदर्शन का लेखा-जोखा भी सुरक्षित रखा जाए। यह उपलब्धि बच्चों के पूर्ण विवरण वाली सीट में भी अंकित होनी चाहिए।

छात्रों को बड़े खिलाड़ियों से कराएं रूबरू

विद्यालय स्तर से राज्य स्तर तक की सभी खेल प्रतियोगिताओं में खेल संगठन के विशेषज्ञ और खेल विभाग के अधिकारियों को आमंत्रित किया जाए। अपने क्षेत्र के अच्छे खिलाड़ियों को स्कूल में आमंत्रित करें। छात्रों को उनसे रूबरू कराएं। इससे छात्रों को प्रेरणा मिलेगी।

परिषदीय स्कूलों में होती हैं 17 तरह की खेल प्रतियोगिताएं

स्कूलों में हॉकी, तैराकी, कुश्ती, हैंडबाल, वालीबॉल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, फुटबाल, जूडो, खो-खो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, क्रिकेट, कबड्डी, ताइक्वांडो, योगासन नृत्य व गायन स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। बच्चों को इनमें से दो प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगा।

चिकित्सक बनने का सपना देख रही है फलक

रामपुर, अमृत विचार : सीबीएसई की10 वीं परीक्षा में मोहल्ला कटकुइयां निवासी आसिम शाह खां की बेटी फलक ने मुरादाबाद के डींगरपुर के इंडिया पब्लिक स्कूल में पढ़कर 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। फलक चिकित्सक बनने का सपना देखती हैं। अच्छे नंबरों से पास होने पर फलक के परिवार में खुशियां फैल गईं। उनकी मां निम्मी परवीन ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। आसिम शाह खां ने बताया कि फलक डींगरपुर में अपनी मौसी समीना परवीन के घर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही है। फलक ने नेट पर अपना रिजल्ट देखा और उसके अच्छे नंबरों से पास होने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों के चेहरे खिल गए। इसके बाद मोबाइल पर बधाई संदेश आने का सिलसिला शुरू हो गया गया। आसपास के लोग और रिश्तेदार फलक को बधाई देने के लिए मंगलवार को भी उसके घर पहुंचे। फलक के अच्छे नंबरों से पास होने पर उसकी मौसी भी बेहद खुश हैं।

फलक को मिठाई खिलातीं मां निम्मी परवीन। ● अमृत विचार

99 प्रतिशत अंक लाने पर नंदिनी के परिवार में छाई खुशी

रामपुर, अमृत विचार : सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट देख नंदिनी सिंह के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। नंदिनी सिंह ने स्कूल को टॉप करते हुए 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। परिजनों और गुरुजनों ने नंदिनी को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीबीएसई में कला वर्ग की नंदिनी सिंह रहीं अव्वल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : व्हाइट हाल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 में कला वर्ग में नंदिनी सिंह इतिहास, राजनीति शास्त्र एवं पेंटिंग में 100 अंक एवं भूगोल में 99 अंकों के साथ 99 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहीं। जबकि, वाणिज्य वर्ग में सक्षम अकाउंटेंसी में 100 अंक के साथ प्रथम रहे।

स्कूल की प्रतिभा इतिहास में 100 अंक के साथ 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहीं। आशुतोष पांडेय 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर, कार्तिकेय शर्मा 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहे। फलक जुनैद 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवें एवं रिद्धिमा सक्सेना 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठे स्थान पर रहीं।

वाणिज्य वर्ग में सक्षम अग्रवाल अकाउंटेंसी में 100 अंक के साथ 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे। राधिका यादव 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर, नमरा नाजिम 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर, नंदिनी 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर, इश्मीत कौर 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहीं। राहुल राठौर 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठे स्थान पर एवं शहर मुराद 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवें स्थान पर रहीं।

विज्ञान वर्ग में अभिनव पाठक 95.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। इसके साथ ही हुमना फाकिया 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर, कार्तिक चेतन 92.8 प्रतिशत अंक, रिद्धिमा सक्सेना 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे एवं अनिकेत सैनी 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहे।

हाईस्कूल में भी छात्रों का रहा जलवा

कक्षा 10 में अभिनव शर्मा 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मंडल टॉपर रहे। इसके साथ ही गौरिका गुप्ता 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर, जोयल गुप्ता 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर, श्रेया ठाकुर एवं नायरा हारिस 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहे। सिद्धि सिदाना 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रही। अमोघ शर्मा एवं याशिता जौहरी ने 93 प्रतिशत, रीतिका आर्या 92.6 प्रतिशत, वंशिका 91.6 प्रतिशत, राहिम आफताब 91.4 प्रतिशत, गौरी सक्सेना 91.2 प्रतिशत, समृद्धि पाल 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अभिनव शर्मा ने कक्षा 10 में अंग्रेजी, गणित एवं कंप्यूटर में 100 अंक प्राप्त किए। जोयल गुप्ता ने गणित एवं कंप्यूटर में 100 अंक प्राप्त किए। नायरा हारिस ने गणित में 100 अंक प्राप्त किए। गौरीका गुप्ता ने साइंस एवं कंप्यूटर में 100 अंक प्राप्त किये, श्रेया ठाकुर एवं समृद्धि पाल ने भी कंप्यूटर साइंस में 100 अंक प्राप्त किए।



2025 में 15 फरवरी से होंगी परीक्षाएं : नीरज

रामपुर, अमृत विचार : सीबीएसई के सिटी कार्डिनेटर नीरज कुमार तिवारी ने बताया कि वर्ष 2025 में परीक्षाएं 15 फरवरी से आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। सीबीएसई के देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन उत्तर प्रदेश के आठ जिले आते हैं। इसमें बदायूं, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर और संभल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 2024 की परीक्षा में कक्षा दस में रामपुर दूसरे स्थान पर रहा। कक्षा 12 में प्रथम स्थान पर रहा है। वर्ष प्रतिवर्ष जिले का रिजल्ट उत्कृष्ट होता जा रहा है। यह जिले के स्कूलों व अभिभावकों के अर्थक प्रयास का परिणाम है। इसके अलावा जो छात्र रिजल्ट से संतुष्ट नहीं हैं और पुनः मूल्यांकन कराना चाहते हैं। वह ऑनलाइन एप्लाई कर सकते हैं। पुनः मुल्यांकन के लिए कक्षा 10 के छात्र 20 से 24 मई तक और 12वीं के 17 से 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसकी फीस 500 रुपये प्रति विषय है।

मौसम गर्मी बढ़ने पर बढ़ा ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार, गर्मी और बढ़ने का अनुमान

सूर्यदेव ने दिखाए तेवर, तपिश से बेचैन रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूरे दिन आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। मंगलवार को पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह 10 बजे से ही सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे। मौसम वैज्ञानिक अभी और गर्मी बढ़ने के आसार जता रहे हैं। गर्मी बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार बढ़ गया है। मंगलवार की दोपहर लोगों ने गला तर करने के लिए बेल का शर्बत और गन्ने का जूस पिया।

मंगलवार की सुबह 10 बजे के बाद ही तापमान काफी बढ़ गया। सुबह 10:40 बजे अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। हालांकि आर्द्रता 40 प्रतिशत रहने से उमस का एहसास नहीं हुआ। सुबह घर से निकलते ही गर्म हवा के थपेड़े मुंह पर लगने लगे। सुबह 10 बजे से मौसम काफी गर्म हो गया। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अभी गर्मी और बढ़ने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही ने बताया कि पांच दिन में तापमान और बढ़ेगा।

तपती धूप से बचने को छाता लगाकर जाती महिला। ● अमृत विचार

पांच दिन में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। दिन का तापमान दो से तीन डिग्री और बढ़ सकता है। जबकि का तापमान 24 से 27 डिग्री तक जाने पर कुछ स्थानों पर लू चलने के आसार हैं। –डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

सिर पर कपड़ा या छाता लेकर घर निकलें

जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. दशरथ सिंह ने बताया कि इस मौसम में घरों से निकलने से पहले सिर पर तौलिया डालें या छाता लेकर निकलें। गर्मी अधिक है, इसलिए एहतियात बरतें। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी पीते रहें। प्रतिदिन पांच लीटर पानी पीना जरूरी है। गर्मी के मौसम में बच्चों को धूप में न निकलने दें। वरना वह बीमार हो सकते हैं।

हाल-ए-मौसम

● आर्द्रता	405 प्रतित
● वायु वेग	10 किमी. प्रति घंटा

शादी में हंगामा कर रहे दो लोग गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मोहल्ला शीरी मियां निवासी इरफान को पकड़ा गया है। वह मोहल्ले में ही एक शादी समारोह में कुछ लोगों से आमादा फौजदारी होते हुए हंगामा कर रहा था। वहीं, मोहल्ला विशारदनगर निवासी इसरार को भी गिरफ्तार किया गया है। उसके छोटे भाई शाहिद की पत्नी सायरा ने उसके विरुद्ध तहरीर दी थी। शाहिद का टांडा हुरमतनगर निवासी अपने साले रऊफ से झगड़ा हो रहा था। इसरार ने झगड़े के बीच में पड़कर अपने भाई की तरफ से बोलना शुरू कर दिया था। इस बात पर दोनों पक्ष मारपीट पर उतारू हो गए थे। दोनों अभियुक्तों को शांतिभंग में एसडीएम न्यायालय भेजा दिया गया।

बच्चों के साथ मौजूद कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

हेरिटेज अकादमी में परिणाम देख झूम उठे छात्र-छात्राएं

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : सीबीएसई के 10 वीं और 12वीं के रिजल्ट देखकर छात्र-छात्राएं झूम उठे। हेरिटेज चिल्ड्रेन अकादमी के बच्चों ने 97 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर क्षेत्र के साथ ही माता-पिता और स्कूल का नाम भी रोशन किया। 10वीं के परीक्षा परिणाम में इश्ता व रिधम गंगवार ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त कर कालेज टॉप किया है। जबकि शुभांगी ने द्वितीय स्थान और भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12 में मानस गंगवार व अक्शा अंसारी, कृष्ण गोपाल शर्मा, अंशिका गंगवार ने सर्वाधिक 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रबंधक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि 2023-24 में 12वीं के 120 और 10वीं के 153 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। प्रधानाचार्य डॉ.रीना दुबे ने बच्चों व विद्यालय स्टाफ को बधाई दी।

बिलासपुर रोड स्थित गुरुनानक अकेडमी के बच्चों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा 12 की गुरलीन कौर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 के 25 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। चेयरमैन विशेष शर्मा, प्रबंधक रिजवान खान, मीनू मिश्रा, सुरेन्द्र शर्मा व निर्भय सिंह ने सभी बच्चों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी।

एक नजर

पिता-पुत्री को घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : पिता-पुत्री को मारपीट कर घायल कर देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर केमरी पुलिस ने चालान कर दिया है। आरोपी ओमकार को उसके गांव जनुनागर से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को आरोपी ओमकार व बबलू के साथ गांव के हरभजन सिंह का किसी बात पर झगड़ा हो गया था। इस पर आरोपियों ने हरभजन व उसकी पुत्री अनुराधा को मारपीट कर घायल कर दिया था। घायल पक्ष ने दोनों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कराई थी। उप निरीक्षक आदर्श गुप्ता ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालानी कार्रवाई की है।

भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

बिलासपुर, अमृत विचार : उत्तराखंड से सटे क्षेत्र के गांव डिबडिबा में मंगलवार को नर-नारायण मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में महिलाएं व अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर भागवत व कलश धारण कर इन महिलाओं ने भजन-कीर्तन करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। अन्य भक्तों ने भी खूब जयकारे लगाए। सोढ़ी कॉलोनी, पंचमुखी मंदिर व माता वैष्णो देवी मंदिर से होते हुए यह यात्रा पुन: आयोजन स्थल पर आकर सम्पन्न हो गई। मुख्य आयोजक रूपवती ने बताया कि यात्रा के पश्चात सात दिन तक दोपहर में श्रीमद्भागवत कथा चलेगी। 14 मई को विशाल भंडारे के साथ आयोजन सम्पन्न हो जाएगा।

सड़क हादसों में दंपती समेत तीन घायल

शाहबाद, अमृत विचार : अलग-अलग सड़क हादसों में दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। कस्बे के मोहल्ला हकीमान निवासी रघुवीर सड़क हादसे का शिकार हो गए। दूसरी ओर जनपद मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी अशोक कुमार अपनी पत्नी नीलम के साथ बाइक से जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें दंपती घायल हो गया। इलाज के लिए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बरेली में मिक्सर के नीचे दबकर मिलक के मजदूर की मौत

सोमवार की शाम साढ़े सात बजे हुआ था हादसा, मंगलवार की शाम तक गांव नहीं पहुंचा शव

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : बरेली में मिट्टी के मिक्सर के पहिए के नीचे दबकर मिलक के मजदूर की सोमवार की शाम करीब सात बजे मौत हो गई। मंगलवार की सुबह पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। मंगलवार की शाम सात बजे तक शव गांव में नहीं पहुंचा। इससे शवस का इंतजार कर रहे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। पुलिस की लेट लतीफी पर ग्रामीणों ने भट्ठे पर हंगामा भी किया।

हादसे के बाद घटनास्थल पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

मिलक थाना क्षेत्र के गांव कल्यानपुर निवासी 55 वर्षीय हरद्वारी लाल अपने परिवार के साथ बरेली जिले के थाना शाही क्षेत्र के म्युडी बुजुर्ग गांव स्थित न्यू साबरी ब्रिक स्टोर ईंट भट्ठे पर चार माह से ईंट पाथने का काम करता था। हरद्वारी की पत्नी कमला ने बताया कि सोमवार की शाम करीब सात बजे मिट्टी के मिक्सर से मिट्टी के ढेर डाले जा रहे थे। नशे में धुत्त ट्रैक्टर चालक सुरेन्द्र मिट्टी के मिक्सर को ट्रैक्टर से लाया। उसने हरद्वारी से मिट्टी उतारने की जगह पूछी। हरद्वारी ने मिट्टी उतारने के लिए इशारा किया। तभी सुरेंद्र ने मिक्सर को तेजी से पीछे की ओर दौड़ा दिया।

दुखद

- पुलिस की लेट-लतीफी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, किया हंगामा
- मृतक की पत्नी बोली नशे में धुत्त था ट्रैक्टर चालक

इस दौरान हरद्वारी मिक्सर मशीन के पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो हया। इस बीच ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

परिजन घायल हरद्वारी को लेकर बरेली के निजी अस्पताल पहुंचे। मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हरद्वारी के परिवार में पत्नी के अलावा चार पुत्री व तीन पुत्र हैं। मंगलवार की सुबह पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा शव को थाने ले गई। इसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा।

12 घंटे खुले आसमान के नीचे पड़ा रहा शव

मृतक के परिजनों ने घटना के तत्काल बाद डायल 112 को सूचना दी, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। पुलिस का इंतजार करने के बाद परिजन घायल हरद्वारी लाल को बरेली ले गए। करीब डेढ़ घंटे बाद डायल 112 पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। भट्ठा मालिक से घटना की जानकारी ली। मौत के बाद परिजन हरद्वारी के शव को रात दस बजे पुन: भट्ठे पर ले आए। रात भर शव रखकर बिलखते रहे लेकिन स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पहुंचने की जहमत नहीं उठाई। मंगलवार सुबह होते ही मृतक के रिश्तेदार व गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने हंगामा करते हुए पोस्टमार्टम की मांग की। हंगामे की खबर सुनकर स्थानीय पुलिस मंगलवार की सुबह आठ बजे भट्ठे पर पहुंची और लोगों को शांत किया। पंचनामा भरने के लिए पुलिस शव को अपने साथ थाने ले गई। सुबह दस बजे परिजनों की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घटना के बाद मिक्सर को मौके से किया गायब

मृतक की पत्नी का कहना है कि घटना के बाद भट्ठा संचालक ने मिट्टी के मिक्सर को घटना स्थल से गायब करा दिया। ट्रैक्टर से हादसा होने की बात बताई। पुलिस को दी तहरीर में भी भट्ठा संचालक ने मिट्टी मिक्सर को नहीं दर्शाने दिया।

पूरे दिन शव पहुंचने का इंतजार करते रहे लोग

हादसे के बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई में रुचि नहीं दिखाई। परिजनों का आरोप है देर रात तक स्थानीय पुलिस के न पहुंचने पर परिजन रात एक बजे थाने पहुंचे। घटना की जानकारी दी। इसके बावजूद पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची। शव पूरी रात भट्ठे पर पड़ा रहा और परिजन बिलखते रहे। यदि पुलिस समय से पहुंच जाती तो पोस्टमार्टम समय हो जाता। अंतिम संस्कार करने के लिए रिश्तेदार व ग्रामीण पूरे दिन शव का इंतजार करते रहे। मंगलवार की शाम सात बजे तक भी शव गांव नहीं पहुंच सका।

मामले को रफा-दफा करने में जुटे भट्ठा संचालक और पुलिस

कमला के अनुसार भट्ठा संचालक और पुलिस मामले को रफा दफा करने में जुट गए। इसके कारण पूरी रात स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर जाने से बचती रही। घटना को दबाने के लिए भट्ठा संचालक ने मृतक की जान की कीमत सवा लाख रुपये लगाई और कानूनी कार्रवाई न करने को कहा। सुबह होते ही हंगामा देख पुलिस को मजबूरन कानूनी कार्रवाई करनी पड़ी।

13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

रामपुर, अमृत विचार : प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल जज (प्रवर वर्ग) अम्बरीश त्रिपाठी ने बताया कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएग। इसमें बैंक वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल आदि का निस्तारण किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादों (जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लम्बित वाद) एवं अन्य सिविल वादों, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद का निस्तारण किया जाएगा। न्यायालयों में लम्बित वादों को चिन्हित कर श्रेणीवार अलग-अलग सूचियां तैयार की जाएं। उभय पक्षों को नोटिस भी तामीला कराई जाए। यदि आवश्यक हो तो नोटिस की तामीला एक से अधिक बार कराई जाए। राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे विवाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई, प्रीलिटीगेशन स्तर पर निपटाया जा सकता है।

हजारा पक्ष ने प्रशासन से मांगी गुरुद्वारे की चाबी

बिलासपुर, अमृत विचार : चर्चित गुरुद्वारा विवाद में अब एक नया मोड़ आने के बाद हजारा सिंह परिवार पक्ष ने प्रशासन से गुरुद्वारे की व्यवस्था व चाबी दिलवाने की मांग की है।

इसी मांग को लेकर इस पक्ष के लोग मंगलवार शाम तहसील पहुंचे। वहां एसडीएम नहीं मिले, तो उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर से मुलाकात की।

काफी देर चली वार्ता के बाद सीओ ने इस पक्ष से कहा कि यह मामला उच्चस्तरीय है, और वह निर्णय नहीं कर सकते, केवल कानून व्यवस्था ही देख सकते हैं। सलाह दी कि किसी निर्णय के लिए इस पक्ष को सीधे डीएम व एसपी से मिलकर उनसे बात करनी चाहिए। मुलाकात के बाद बाहर आए सतेन्द्र सिंह ने कहा कि वह बुधवार को डीएम से मिलने जाएंगे।

महिला से सामूहिक दुष्कर्म में शिक्षक समेत दो पर केस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/केमरी

- कोर्ट के आदेश पर केमरी पुलिस ने की कार्रवाई

अमृत विचार : लिफ्ट देकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में केमरी पुलिस ने शिक्षक सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि 29 सितंबर 2023 को वह अपनी दवा लेने के लिए केमरी गई थी। शाम करीब पांच बजे रामपुर के लिए केमरी बस अड्डे के पास सवारी का इंतजार कर रही थी। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग उसके पास आकर रुक गए। उन्होंने महिला से पूछा कि तुम्हें कहां जाना है। महिला ने बताया कि उसे रामपुर जाना है। बाइक सवारों ने उसे रामपुर छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि दोनों उसे केमरी क्षेत्र में ही सुनसान जंगल में ले गए। वहां तमंचे के बल पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों महिला को छोड़ कर भाग गए। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। तब परिजन उसे केमरी थाने ले गए। उसने एक आरोपी नाम प्रेमपाल थाना डिडौली जनपद अमरोहा बताया। महिला के अनुसार प्रेमपाल खजुरिया न्याय पंचायत पनवड़िया स्थित कंपोजिट स्कूल में शिक्षक है। पीड़िता ने दूसरे आरोपी का नाम मिलक निवासी नेत्रपाल बताया। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सरकारी शिक्षक सहित दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शादी में आए युवक से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रामपुर/केमरी, अमृत विचार : डीजे पर डांस को लेकर कुछ लोगों ने शादी में आए युवक को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव धनेली उतरी निवासी दुष्यत कुमार का कहना है कि सोमवार को वह अपने मौसरे भाई राहुल की बरात में गया था। वहां मौजूद ग्राम जगदीशपुर निवासी महीपाल और अन्य लोगों से डीजे पर डांस को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद इन लोगों ने गाली-गलौज की। विरोध पर धारदार हथियार से सिर पर हमला करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिपाल, राहुल, सत्यवीर व रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भूमि विवाद में महिला के पैर में लगी गोली

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव चक खरदिया में भूमि पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में एक महिला के पैर में गोली लग गई। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की ओर से आरोपियों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि जांच में जो भी पक्ष दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र के ग्राम चक खरदिया निवासी नसीम जहां पत्नी महबूब की गांव में कृषि भूमि है। खेत में यूकेलिप्टस की बगिया लगी है। पड़ोसी काश्तकारों से भूमि के कब्जे को लेकर उसका विवाद चल रहा है। एक सप्ताह पहले उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व निरीक्षक और हलका लेखपाल द्वारा भूमि की पैमाइश भी की गई थी। महिला का आरोप है कि मंगलवार को शाम पांच बजे के करीब जब वह खेत की सिंचाई कर रही थी। तभी पड़ोसी काश्तकार हथियारों से लैस होकर खेत पर आए और यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटने की तैयारी करने लगे।

पैर में लगी गोली दिखाती महिला।

आरोपी आते ही गालियां देते हुए नसीम जहां को घर जाने को कहने लगे। वह घर नहीं गई और खेत में ही बैठ गई। तब चारों आरोपियों ने महिला के बाल पकड़कर मारपीट की। एक आरोपी ने तमंचा निकालकर महिला के पैर में गोली मार दी। दूसरे आरोपी ने भी एक गोली मार दी। इससे महिला घायल होकर जमीन पर गिर गई। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। परिजन महिला को घायल अवस्था में थाने ले गए। वहां से महिला को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। पीड़ित की ओर से चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है।

- घटना को संदिग्ध मान कर चल रही है पुलिस

ग्राम चक खरदिया में पड़ोसी काश्तकारों के बीच भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को दोपहर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। एक पक्ष दोपहर में थाने आया था। शाम पांच बजे दूसरे पक्ष की महिला पैर में गोली मारने की तहरीर लेकर थाने आ गई। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। यदि जांच में गोली लगने का मामला झूठा पाया जाता है तो मिथ्या एवं फर्जी सूचना देने के आरोप में वादिनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-प्रिंस शर्मा, प्रभारी निरीक्षक, टांडा

रास्ते के विवाद में दो भाइयों के बीच संघर्ष, चार घायल

संवाददाता, बिलासपुर

- तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच में जुटी पुलिस
- दोनों भाइयों में पहले भी कई बार हो चुकी है कहासुनी

अमृत विचार : खजुरिया थाना क्षेत्र के बलखेड़ा गांव में दो भाइयों के बीच रंजिश के चलते मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बलखेड़ा निवासी प्रीतम प्रसाद का अपने सगे भाई प्रेमदास से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर दोनों परिवारों में कई बार कहासुनी हो चुकी है। सोमवार की रात दोनों भाइयों में एक बार फिर विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसी बीच प्रेमदास का पुत्र अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान एक पक्ष के प्रीतम प्रसाद, उसकी पत्नी हरप्यारी और पुत्र जयपाल व राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक ने एक घायल की हालत नाजुक बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि घायलों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर प्रेमदास, उसके पुत्र वीरपाल और पत्नी गंगादेई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

चोरी की दो घटनाओं का किया खुलासा

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चारों बदमाशों ने परौता पंचायत घर में चोरी की थी। इन्हीं चारों ने ही मिलक तुरखेड़ा में किसान के ट्यूबवेल से ट्रैक्टर-ट्राली भी चुराई थी। पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है।

पुलिस ने क्षेत्र के गांव मोहलिया खनुपुरा निवासी अखिलेश, जनपद बरेली के थाना मीरगंज के गांव मशियाबाद निवासी अनिल कुमार, संतोष कुमार और मनोहर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन चारों ने ही कुछ दिन पूर्व परौता गांव के पंचायत घर में हुई चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा इन चारों ने ही मिलक तुरखेड़ा में किसान के ट्यूबवेल से ट्रैक्टर-ट्राली चुराई थी।

शाहबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- चोरी के सामान समेत चार बदमाश गिरफ्तार

कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि मंगलवार को चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह, दरोगा दिलीप कुमार, बलराम सिंह, आनंद वीर सिंह, हरिओम सिंह, मोक्षेन्द्र सिंह, निपेन्द्र सिंह एवं कौशिन्द्र सिंह शामिल रहे।

आरोपियों से यह सामान किया गया बरामद

पुलिस ने बदमाशों के पास से ट्रैक्टर-ट्राली, बैटरी, दो चाकू, एक मोबाइल एवं 2620 रुपए बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जयाप्रदा के दो मामलों में कोर्ट में पेश हुए गवाह

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व सांसद जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े मामलों में मंगलवार को दो गवाह कोर्ट में पेश हुए। अब इस मामले में 21 मई को सुनवाई होगी। दोनों मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है।

पूर्व सांसद जयाप्रदा 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ी थीं। उन पर आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में स्वार और केमरी थाने में मुकदमे दर्ज कराए गए थे। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को दोनों मामलों में एक-एक गवाह कोर्ट पहुंचा। इसके बाद सुनवाई हुई। अब इन मामलों में 21 मई की तारीख नियत की गई है। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अब 21 मई को सुनवाई होगी।

आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में गवाह ने दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सपा नेता आजम खां के आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में गवाह ने बयान दर्ज कराए। आजम खां वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए। अब इस मामले में 31 मई को सुनवाई होगी।

सपा नेता आजम खां ने 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने जिले भर में जनसभाएं की थी। शाहबाद में भी उन्होंने जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इस मामले में शाहबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी, जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को गवाह ने बयान दर्ज कराए। आजम खां वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए।अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अब इस मामले में 31 मई को सुनवाई होगी।

डूंगरपुर के एक मामले में हुई सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर में बने मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में वहां के लोगों ने कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें सपा नेता आजम खां, रिटायर्ड सीओ आलेहसन खां सहित काफी लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इन मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को एक मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसके अलावा दूसरे मामले में भी सुनवाई नहीं हो सकी। अब दोनों मामलों में 31 मई की तारीख लगा दी है।

सुविधा कुपोषित बच्चों को केंद्र में 14 दिन तक किया जाता है भर्ती

पोषण पुनर्वास केंद्र में बढ़ाई गई बेड की संख्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला अस्पताल की पहली मंजिल पर बने पोषण पुनर्वास केंद्र में बेड की संख्या बढ़ा दी गई है। केंद्र प्रभारी के अनुसार एक बेड वन स्टॉप सेंटर से मंगाया गया है। इसके बाद बेड की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। यहां कुपोषित बच्चों को 14 दिन के लिए भर्ती किया जाता है। इसके अलावा मीनू के अनुसार माता-पिता को खाना भी दिया जाता है।

कुपोषित बच्चों को बचाने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाओं का संचालन किया जाता है। जिला अस्पताल में 2015 में पोषण पुनर्वास केंद्र की शुरूआत की गई थी। इसमें 10 बेड, रसोई घर, आरओ समेत तमाम व्यवस्थाएं हैं। इन दिनों केंद्र फुल है। केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण भी करते हैं।

सप्ताह भर पहले ही सीएमओ डा. एसपी सिंह ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया था कि मीनू के अनुसार खाना दिया जाए। बच्चों को भर्ती में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्हें भर्ती करने के लिए अगले दिन का समय न दिया जाए। इसके लिए बेड की संख्या बढ़ाई जाए। केंद्र प्रभारी ने बताया कि केंद्र में बेड की संख्या बढ़ा दी गई है। अब केंद्र में 11 बेड हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों का वजन किया जाता है। इसमें कुपोषित और स्वस्थ बच्चों को पता चलता है। केंद्र में आठ वर्ष में 941 बच्चे ठीक हो चुके हैं।

पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की देखभाल करतीं माताएं। ● अमृत विचार

पोषण पुनर्वास केंद्र में पांच साल तक के कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। चिकित्सक के अनुसार बच्चों को उपचार दिया जाता है। केंद्र में बेड की संख्या बढ़ाकर 11 कर दी गई है।

-डा. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक

पोषण केंद्र में मिलने वाली सुविधाएं

- पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को निशुल्क भर्ती किया जाता है।
- खाने की व्यवस्था चिकित्सक की सलाह के अनुसार की जाती है।
- बच्चों के साथ मां को भी खाना दिया जाता हैं।
- भर्ती के दौरान बच्चे की मां को 50 रुपये प्रतिदिन भत्ता मिलता है।
- बच्चे को चार बार अस्पताल लाने पर मां को 100 रुपये दैनिक भत्ता मिलता है।

निरीक्षण में गायब मिले डाक्टर व स्टॉफ नर्स

शाहबाद, अमृत विचार : मंगलवार देर रात औचक निरीक्षण के लिए सीएचसी पहुंचे सीएमओ को चिकित्साधीक्षक आरके चंदेल और एसबीएनयू में तैनात स्टाफ नर्स रीनू अनुपस्थित मिली। सीएमओ के दौरे से सीएचसी में हड़कंप मच गया।

सीएमओ एसपी सिंह ने बताया कि उन्हें लगातार सीएचसी में चल रही अव्यवस्थाओं की शिकायत मिल रही थी। इसकी सत्यता जांचने वह करीब आठ बजे सीएचसी पहुंचे। इमरजेंसी में कोई चिकित्सक तैनात नहीं था। इनडोर में कस्बे के कानून गोयान निवासी ऊषा भर्ती थीं। मरीज को देखने वाला कोई चिकित्सक मौके पर नहीं था। इसके बाद वह दोबारा इमरजेंसी पहुंचे। यहां कई चीजें खराब स्थिति में पाई गई। उन्हें तुरंत ठीक कराया गया। गैर हाजिर मिले चिकित्साधीक्षक और स्टाफ नर्स को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

लापता वृद्धा को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : देर रात हाईवे किनारे भटक रही बुजुर्ग महिला के प्रति पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए परिजनों का पता करके रात में ही उसे परिजनों को सौंप दिया। करीब दो माह से लापता बुजुर्ग महिला के मिलने पर परिजन खुशी से झूम उठे। उन्होंने पुलिस का आभार जताया।

सोमवार की रात करीब दस बजे थानाध्यक्ष फोर्स के साथ हाईवे गश्त कर रही थीं। तभी कोयला टोल प्लाजा के पास बुजुर्ग महिला को परेशान हालत में देख थानाध्यक्ष उनके पास पहंची और वृद्धा से पूछताछ की। मगर वह कोई जानकारी नहीं दे सकीं। इसके बाद पुलिस महिला को थाने ले आई। कुछ देर बाद दोबारा पूछताछ की तो महिला ने अपना नाम जुबैदा निवासी ग्राम मिश्रीनगर थाना अजीमनगर बताया। पुलिस ने रात में ही महिला के पते की तस्दीक कराई। सूचना मिलते ही मिश्रीनगर निवासी अमन, नवेद व शावेज भोट थाने पहुंच गए। उन्होंने वृद्धा की पहचान अपनी दादी के रूप में की। महिला ने भी अपने पोतों को पहचान लिया। पुलिस ने बुजुर्ग महिला को उनके पोतों के सुपुर्द कर दिया।

थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि थाने पहुंचे बुजुर्ग महिला के पोतों ने बताया कि उनकी दादी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

रमजान के दौरान वह लापता हो गईं थीं। तभी से परिजन उन्हें तलाश रहे थे। बुजुर्ग महिला के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस का आभार जताया। जाते-जाते बुजुर्ग महिला ने भी पुलिस को आशीर्वाद दिया।

बुजुर्ग महिला के साथ थाने में खड़े परिजन। ● अमृत विचार

- बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए संवेदनशीलता पर परिजनों ने जताया आभार

एक नजर

बिजली के खंभे लगने से सड़कें हो रहीं तंग

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बिजली निगम के एक्सईएन से कहा कि निगम की ओर शहर में बिजली के पोल लगाए जा रहे हैं उससे सड़कें तंग हो रही हैं। इससे व्यापारियों की दुकानों का दिखाव भी नहीं हो रहा है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में व्यापारी एकत्र होकर एक्सईएन कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समस्याएं रखीं। इसके बाद उन्होंने एक ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि व्यापारियों की दुकानों के मीटर जो खराब हो गए है इन्हें बदलवाने के लिए एप्लीकेशन दी जा चुकी है अभी तक मीटर नहीं लग पाए हैं। कहा कि बिजली के बिलों को बढ़ाकर भेजा रहा है। कहा कि विद्युत कटौती से व्यापारी बहुत परेशान है बिजली की आंख मिचौली से शहरवासियों का बुरा हाल है। ज्ञापन देने वालों में शाहिद शमसी, शुऐब मोहम्मद खान, मोहम्मद हारिस शमसी, जगन्नाथ चावला, प्रदीप खंडेलवाल, हरीश अरोड़ा, शाकेब अहमद, इमरान सलीम, बिलाल शमसी, उजैर अहमद, फैसल हबीब, राम गुप्ता, मुकेश आर्य, अनिल अरोड़ा, तौसीफ खान, मोहसिन खान, वाजिद अली, चंद्र प्रकाश रस्तौगी, इरफान आदि शामिल रहे।

साहस के लिए जाने जाते हैं परशुराम : सोहनलाल

ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा सम्पूर्ण ने माया देवी धर्मशाला में मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा सम्पूर्ण के प्रांतीय अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। भक्तों ने भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

ज्वालानगर स्थित माया देवी धर्मशाला में मंगलवार को ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा सम्पूर्ण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम अपनी शक्ति, वीरता, साहस, वीरता और भक्ति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने उनके जीवन से प्रेरणा लेने पर जोर दिया। युवाओं से पर्यावरण संरक्षण और आसपास के वातावरण को हरा-भरा रखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि युवा भारत का भविष्य हैं। देश का विकास उनके कंधों पर निर्भर है। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। शास्त्रों में वर्णित आठ अमर पात्रों में से एक हैं। कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को नई दिशा प्रदान करेंगे। इसके बाद यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें आहुतियां देकर कामनाएं पूर्ण करने के लिए प्रार्थना की गई। पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने हवन कराया। राष्ट्रीय धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वैदिक मंत्रों से विश्व कल्याण के लिए यज्ञ अनुष्ठान किया। महासभा के अनेकों विप्रों को साथ लेकर ब्रह्म, वेद, ध्वनि शंखनाद किया। वैदिक मंत्रों से विश्व शांति के लिए पाठ किया गया। संचालन सुमन कौशिक ने किया।

माया देवी धर्मशाला में आयोजित हवन में आहुति देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

लोगों को भोजन वितरित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

सीताराम शर्मा, चंद्रशेखर, रामौतार शर्मा, विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा, रामबाबू शर्मा, सुमन कौशिक, जेपी दीक्षित, रामजीमल शर्मा, आनंद कुमार शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा, डॉ. वंदना शर्मा, रामौतार शर्मा, संदीप कौशिक, योगेश कुमार शर्मा, राम अवतार शर्मा, सोमपाल शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, सरिता देवी, कमला देवी, हरि शंकर शर्मा, सौरभ कुमार शर्मा, प्रीति देवी, राकेश शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, हरि किशोर शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, सोनू शर्मा, राजकुमार शर्मा, रामकुमार शर्मा, रोशन लाल शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, अतुल कुमार मिश्रा, इत्यादि।

गरीबों को भोजन और बर्तन बांटे

रामपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि हम सभी लगातार मानव सेवा के लिए आगे आते रहे हैं और लोगों की निरंतर सेवा करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी शर्बत वितरण किया और राजमा-चावल का आनंद लिया। महासभा ने शाहबाद गेट स्थित मलिन बस्ती में जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से राजमा-चावल एवं शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को प्लास्टिक की कटोरी एवं प्लेट बांटी। संस्था ने करीब 500 लोगों को राजमा-चावल एवं शरबत का वितरण किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल, जिलाध्यक्ष पारुल अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, राधा गुप्ता, कुशल गुप्ता, गौरव अग्रवाल, देवेश गुप्ता, प्रभात अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, दीपक बंसल, अमन गर्ग, अनूप गुप्ता, रिचा गुप्ता, सरिता विश्नोई, रिमझिम गुप्ता, कोमल मित्तल आदि उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा। ● अमृत विचार

अपनी खोई हुई ताकत हासिल करे तुरैहा समाज : कमल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : तुरैहा-मछुआ समाज की बैठक में जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि तुरैहा समाज अपनी खोई हुई ताकत हासिल करें। इसके लिए समाज को एकजुट होना होगा।

सैदनगर के गांव कुम्हरिया में तुरैहा-मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने सियासी ताकत हासिल करने के लिए मछुआ समाज को एक मंच पर आने का आह्वान किया। कहा कि आरक्षण समाज की अंतिम मंजिल नहीं है। मतभेद और गुटबाजी को भूलकर भाईचारा बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि समाज 1950 से अनुसूचित जाति में दर्ज है। इस समाज से कोई आईपीएस या पीसीएस अधिकारी नहीं बना है। समाज के उत्थान और विकास के लिए युवाओं को आगे आना होगा। जिलाध्यक्ष ने सैदनगर ब्लॉक का अध्यक्ष शिव कुमार को नियुक्त किया।

इस अवसर पर अमर सिंह, प्यारे लाल, छोटे लाल, सोहन लाल, दिलीप कुमार, नंदराम, शिवकुमार प्रमोद कुमार ,राजीव कुमार, राम प्रसाद, डालचंद्र, मोहनलाल, विजेंद्र सिंह, चंदन लाल, केसरी लाल, रवि कुमार, राहुल सिंह, मोहित कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में पांच घंटे ठप रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : 11 हजार केवीए की लाइन के जर्जर तार बदलने की वजह से मंगलवार को सिविल लाइंस व बरेली रोड की बिजली पांच घंटे ठप रही। भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने से 2400 उपभोक्ता प्रभावित हुए। बिजली पूर्वाह्न 11 से शाम चार बजे तक ठप रही।

शहर में एक साल से बिजली सुधार कार्य हो रहे हैं। इसमें जर्जर तार, पुराने खंभों को बदलवाने का कार्य कराया जा रहा है। इसी के चलते मंगलवार को सिविल लाइंस बिजलीघर क्षेत्र में पांच घंटे आपूर्ति ठप रही। 20 एमवीए के सिविल लाइंस बिजलीघर आवास विकास, सिविल लाइंस, रेलवे स्टेशन, स्वाती मैंथाल बरेली रोड और भमरौआ समेत छह फीडर हैं। बिजली अधिकारियों के अनुसार दो फीडरों के 11 हजार केवीए लाइन के तार काफी जर्जर हो चुके हैं। इनमें आए दिन खराबी आती रहती है। उपभोक्ताओं को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए दोनों फीडरों के तार बदलवाने का कार्य सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक कराया गया। इससे 2400 उपभोक्ता काफी प्रभावित हुए। एसडीओ प्रथम सचिन रस्तोगी ने बताया कि सिविल लाइंस क्षेत्र 11 हजार लाइन के तार जर्जर होने की वजह से खराबी आती रहती है। जर्जर तारों को सही करने की वजह से शटडाउन लिया गया। शराब फैक्ट्री के पास दो जर्जर खंभे और है। इनको सप्ताह भर बाद सही कराया जाएगा।

बरेली रोड स्थित जर्जर तारों को सही करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

इन क्षेत्रों में रहा संकट

टैक्सी स्टैंड, कृष्णा कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड, मोदी स्कूल, फैजुल्लाह चौराहा, बाबा दीप सिंह नगर में छह घंटे बिजली संकट रहा। उधर अंगूरी बाग क्षेत्र में कार्य मंगलवार को काम कराया जाना था। एसडीओ द्वितीय प्रद्योमन्न सिंह ने बताया कि किन्ही कारणों के चलते कार्य नहीं कराया जा सका। अंगूरी बाग क्षेत्र में 1100 उपभोक्ता है। काम कराने से सूचना दी जाएगी।

> सिविल लाइंस व बरेली रोड की 11 हजार केवीए लाइन के जर्जर तारों को सही कराने के लिए पूर्वाह्न 11 से शाम चार बजे तक शटडाउन लिया गया था। दोनों क्षेत्रों की आपूर्ति पांच घंटे ठप रही। चार बजे काम पूरा होने पर आपूर्ति सुचारु करा दी गई।
>
> **-इमरान खां, एक्सईएन प्रथम**

आंबेडकर पार्क में प्रदेश अध्यक्ष को गुलदस्ता देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संगठन की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष प्रबल प्रताप ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए। दलित, शोषित, पीड़ित समाज पर हो रहे अत्याचारों से मुकाबला करें। इसके लिए एकजुटता की जरुरत है।

भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष का आंबेडकर पार्क में आगमन पर जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों को जन-जन पहुंचाकर बहुजन समाज को जागरुक करें। इस अवसर पर राजेश खन्ना, प्रिया गौतम, राजीव आंबेडकर, हरिओम रवि, सतपाल सिंह बादल, अशोक बाबू, शांति शरण, आदित्य, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

बिलासपुर, अमृत विचार : सर्व संस्कृति स्कूल की प्रधानाचार्य डा. टीना सिंह ने बताया कि रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान है। रक्तदान करके पुण्य कार्य के भागीदार बनें। इससे एक नहीं, बल्कि कई जीवन बचाए जा सकते हैं। यह महादान तब होता है, जब एक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करता है।

हाईवे स्थित सर्व संस्कृति स्कूल में लगे शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। विद्यालय परिसर में नारायण अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डा. शमीम अहमद, इंचार्ज राजन सिंह, गुरुनानक चैरीटेवल सोसायटी के सदस्य नरेंद्र सिंह धारीवाल ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए जागरूक किया। इस मौके पर दलजीत सिंह, मनदीप सिंह, तलविंदर सिंह, मलकीत सिंह ने सहयोग किया। व्यवस्था में शिलेस सागर आदि शामिल रहे।

इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान में लगी आग, सात लाख की क्षति

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: मंगलवार शाम को कोतवाली क्षेत्र में स्थित इलेक्ट्रानिक की दुकान में आग लग गई। जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। आग बुझने तक लगभग सात लाख रुपये का सामान राख हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के सराय पुख्ता निवासी अरशद खां की घर से कुछ दूरी पर इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान है। मंगलवार की रात वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। कुछ देर के बाद शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने अरशद खान को इसकी सूचना दी। इस बीच किसी ने मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। कुछ ही देर में अग्निशमन कर्मी वाहन लेकर मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू लिया। लेकिन जब करीब सात लाख रुपये का माल राख हो चुका था।

विकास कार्यों का निरीक्षण करते नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान। ● अमृत विचार

टीम ने श्मशान घाट की जगह का किया निरीक्षण

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने नगर पंचायत की टीम को साथ लेकर रामगंगा नदी के घाट पर बनने वाले श्मशान घाट की जगह चिन्हित कर निरीक्षण किया।

नगर में होने वाले विकास कार्यों के अलावा छितौनी के जर्जर मार्ग का निरीक्षण भी किया। इस मार्ग की जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ जेई सूरजभान, एम फेलो अनुज कुमार, नगर पंचायत के बाबू वीर सिंह, सभासद अरविंद जोशी, गुडडू, छोटे, शाजेब मियां, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

फर्जी अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर की जाए कार्रवाई

रामपुर, अमृत विचार : मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने डीएम को एक पत्र दिया।

इसमें उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते जिले में फर्जी अस्पताल और अल्ट्रासाउंड संचालित हैं। सोमवार को चीनी मिल रोड स्थित मोदी ग्लोबल अस्पताल स्टॉफ की लापरवाही के कारण एक महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा है।

उन्होंने मांग की कि ऐसे फर्जी अस्पताल व अल्ट्रासांउड को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। पत्र देने वालों में मजहर अली खां, महफूज अली, शमीम अहमद आदि शामिल रहे।

खरीफ की फसलों के बीज पर दिया जाएगा 50 से 75 प्रतिशत तक अनुदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बीज खरीदते समय किसानों को मात्र कृषक अंश ही देना होगा
- जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक बीज एवं कीटनाशी रसायनों की व्यवस्था

अमृत विचार : जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि खरीफ-2024 में फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी रसायनों की व्यवस्था कर ली गई है। कृषि विभाग की ओर से खरीफ के मौसम में उगाई जाने वाली फसलों के बीजों पर 50 से 75 प्रतिशत तक का अनुदान अनुमन्य है।

इस समय खेत खाली हैं। इसलिए ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई कर खेतों में हरी खाद के लिए ढेंचा की बुवाई कर लें। ढेंचा की हरी खाद लगभग 40 दिन में तैयार हो जाती है। 40 दिन बाद ढेंचा की फसल को जोतकर मिट्टी में मिलाने से खरीफ फसलों की उत्पादकता में 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। ढेंचा की हरी खाद के बाद खरीफ फसलों की बुआई करने पर प्रति हेक्टेयर 15 से 20 किग्रा नाइट्रोजन की कम आवश्यकता पड़ती है। खरीफ फसलों में खरपतवारों की समस्या भी लगभग शून्य हो जाती है। हरी खाद से भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि के साथ-साथ मृदा की भौतिक, रसायनिक एवं जैविक संरचना में भी सुधार होता है।

ढेंचा की फसल की बुवाई के लिए जनपद के समस्त विकास खंडा पर स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर ढेंचा का बीज उपलब्ध करा दिया गया है। कृषक अपना अंश देकर बीज क्रय कर सकते हैं। खरीफ फसलों के लिए जनपद में धान की प्रजाति पीआर-126, पीबी-1692, उड़द, मूंग, ज्वार, तिल, रागी, बाजरा आदि के बीजों की व्यवस्था भी एक-दो दिन में करा दी जाएगी।

कृषक राजकीय कृषि बीज भंडारों से 50 से 75 प्रतिशत अनुदान पर खरीफ फसलों के बीजों का क्रय कर सकते हैं। इस बार कृषकों को बीज क्रय करते समय मात्र कृषक अंश ही देना है। अनुदान कृषकों को बीज क्रय करते समय ही अनुमन्य करा दिया जाएगा।

अव्यवस्था पीएचसी में तैनात हैं मात्र पांच स्वास्थ्य कर्मी, जुड़े हैं आसपास के 36 गांव

दो लाख लोगों की नब्ज देखने वाले अस्पताल में दवाओं का टोटा

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्र की दो लाख आबादी के बीच बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्साकर्मियों की कमी से जूझ रहा है। सुविधाओं के अभाव में रोगियों को बाजपुर या काशीपुर के अस्पताल में इलाज कराना पड़ता है। नगर के आसपास के 36 गांव भी इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े हैं। कस्बे में सरकारी इलाज की मुकम्मल व्यवस्था नहीं है। इलाज के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधाओं का टोटा है।

मसवासी पीएचसी से जुड़े 36 गांवों के लोग बीमार होने पर यहां इलाज कराने आते हैं। मगर यहां सिर्फ एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट और बलगम चेक करने के लिए एक फार्मासिस्ट है। पूरे अस्पताल में मात्र पांच स्वास्थ्यकर्मी हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिन निकलते ही रोगियों की भीड़ लगने लगती है। यहां सुविधाएं न मिलने पर तमाम रोगी उत्तराखंड के बाजपुर और काशीपुर में इलाज कराने को विवश हैं। आज तक इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं बनाया गया है। चार बेड के इस अस्पताल में एक्सरे मशीन भी नहीं है। अल्ट्रासाउंड की भी कोई व्यवस्था नहीं है। सिर्फ पेशाब-बलगम की जांच की जाती है। यह जांच भी टीबी जांचने के लिए की जाती है।

इस अस्पताल के उच्चीकरण के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई पहल नहीं की है। इसके चलते क्षेत्र की जनता बाहरी अस्पतालों में इलाज कराने को विवश है।

महत्वपूर्ण दवाएं भी अस्पताल में नहीं हैं। फ्रिज की व्यवस्था भी नहीं है। चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डा. अच्छन खान ने बताया कि इस मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन स्टॉफ की बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता मसवासी का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र। ● अमृत विचार

बिना स्टॉफ नर्स के चल रहा अस्पताल

अस्पताल में स्टाफ नर्स की भी व्यवस्था नहीं है। पूर्व पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने बताया कि उन्होंने अस्पताल को उच्चीकृत कराने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। लेकिन मामले को ठंडे बस्ती में डाल दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल का कहना है कि वह अस्पताल का उच्चीकरण कराने के लिए पहल करेंगे।

> अस्पताल के विस्तार के लिए व्यापार मंडल के साथ ही दुकानदारों ने भी काफी प्रयास किया है। जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपकर मांग की जा चुकी है।
>
> **- विनोद पाल, समाजसेवी**

> अस्पताल में सुविधाओं का अभाव है। इलाज के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। चिकित्साकर्मी बेहतर दवा की पर्ची थमा कर मेडिकलों का रास्ता दिखा देते हैं।
>
> **- बृजनंदन सिंह, सभासद**

> अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए व्यापार मंडल ने भी कई चिकित्सा कर्मियों की तैनाती की मांग की। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इसे हमेशा नजर अंदाज किया।
>
> **- कपिल गुप्ता**
> **अध्यक्ष, व्यापार मंडल**

> महत्वपूर्ण दवाओं का टोटा है। गंभीर रोगी का तो यहां इलाज ही नहीं है। सुविधाओं के अभाव में रोगियों को बेहतर उपचार के लिए काशीपुर या बाजपुर ले जाना पड़ता है।
>
> **- अनिल दिवाकर, पूर्व सभासद**

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

भोजपुर के शाने आलम को किया जिला बदर

मुरादाबाद, अमृत विचार : भोजपुर थाने के पीपलसाना लाल मस्जिद निवासी शाने आलम पुत्र मो. यामीन को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने जिला बदर की कार्रवाई करते हुए आगामी 6 महीने के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित कर दिया है। जिलाधिकारी ने आदेश दिया है कि निष्कासन अवधि में शाने आलम जहां भी रहेगा वहां का पता प्रभारी निरीक्षक थाना भोजपुर को देगा।

खाते से 500 रुपये निकालने का आरोप

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र निवासी बानो पत्नी शब्बीर का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा डींगरपुर गुरेर में खाता है। खाताधारक का आरोप है कि नौ मई को उसके खाते से उसकी बिना अनुमति और बिना उसके बैंक जाए उसके बैंक खाते से फर्जी तरीके से 500 रुपये किसी ने निकाल लिए। महिला के खाते में 1025 में सिर्फ 525 रुपये बचे हुए हैं। जानकारी करने पता चला कि उसके खाते से 500 रुपये नौ मई को निकाले गए है। जबकि महिला नौ मई को बैंक नहीं गई थी। वहीं, खाते से रुपये निकलने का मैसेज उसके फोन पर आया था। खाते से रुपये निकलने से परेशान महिला ने पुलिस से शिकायत कर मामले की जांच की बात कही है।

गर्भवती से मारपीट गर्भपात, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना मझोला के गांव उत्तमपुर बहलोलपुर की मिलक निवासी रवि कुमार की पत्नी चांदनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह चार माह की गर्भवती थी। इसी बीच 11 मई को मोहल्ले के विपिन व अंकुर से उसके पति की कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद दोनों आरोपी उसके घर में घुस आए। महिला का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसके पेट में लात मार दी। जिससे महिला की हालत बिगड़ गई और थोड़ी देर बाद उसका चार माह का गर्भ गिर गया। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी विपिन व अंकुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चाकू संग आरोपी गिरफ्तार

डिलारी, अमृत विचार : पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गांव तुमरिया कलां निवासी नदीम एक चाकू लेकर गांव जलालपुर के पास घूम रहा था। तभी गश्त कर रही पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू बरामद किया।

मानसी बनी नरगिस, प्रेमी से की शादी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

प्रेम विवाह

- परिजनों के कहने पर भी उनके साथ नहीं गई युवती
- पुलिस ने युवती के बयान दर्ज किए और कोर्ट में पेश किया

अमृत विचार: प्यार के खातिर एक युवती ने अपना नाम और धर्म बदल लिया और नरगिस से मानसी बन गई। युवती बीती 11 मई को गांव से लापता हुई थी। मंगलवार को युवती मांग में सिंदूर भरकर अपने प्रेमी के साथ छजलैट थाने पहुंची। प्रेमी जोड़े के साथ वकील भी था। युवती ने बताया कि उसने अपनी मर्जी से मानसी बनकर हिंदू रीति-रिवाज से पप्पू से शादी की है। युवती ने पुलिस ने सुरक्षा की गुहार लगाई है।

थाना छजलैट के गांव पचोकरा निवासी नरगिस का लगभग दो साल से गांव के ही हिंदू समाज के पप्पू से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्यार परवान चढ़ा तो 11 मई की सुबह नरगिस अपने प्रेमी पप्पू के साथ घर से फरार हो गई। नरगिस की मां ने पप्पू पर बहला फुसला कर अगवा करने का आरोप लगाते हुए छजलैट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला दो अलग-अलग समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव था।

पुलिस का दबाव बढ़ा तो मंगलवार सुबह नरगिस अपने प्रेमी पप्पू और अधिवक्ता के साथ थाने पहुंच गई। उसकी मांग में सिंदूर पड़ा था। नरगिस ने पुलिस को बताया कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से पप्पू के साथ हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली है। इसके साक्ष्य के रूप में फोटो और वीडियो भी दिखाई। उसने यह भी कहा कि अपनी मर्जी से हिंदू धर्म स्वीकार कर शादी की है। युवती के आने की सूचना पर उसके परिजन भी थाने पर पहुंच गए। वह लोग युवती से मिन्नतें करके उसे अपने साथ चलने के लिए कहते रहे, लेकिन वह परिवार के साथ जाने को तैयार नहीं हुई।

बाद में पुलिस ने युवती का बयान दर्ज कर और कोर्ट में पेश किया, जहां से वह प्रेमी से पति बने पप्पू के साथ उसके घर चली गई। थानाध्यक्ष छजलैट अर्जुन त्यागी ने बताया कि युवती मंगलवार को वह अधिवक्ता के साथ थाने आई और अपने बालिग होने का प्रमाणपत्र दिखाते हुए मर्जी से शादी करने की बात कही है। युवती का कोर्ट में बयान कराया गया, जहां उसने प्रेमी के साथ जाने की इच्छा जताई है।

जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में एक बेड पर भर्ती दो मरीज, बुखार के मरीज भी बढ़े

गर्मी में बढ़ने लगी डायरिया के मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बढ़ती गर्मी में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। वहीं ज्यादातर बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा बुखार के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। जिसके चलते निजी व सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन डायरिया के ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं।

गर्मी के मौसम में बुखार व डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने गली है। सरकारी अस्पताल व निजी चिकित्सकों के यहां भी मरीजों की भीड़ दिखाई दे रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में लगभग 100 मरीज भर्ती हुए, जिसमें सबसे ज्यादा संख्या डायरिया के मरीजों की रही। जिसमें बच्चों की संख्या ज्यादा रही। बच्चों की ज्यादा संख्या होने पर बच्चा वार्ड में बेड कम पड़ने लगे हैं। जिसके कारण एक बेड पर दो बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिना चिकित्सक की सलाह के किसी भी दवा का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि गर्मी में धूप से आने पर एकदम ठंडा पानी नहीं पीएं। रात को सोते समय मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें।

यदि बुखार है तो तुरंत खून की जांच करा कर चिकित्सक से दवा लें। छोटे-छोटे बच्चों को दुकान की खाद्य वस्तुओं से दूर रखें। दिन में कम से कम दो बार नींबू पानी, नारियल पानी का सेवन करें। इसके अलावा घर से बाहर निकलते समय धूप में खुद को पूरी तरह ढककर निकले। लगातार पानी पीते रहे। इसके साथ ओआरएस का भी इस्तेमाल करते रहे।

जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में एक बेड पर भर्ती दो बच्चे। ● अमृत विचार

पांच दिन भीषण गर्मी झेलने के लिए रहें तैयार, राहत के नहीं दिख रहे आसार

लू से बचने का करें उपाय, मंगलवार को अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : भीषण गर्मी झेलने के लिए अभी और तैयार रहना होगा। इस पूरे सप्ताह हर दिन तापमान बढ़ेगा। शनिवार को तापमान अधिकतम 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अब दिन में लू के थपेड़ों को भी सहना पड़ेगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। लोग धूप और गर्मी से बचने का उपाय करते रहे। शीतल पेय की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ रही।

इन दिनों भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। दिन में कड़ी धूप और गर्म हवा से लोग झुलस रहे हैं तो रात में उमस भरी गर्मी बेहाल कर रही है। ऊपर से बिजली गुल होने से लोगों की नींद खराब हो रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे राहत मिलने की अभी कोई उम्मीद नहीं है। इस सप्ताह अभी और प्रचंड गर्मी झेलने के लिए तैयार रहना होगा। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एग्रोमेट्रोलाजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि मंगलवार को 40 डिग्री तापमान मुरादाबाद में रहा। अभी पांच दिन कोई राहत नहीं मिलेगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच सकता है। लोगों को दोपहर में धूप और लू से बचने का उपाय करके ही घर से निकलना चाहिए। 40 डिग्री से अधिक तापमान होने पर हवा गर्म होकर लू का रूप ले लेती है। उन्होंने बताया कि अभी मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा। इसलिए लोग सावधानी बरतें।

गर्मी में दोपहर के समय यूं निकली महिलाएं। ● अमृत विचार

यह करें उपाय

☞ठंडी जगह पर रहें। ☞हल्के रंग व ढीले कपड़े पहनें। ☞दोपहर में धूप में बाहर निकलने पर सिर को ढक कर रखें। ☞तरल पदार्थ का सेवन अधिक करें। ☞अधिक तेल मसाला, तली-भुनी चीजों से परहेज करें। ☞धूप व तेज हवा जैसे लू से बचें।

गर्मी से रहें सावधान, स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त इंतजाम

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी और लू से बचने की अपील लोगों से की गई है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण का कहना है कि लू से बचने के लिए अस्पतालों में उपाय किए गए हैं। जिला अस्पताल के अलावा सीएचसी, पीएचसी पर कोल्ड रूम स्थापित किए गए हैं। इसमें एसी-कूलर लगे हैं। इलाज के सभी इंतजाम हैं। ओआरएस के पैकेट व अन्य दवाएं भी पर्याप्त हैं।

पीतल के उत्पाद का ऑर्डर देने के बहाने हजारों की ठगी

मुरादाबाद, अमृत विचार: कारोबारी को पीतल के उत्पादों का आर्डर देने के बहाने उससे हजारों की ठगी हो गई।

थाना मझोला क्षेत्र के बैंक कालोनी खुशहालपुर निवासी सतेंद्र शर्मा ने साइबर सेल थाने को दी तहरीर में बताया कि वह पीतल के एक्सपोर्ट आइटम बनाने का काम करता है। बताया कि उसके मोबाइल आदित्य कुमार के नाम से मैसेज आया। जिसने कहा कि उसे 500 पीस पीतल आइटम चाहिए। आदित्य ने सैंपल पास कराने के लिए उसे 23 वाहिनी पीएसी के बाहर बुलाया। जिस पर पीड़ित सतेंद्र शर्मा वहां पहुंचा। आरोपी ने खुद को आर्मी का अधिकारी बताया और कहा कि अंदर आने के लिए पास बनवाना पड़ेगा। आरोपी के कहने पर सतेंद्र ने आधार भेज दिया। आदित्य कुमार ने कहा कि 3999 रुपये ट्रांजेक्शन करने होंगे, तभी पास बनेगा। आरोपी के कहने पर सतेंद्र ने 3999 रुपये उस नंबर पर डाल दिए। बाद में कहा कि 30 हजार और डालने होंगे। तब सतेंद्र शर्मा को ठगी का एहसास हो गया। उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने कहा चार हजार और डाल दो। जिसके बाद पैसे वापस आ जाएंगे। पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल थाना पुलिस ने आरोपी आदित्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला के उत्पीड़न व धमकी देने में सीनियर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कार्रवाई

- पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर दर्ज की रिपोर्ट
- आरोपी ने महिला को कई बार मीटिंग के बहाने घर भी बुलाया

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने इंश्योरेंस कंपनी में अपने सीनियर पर बुरी नियत रखने, उत्पीड़न करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी तहरीर में इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करने वाली महिला ने बताया कि कंपनी में उसका सीनियर राजेश भारद्वाज पिछले काफी समय से उस पर बुरी नियत रखता है। इतना ही नहीं कई बार आरोपी ने महिला को मीटिंग के बहाने से अपने घर पर भी बुलाया, लेकिन महिला ने मना कर दिया। महिला का आरोप है कि उसका सीनियर उसे देखकर इशारे करता है। कुछ समय पहले आरोपी ने महिला को मीटिंग के बहाने रीजनल ऑफिस बुलाया। जब महिला वहां पहुंची तो ऑफिस बंद था। जिसके बाद आरोपी राजेश भारद्वाज महिला को रेस्ट्रोरेंट में ले गया। जहां आरोपी ने महिला के साथ अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौच करके जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने महिला से कहा कि अगर मेरी बात नहीं मानोगी तो मैं तुम नौकरी नहीं कर सकोगी।

महिला का आरोप है कि दो मार्च को बरेली के होटल में कंपनी की मीटिंग थी। जहां राजेश भारद्वाज ने महिला को अकेले देखकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि राजेश भारद्वाज उसके खिलाफ साजिश रच रहा है। जिससे वह डरी हुई है। महिला का कहना है कि अगर उसके साथ कोई घटना होती है तो उसका जिम्मेदार राजेश होगा। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गागन नदी के रकबे की पैमाइश करती एमडीए की टीम। ● अमृत विचार

एमडीए टीम ने की गागन नदी के रकबे की पैमाइश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों एमडीए ने गागन नदी पर हुए अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। जिसके तहत मंगलवार को एमडीए की टीम द्वारा गागन नदी के रकबे की पैमाइश की गई। इसके अलावा तहसील प्रशासन का स्टाफ भी शामिल रहा।

तहसील से आई टीम की निगरानी में एमडीए की टीम द्वारा गागन नदी के दोनों तरफ फीता डालकर भूमि को नापा। प्राधिकरण के चीफ इंजीनियर पंकज पांडे ने बताया कि गागन नदी की भूमि पर अतिक्रमण के शिकायत मिल रही थी। इसलिए अवैध निर्माण वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेश कुमार का कहना है कि हम मुरादाबाद के सुनियोजित विकास पर काम कर रहे हैं। जिसमें जनता से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। हम यही चाहते हैं कि हमारा यह शहर खूबसूरत शहर बने। इसके लिए प्रयास जारी हैं। सभी से अपील भी की जा रही है कि मानचित्र को आवश्यक पास करा ले। अन्यथा जो लोग मानचित्र की अनदेखी करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दहेज उत्पीड़न में पति समेत सात पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना पुलिस ने पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार निवासी डॉ. शिवानी सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 15 जनवरी 2023 को शादी देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र के मधु विहार निगम रोड निवासी गजेंद्र से हुई थी। शिवानी का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही उसका पति गजेंद्र कुमार, सास करतारी देवी, पति का भाई सुधीर, राजीव ननद नरेश व मंजू, मंजू का पति सुनील महावीर उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इस बीच उसने पति गजेंद्र के एकाउंट में 30 हजार रुपये डाले। शिवानी को पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और बच्चा भी है। लेकिन उसने पहली पत्नी को बिना तलाक दिए घर से निकाल दिया है और धोखा देकर शिवानी से शादी कर ली। पुलिस ने शिवानी की तहरीर पर पति व परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला कौर खिलाया, मां के हाथों ने...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति द्वारा मासिक काव्य-गोष्ठी का आयोजन लाइनपार स्थित गुरु जंभेश्वर विश्नोई धर्मशाला में किया गया। राम सिंह निःशंक द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से काव्य गोष्ठी का आरंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र पाल सिंह विश्नोई ने की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि रघुराज सिंह निश्चल एवं विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह मंचासीन पर रहे। संचालन अशोक विद्रोही द्वारा किया गया।

मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में सर्वप्रथम आरपी त्रिपाठी ने मां पर केंद्रित रचना सुनाकर यथार्थ का शानदार चित्रण आंखों के समक्ष खींच दिया। कवि प्रशांत मिश्र ने सुनाया, जिंदगी एक शाम बन जाती है, जो सवेरा होने के इंतजार में ढलती जाती है। दुष्यंत बाबा ने सुनाया, मां ममता की कोष है, पुत्र गुणों से हीन। क्षमा दया सद्भावना, चाहे हम सब दीन।

समिति की ओर से आयोजित काव्य गोष्ठी में मौजूद कवि। ● अमृत विचार

- राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति की काव्य गोष्ठी मां को रही समर्पित

अशोक विद्रोही ने अपनी प्रस्तुति कुछ इन शब्दों में दी-मैं कबीरा सूर तुलसी और मीरा की हूं बाणी, ओज दिनकर की धड़कता दिल मेरा हिंदुस्तानी। नकुल त्यागी ने मां को समर्पित रचना में मां की मूरत दिखाई -करुणा और ममता की मूरत, पीकर भंग सी रहती मां, सच मानो तो बच्चों के हित, बच्चों के संग जीती मां। बाल साहित्यकार डॉ. राकेश चक्र ने अपना गीत-मां धरती की चुनर धानी, मां ही सुख की छाया रे। वीरेन्द्र ब्रजवासी ने अपनी रचना- मुझको पहला कौर खिलाया, मां के हाथों ने, झूला बनकर खूब झुलाया, मां के हाथों ने। सुना कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर रघुराज सिंह निश्चल, ओंकार सिंह ओंकार, राम सिंह निशंक, रमेशचंद्र गुप्त, महेंद्र पाल गुप्ता आदि ने भी अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति की। इस दौरान योगाचार्य राकेश व पुलक त्यागी मौजूद रहे। योगेंद्र पाल सिंह विश्नोई ने आभार व्यक्त किया।

नकदी व जेवर के साथ किशोरी लापता, रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: 16 वर्षीय किशोरी घर से 17 हजार रुपये की नकदी और जेवरात लेकर लापता हो गई। किशोरी के पिता ने युवक पर बेटी को फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र के लाकड़ी फाजलपुर चौकी क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 11 मई की शाम घर से अचानक लापता हो गई। परिचितों और रिश्तेदारों के यहां तलाश किया, लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। जिसके बाद पिता थाने पहुंचा और आरोप लगाया कि दीपक नाम का युवक उनकी बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। जाते समय किशोरी घर में रखी 17 हजार रुपये की नकदी और सोने के जेवर भी अपने साथ ले गई है। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

परेशानी ट्रेनों के बे पटरी संचालन से गर्मी में यात्रियों का हुआ बुरा हाल, रेल यात्री रद करा रहे टिकट

गरीबरथ 13 व 11 घंटे देरी से पहुंची हिमगिरी एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गर्मी के मौसम में ट्रेनों का संचालन बेपटरी होने से यात्रियों का हाल बेहाल है। यात्रियों को सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। ट्रेनों के बिगड़े संचालन की वजह किसान का आंदोलन बताया जा रहा है। मंगलवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई।

पंजाब के अंबाला मंडल के शंभू स्टेशन पर एक महीने से किसान आंदोलन चल रहा है। आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों के संचालन मार्ग को बदल रखा है। जिसके बाद से ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बिगड़ा हुआ चल रहा है। ट्रेनों का मार्ग बदलने से दैनिक व स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गई हैं। मुरादाबाद में आने वाली 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी के दौरान यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट भी रद्द करा रहे हैं। जिससे रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान भी हो रहा है। मंगलवार को गर्मी के बीच रेलवे स्टेशन पर घंटों तक यात्री ट्रेनों का इंतजार करते देखे गए।

रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

ट्रेन संख्या	नाम	कितनी देरी से पहुंची
12238	बेगमपुरा एक्सप्रेस	सात घंटे 57 मिनट
13308	गंगा सतलुज एक्सप्रेस	चार घंटे 36 मिनट
04651	अमृतसर क्लोन एक्सप्रेस	दो घंटे 39 मिनट
22446	कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक	सात घंटे 30 मिनट
12318	अकाल तख्त एक्सप्रेस	पांच घंटे 40 मिनट
12203	अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस	13 घंटे 37 मिनट
12332	हिमगिरी एक्सप्रेस	11 घंटे 47 मिनट

हुबली-योगनगरी ट्रेन के बढ़ाए गए फेरे

मुरादाबाद, अमृत विचार : गर्मी के मौसम ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे लगातार समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। रेलवे ने हुबली-योगनगरी (06225-26) समर स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए हैं। हुबली से चलने वाली स्पेशल ट्रेन 27 मई तक चलाई जानी थी। लेकिन अब यह ट्रेन तीन से 10 जून तक संचालित की जाएगी। इसी तरह योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली स्पेशल ट्रेन 30 मई तक प्रस्तावित थी। अब इसके फेरे बढ़ाकर इसे छह से 13 जून तक चलाया जाएगा।

लालकुंआ पैसेंजर रहेगी रद, बदले मार्ग से चलेगी काठगोदाम शताब्दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दिक्कत

- मुरादाबाद-बरेली के बीच सात घंटे बंद रहेगा रेल संचालन
- रामपुर रेलवे स्टेशन से हटेगा फुट ओवर ब्रिज

अमृत विचार: रेलवे ने रामपुर स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज हटाने के लिए गुरुवार को पौने सात घंटे का मेगा ब्लॉक लिया है। जिसके चलते मुरादाबाद-बरेली सेक्शन के बीच गुरुवार को रेल संचालन सात घंटे प्रभावित रहेगा। सुबह सात बजे से काम शुरू किया जाएगा। जिसके चलते मुरादाबाद-लालकुंआ पैसेंजर रद्द रहेगी। जबकि नई दिल्ली से काठगोदाम शताब्दी का रूट बदलेगा।

मुरादाबाद रेल मंडल में रेलवे स्टेशनों का ढांचागत सुधार हो रहा है। जिसके चलते रामपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म एक और दो को जोड़ने वाला पुराना पुल हटाया जाएगा। पुल हटाने के लिए रेलवे ने मेगा ब्लॉक लिया है। यह काम 16 मई (गुरुवार) को होगा। इसके चलते सुबह सात बजे से पुराने एफओबी को हटाने के चलते रेल संचालन में बदलाव हुआ है। जिसके चलते लालकुंआ से मुरादाबाद के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन-05331 का संचालन रद्द रहेगा। इसके अलावा पांच ट्रेनों के समय संचालन में फेरबदल किया गया है। जिसमें जम्मूतवी-कोलकाता (13152) सियालदह एक्सप्रेस 15 मई को जम्मू से चार घंटे की देरी से चलेगी। इसी तरह गुवाहाटी जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन (15652) को भी जम्मू से चार घंटे की देरी से रवाना होगी। डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस (15910) ट्रेन को भी चार घंटे से रवाना होगी। काठगोदाम-दिल्ली संपर्क क्रांति (15036) ट्रेन ढाई घंटे और रामनगर पैसेंजर (25036) भी रामनगर से ढाई घंटे की देरी से चलेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रामपुर में एफओबी को हटाने के चलते रेल संचालन में बदलाव किया गया है। नई दिल्ली-काठगोदाम शताब्दी-(12040) का रूट बदला गया है। ट्रेन रामपुर की बजाय कटघर से काशीपुर होकर लालकुंआ से जाएगी।

एक नजर

मंडी समिति में निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

डीएम ने किया स्ट्रांग रूम व कंट्रोल रूम का निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद ईवीएम व वीवीपैट रखी गई हैं। 4 जून को मतगणना कराई जाएगी। मंगलवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मंडी समिति में स्ट्रांग रूम/सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। कहा कि ईवीएम की सुरक्षा में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कांठ रोड पर 24 घंटे धूल से परेशान हो रहे लोग, निर्माणाधीन पुलियों के निकले सरियों व गड्ढों से बचाव को नहीं लगाए संकेतक

जिम्मेदारों की अनदेखी, धूल पर छिड़काव, हादसे से बचाव के नहीं इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : इन दिनों कांठ रोड का चौड़ीकरण हो रहा है, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी से राहगीरों और दुकानदारों को हर रोज मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ धूल के गुबार से लोग परेशान हैं, तो दूसरी तरफ राह में निर्माणाधीन पुलिया के निकले नुकीले सरिया और गड्ढे जान को खतरा बने हुए हैं। धूल रोकने को पानी का छिड़काव तक नहीं हो रहा है, जबकि नियमानुसार दिन में कम से कम तीन बार छिड़काव जरूरी है। खतरे वाले स्थानों पर बचाव के लिए संकेतांक और रेडियम टेपिंग भी लगाई जानी जरूरी है। लेकिन कार्यदायी संस्था को अधिकारी खुली मनमानी की छूट दिए हुए हैं।

कांठ रोड पर हरथला में 500 मीटर सड़क के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। यहां दोनों तरफ नाले का निर्माण किए जाने के साथ ही बिजली के पोल भी शिफ्ट किए जाने हैं। करीब 41 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य में सड़क निर्माण लोक निर्माण विभाग को कराना है। लेकिन नगर निगम नाला निर्माण पूरा नहीं करा सका है। वहीं बिजली विभाग पोल भी शिफ्ट नहीं हो सका है। इसी वजह से सड़क निर्माण अटका हुआ है। सड़क नहीं बनने से हर रोज हजारों राहगीर और स्थानीय दुकानदार धूल से परेशान हैं। निर्माण कार्य में लापरवाही लोगों की जान पर आफत बन रही है। सीवर लाइन डाले जाने से सड़क पूरी तरह टूटी है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यदायी संस्था पर ढिलाई बरतने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नगर निगम की ओर से भी कार्यदायी संस्था को कोई ऐसा नोटिस जारी नहीं किया गया है ताकि धूल से बचाव के लिए छिड़काव किया जा सके या फिर खतरनाक स्थानों पर संकेतांक लगाए जा सकें।

सड़क निर्माण के दौरान आशियाना कालोनी में काम कर रही महिलाएं व उड़ती धूल।

मधुबनी पार्क के पास निर्माणाधीन पुलिया के बाहर निकले सरिये। ● अमृत विचार

> सड़क तीन महीने पहले बनाई जानी थी, लेकिन नगर निगम के नाले का कार्य पूरा नहीं हो सका है। बिजली निगम पोल भी शिफ्ट नहीं कर पाया है। 10-15 दिन में कार्य शुरू होने की उम्मीद है। सड़क पर धूल से बचने को छिड़काव नगर निगम की जिम्मेदारी है।
>
> **-नावेद खान,** अधिशासी अभियंता लोनिवि

> कांठ रोड पर नगर निगम की ओर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है, मुझे पता नहीं है। किसी सरकारी निर्माण के दौरान धूल उड़ने पर छिड़काव कराने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यदायी संस्था की होती है। इस संबंध में प्रशासन के अधिकारियों से बात करेंगे।
>
> **-आशुतोष चौहान,** क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

मुश्किल पैदा कर रहा वायु गुणवत्ता सूचकांक

कांठ रोड	1282
विवेकानंद अस्पताल	1284
टीपी नगर	803
बुद्धि विहार	845
काशीराम नगर	796
ईको हर्बल पार्क	767

गोशाला में हरा चारा और पानी के प्रबंध में न हो लापरवाही

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने भीषण गर्मी को देखते हुए जिले की सभी गोशाला के नोडल अधिकारियों से कहा है कि वह सुनिश्चित कराएं कि भीषण गर्मी में चारा पानी के प्रबंध में कोई कमी न रहे। जिलाधिकारी ने गोवंश के लिए भूसा दान करने की भी अपील गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों से की है। ग्राम प्रधानों को इसमें स्वयं सहयोग करने और जनसहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। उन्होंने समाजसेवियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लेने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि गोवंश से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी है। 4 महीने में 16 नये बृहद अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण कराकर गोवंश का बेहतर तरीके से संरक्षण किया जा रहा है।

कार्डधारकों को वितरित किया निशुल्क राशन

मुरादाबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित दर विक्रेता की दुकान से राशनकार्ड धारकों को मई का निशुल्क राशन वितरित किया गया। कोटेदारों को जिलापूर्ति अधिकारी ने राशन वितरण में पारदर्शिता रखने का निर्देश दिया है।

जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि मई का निशुल्क राशन वितरण 14 मई से लेकर 29 मई तक होगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलो चावल (कुल 35 किलो) प्रति कार्ड के हिसाब से वितरित किया जा रहा है।

जबकि पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को संबद्ध यूनिटों पर 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल कुल 5 किलोग्राम अनाज दिया जा रहा है।

कोटेदारों को निर्देश दिया है कि ई पॉश पर अंगूठा लगवाने के बाद ही राशन का वितरण करें। मशीन से निकलने वाली पर्ची पर गेहूं व चावल का मूल्य स्पष्ट रूप से शून्य दर्शित होना चाहिए। इसमें लापरवाही नहीं चलेगी। राशन निशुल्क है। दुकानें सुबह 6 बजे से लेकर रात 9 बजे तक खुली रहेंगी।

अब वीवीआईपी कॉलोनी में भी ओवरलोडिंग से होने लगे फाल्ट, रातभर गुल रही बिजली

पीएसी से लेकर आदर्श नगर कालोनी में तारों में आग लगने से घंटों ठप रही आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विद्युत विभाग ओवरलोडिंग के मामले में विफल हो चुका है। फाल्ट होने की स्थिति में ओवरलोडिंग और बिजली चोरी वाले चिह्नित मोहल्लों का राग अब बदल गया है। अब वीवीआईपी क्षेत्र में भी ओवरलोडिंग से फाल्ट होने की बात सामने आ रही है। सोमवार की रात गांधी आश्रम के नजदीक लगे खंभे पर तारों में रात 12 बजे आग लग गई। जिससे पीएसी से लेकर आदर्श नगर कालोनी तक 1500 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह 7 बजे तक बाधित रही। वहीं डीआईजी कार्यालय मार्ग पर बसी वीवीआईपी कालोनी में ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिससे उस कालोनी में रहने वाले 150 परिवारों को रात भर बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा।

सोमवार की रात 12 बजे गांधी आश्रम के सामने कांठ रोड पर तारों में आग लग गई। वहां से गुजर रहे बाइक सवार और पैदल लोग काफी दूर सड़क के दोनों ओर जहां थे, वहीं रुक गए। कुछ लोगों ने तारों में लग रही आग की वीडियो भी बनाई और वायरल की। वीडियो इतनी तेजी से वायरल हुई कि 20 से 25 मिनट में पीटीसी उपकेंद्र के एसडीओ श्रीकांत वर्मा पर पहुंच गए। जिसके तुरंत बाद आपूर्ति बंद कराई गई। जिससे सुबह 7 बजे तक गांधी आश्रम से पीएसी और आदर्श कालोनी के 1500 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित रही। हालांकि एसडीओ व जेई रात भर बिजली आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास करते रहे।

वहीं डीआईजी कार्यालय मार्ग पर बसी वीवीआईपी कॉलोनी में रात एक बजे ट्रांसफार्मर में ओवरलोडिंग से आग लग गई। वीवीआईपी कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने रात को ही एसडीओ को फोन करके तलब कर लिया। मौके पर एसडीओ ने बताया कि कॉलोनी में ओवरलोडिंग इस कदर थी कि तार पिघलने से चिंगारी निकली और ट्रांसफार्मर के पास बिखरे पत्तों में आग लग गई। जिससे ट्रांसफार्मर की लीडों में भी आग लग गई। इस क्रम में सुबह तक लोगों को बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।

कांठ रोड स्थित हरथला में कार्य करते विद्युत कर्मचारी। ● अमृत विचार

● वीवीआईपी कालोनी में ट्रांसफार्मर में हुआ फाल्ट

> महानगर में लगभग सभी जगह ओवरलोडिंग की समस्या बढ़ती जा रही है। जिससे उपकरणों में फाल्ट होने की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसके लिए लोगों से अपील है कि स्वीकृत भार से अधिक बिजली अपना लोड बढ़वाने से पहले प्रयोग न करें। जिससे फाल्ट होने पर बिजली कटौती जैसी समस्या पैदा न हो।
>
> **-मनीष चोपड़ा,** अधीक्षण अभियंता नगरीय

पेंशनरों को कैशलेस इलाज की मिले सुविधा

मुरादाबाद, अमृत विचार: विद्युत निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महानगर के निजी अस्पतालों में अपने इलाज के लिए उत्तर प्रदेश विद्युत पावर कारपोरेशन के प्रबंधक व अध्यक्ष को विद्युत निगम के पैनल में शामिल करने की मांग पत्र के माध्यम से की गई है। अशोक कुमार गुप्ता सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम ने सभी पेंशनर्स के दुख दर्द को समझते हुए महानगर के निजी अस्पताल को पैनल में शामिल करने का मुद्दा उठाया है।

मंगलवार को एक बैठक परिषद के कार्यालय कोठी न.5, सिविल लाइन में सम्पन्न हुई। जिसमें अशोक कुमार गुप्ता सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी के निशुल्क इलाज के हो सके इसके लिए उन्होंने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने सभी पेंशनर्स का हवाला देते हुए मुरादाबाद, रामपुर व बिजनौर जिले के निजी अस्पताल में पिछले दिनों तक विद्युत विभाग के पैनल होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि यहां पहले इलाज कराने की सुविधा थी। वर्तमान में कोई अस्पताल पैनल पर नहीं है। ऐसे में जनपद में किसी भी हॉस्पिटल का पैनल एवं कैशलेस का न होना एक गंभीर समस्या है।

कथा सुनाते कथा व्यास प्रदीप मिश्र। ● अमृत विचार

परोपकार करने वाले पर होती है ईश्वर की असीम कृपा: मिश्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अमरोहा गेट स्थित मंदिर श्री कृष्ण जी विराजमान साहू श्री परसादी लाल रस्तोगी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के 5वें दिन मंगलवार को कथा व्यास प्रदीप मिश्र ने कहा कि भूखे व्यक्ति को भोजन कराने से धन धान्य बढ़ता है। अन्न दान सर्वश्रेष्ठ होता है। कथा में गोवर्धन पूजा की गई।

कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को तन मन धन से दीन दुखियों की सेवा करनी चाहिए। जो व्यक्ति परहित और परोपकार में अपना जीवन समर्पित करता है उसे प्रभु की असीम कृपा प्राप्त होती है। स्वामी कर्ण पुरी महाराज ने कहा कि प्रभु की भक्ति और संतों का संग मनुष्य को दुष्प्रवृतियों से बचाता है और सद्मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है। मुख्य यजमान राजीव रस्तोगी व सीमा रस्तोगी रहे। बुधवार को रुक्मिणी विवाह की कथा होगी। इस दौरान शुभम रस्तोगी, शाल्वी रस्तोगी, उमेश रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, प्रभात रस्तोगी, डॉ. मनोज रस्तोगी, दिनेश रस्तोगी, कुलदीप रस्तोगी, शिखा रस्तोगी, मालती रस्तोगी, ओमप्रकाश, सुनीता रस्तोगी, राखी रस्तोगी, मधु, निशा, मृदुला, मंजू रस्तोगी, शोभा, सारिका, सुधा, कुलदीप रस्तोगी, विनय रस्तोगी, चंद्रशेखर रस्तोगी, अभिषेक रस्तोगी आदि की उपस्थिति रही।

समाज में बड़ा वर्ग कुपोषण का शिकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग कुपोषण (एनीमिया) का शिकार है। इससे अनेक प्रकार की बीमारियां लोगों को घेर रहीं हैं। जिनके इलाज के लिए उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए कुपोषण से मुक्ति के प्रयास किए जाने चाहिए। उक्त बातें भारत विकास परिषद मैत्री शाखा के महामंत्री पीयूष गुप्ता ने परिषद की ओर से आयोजित एक चिकित्सा शिविर में कही।

मंगलवार को भारत विकास परिषद मैत्री शाखा के तत्वावधान में महानगर के रामगंगा विहार स्थित शांति निकेतन इंटर कॉलेज में एनीमिया व डेंटल जांच कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प में चिकित्सक डॉ. राघव और डॉ. शुभांगी ने विद्यार्थियों का एनीमिया से संबंधित चिकित्सीय परीक्षण किया। परीक्षण के उपरांत विद्यार्थियों को गुड़, चना, जूस, डेंटल किट एवं दवाइयों आदि का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष प्रशांत त्यागी ने विद्यार्थियों को एनीमिया के कारण होने वाली परेशानियों के बारे में बताया। महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि काफी बच्चों में रक्त की कमी हो जाती है। अब देश के नौनिहालों से हमें एनीमिया को पूरी तरह से मिटाना होगा। शिविर के आयोजन में मातृ शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भाविप की मैत्री शाखा की महिला संयोजिका रश्मि अग्रवाल, सदस्या रतिका अग्रवाल, सपना अग्रवाल, नविता भटनागर, रश्मि रस्तोगी आदि उपस्थित रहीं। सेवा प्रभारी-मैत्री निर्मल मेहता, किशोर अग्रवाल, राजेश भारतीय, महेश अग्रवाल ,अश्वनी रस्तोगी, कमल अरोरा, राकेश अग्रवाल ,अजय कट्टा का विशेष योगदान रहा।

भाविप मैत्री द्वारा लगाए कैंप में चेकअप करती चिकित्सक। ● अमृत विचार

निशुल्क प्रशिक्षण को पांच तक करें आवेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं सिविल सर्विसेज (आईएएस/पीसीएस), एनडीए/सीडीएस, आईआईटी, जेईई व नीट के लिए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण व सलाह अभ्युदय योजना के अन्तर्गत दी जा रही है। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में सिविल सर्विसेज एनडीए/सीडीएस, आईआईटी, जेईई व नीट की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि 15 मई से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, आदर्श कॉलोनी निकट सदर तहसील से प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर औपचारिकताएं पूरी कर अंतिम तिथि 5 जून तक शाम 5 बजे तक उनके कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह का पार्टी कार्यालय पर लोकसभा प्रत्याशी रुचि वीरा, अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने पार्टी के सभी साथियों को आभार व्यक्त किया।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव का पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं पूरा करने का प्रयास करूंगा। स्वागत कार्यक्रम में मुरादाबाद लोकसभा प्रत्याशी रुचि वीरा भी शामिल हुई। कार्यक्रम में विजय वीर यादव, संजीव चौधरी, राजेश कुमारी यादव, अब्दुल गनी,अतीकुर्रहमान, वाजिद मलिक, नाग भारती, राकेश राठी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, हारून पाशा,बदुत खां, नाजिम सैफी, हसनैन अख्तर, प्रियंका चौधरी, विजेन्द्र यादव, अमीर अंसारी, मोहम्मद नासिर हुसैन, बृजलाल जाटव, अमरजीत सिंह जाटव, कुलदीप तुरैहा, तुगीश यादव, वेद प्रकाश सैनी, लुकमान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीता रसोई ने भरा जरूरतमंदों का पेट

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर में दो स्थानों पर सीता रसोई द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।पहला भंडारा गांधीनगर में यशिका आदित्य गर्ग की ओर से गांधी नगर में किया गया। वहीं दूसरे भंडारे का आयोजन श्री बालाजी हनुमान जी हठीले मंदिर बारादरी पर किया गया। सीता रसोई के माध्यम से भंडारे का आयोजन सचिन गुप्ता ने किया। दोनों भंडारे एक समय पर ही आरंभ हुए। जिसमें शाम तक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सीता रसोई परिवार के विवेक पांडे, जूही माथुर, शरद माथुर, राजेंद्र प्रसाद, शिवम गुप्ता, सुनील शर्मा, रूपचंद मित्तल, सत्य प्रकाश वार्ष्णेय, सुधांशु कौशिक, धीरज गुप्ता, संजीव शर्मा, सुनील कपूर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सीता रसोई के अध्यक्ष उदय भान सिंह ने सभी का आभार जताया।

कार्रवाई पीलीकोठी से एकता द्वार तक फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों का सामान हटवाया, दी चेतावनी

ताड़ीखाना से गुरहट्टी चौराहे तक अतिक्रमण की हुई वीडियोग्राफी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर निगम की टीम ने मंगलवार को अतिक्रमण हटवाने के अभियान के क्रम में ताड़ीखाना चौराहे से गुरहट्टी चौराहा, गंज बाजार होते हुए अमरोहा गेट तक दुकानों के आगे किए अतिक्रमण को चिह्नित कर वीडियोग्राफी कराई। दुकानदारों व अतिक्रमणकारियों को इसे हटाने की चेतावनी दी। कहा कि दो दिन के बाद निगम प्रशासन कार्रवाई करेगा। वहीं टीम ने पीलीकोठी चौराहे से एकता द्वार तक फुटपाथ पर रेहड़ी पटरी वालों के अतिक्रमण को हटवाया।

संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, उप नगर आयुक्त राजकिशोर, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में टीम ताड़ीखाना चौराहे पर पहुंची। यहां से लेकर अमरोहा गेट तक सार्वजनिक नाला, नाली, फुटपाथ और सड़क पर किए अतिक्रमण को चिह्नित कर उसकी वीडियोग्राफी कराते हुए दुकानदारों और अतिक्रमण करने वालों को इसे दो दिन में स्वयं हटा लेने की चेतावनी दी। कहा कि इसके बाद नगर निगम की ओर से कार्रवाई कर जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी अतिक्रमण करने वालों की होगी। टीम में निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रईस अहमद, जेई किशन लाल, क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक विजय सहित अन्य मौजूद रहे।

वहीं प्रवर्तन दल के प्रभारी के निर्देश पर पीलीकोठी से एकता द्वार तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। फुटपाथ पर रेहड़ी पटरी वालों के द्वारा किए अतिक्रमण को टीम ने हटवाया। इसी क्रम में प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही के नेतृत्व में टीम ने शाह बलाकी जियारत से चक्कर की मिलक होते हुए कांठ रोड तक अभियान चलाया। टीम ने सड़क की दोनों पटरियों पर सामान रखकर कब्जा करने वालों को सामान हटाने के लिए कहा। चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया मिला तो सामान जब्त कर जुर्माना वसूला जाएगा। इसके बाद टीम ने कांठ रोड पर दोनों पटरियों पर फल विक्रेताओं, रेहड़ी पटरी वालों को हटवाया। चेताया कि दोबारा दिखे तो सामान जब्त कर लिया जाएगा।

व्यापारियों से बातचीत करतीं संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा व अन्य अधिकारी।

81 एलईडी लाइटों को ठीक कराया

नगर निगम के पथ प्रकाश अनुभाग की ओर से वार्ड 3, 5, 15, 31, 35, 36, 42, 46, 47, 56, 61 में खराब पड़ी 81 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई और फाल्ट को ठीक कराया।

फागिंग कराई

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के निर्देश पर टीम ने वार्ड 37, 49, 56 में जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से नाले की सफाई कराई। नाले से निकले सिल्ट को हटवाया। वार्ड 22 में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए फागिंग भी कराया।

आयकर पोर्टल अपडेट न होने से बाधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा रामगंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में हुई। इसकी अध्यक्षता अरविंद कुमार सिंघल और संचालन अतुल सक्सेना ने किया। इसमें अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याएं बताईं। आयकर पोर्टल अपडेट न होने के चलते 15 जून के बाद रिटर्न भरने की सलाह दी गई।

इसमें पिछली मीटिंग की रिपोर्ट पढ़ी गई, जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। वर्ष 2024-2025 के चुनाव पर चर्चा के बाद जीएसटी और आयकर से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंघल ने बताया कि जीएसटी में धारा 161 के जो प्रार्थना पत्र लगाए जा रहे हैं वह संबंधित अधिकारी के लॉग इन पर नहीं दिख रहे हैं। जिससे समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। कई अधिवक्ताओं ने बताया कि आयकर रिटर्न भरवाने के लिए करदाता अभी से आ रहे हैं और आयकर रिटर्न भरने के लिए कह रहे हैं। अधिवक्ता विकास गोयल ने बताया कि आयकर रिटर्न अभी न भरे जाएं। आयकर रिटर्न 15 जून के बाद भरें क्योंकि आयकर पोर्टल पर विवरण अभी अपडेट नहीं है। इस दौरान उपदेश चंद्र अग्रवाल, दिनेश चंद्र, राजीव कुमार रस्तोगी, गौरव गुप्ता, राकेश कुमार शर्मा, शाहिद हुसैन, हरिशंकर पाल, दीपक अग्रवाल, प्रवीन रावत, सौरभ कपूर, इलियास अहमद, राहुल सिंह, क्षितिज शर्मा, अजय अग्रवाल, नीरज भटनागर, शावेज मलिक, चंद्रशेखर राजपूत सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

एक नजर

टीमों ने बकायेदारों से वसूले दो करोड़ रुपये

अमरोहा, अमृत विचार : बिजली विभाग की टीमों ने अमरोहा डिवीजन में अभियान चलाकर बकायेदारों से दो करोड़ रुपये वसूल किए हैं। अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि बकयेदारों से वसूली के लिए अभियान एक मई से 30 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान सोमवार तक विद्युत विभाग की टीम ने दो करोड़ रुपये की वसूली की है।

भाकिसं के जिलाध्यक्ष के घेर में मिले पशु अवशेष

हसनपुर, अमृत विचार : सैदनगली क्षेत्र के गांव भदौरा निवासी भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा की पशुशाला में सोमवार सुबह मृत पशु के अवशेष मिले। इस पर कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। सूचना के बाद ग्राम समिति अध्यक्ष खिलेंद्र सिंह, जिला कार्यालय मंत्री महिपाल सिंह मौके पर पहुंचे। कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जानी चाहिए।

रेलवे स्टेशन पर टूटीं टोटियां पानी के लिए तरस रहे यात्री

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को तरस रहे हैं। गर्मी में भी रेलवे ने टूटी पड़ी टोटियां ठीक नहीं कराईं हैं।

धूप में बैठने, भीड़ के बीच रहने में गला सूखने पर पानी की आवश्यकता महसूस हो रही है। यह आवश्यकता रेलवे स्टेशन पर महसूस होने पर यात्री पानी के लिए भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें पीने का पानी काफी देर से मयस्सर हो रहा है। वजह यह है कि यहां पानी की सुविधा नहीं है। टोटियां गायब हैं, तो स्टेशन पर लगीं टोटियों से पीने का गर्म पानी आ रहा हैं। इनकी यह स्थिति काफी दिनों से है, लेकिन कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। शहर के इस रेलवे स्टेशन को अच्छी आय होती है। गजरौला क्षेत्र के साथ-साथ हसनपुर सहित कई

गजरौला रेलवे स्टेशन पर टूटीं टोटियां।

ग्रामीण इलाकों के लोग भी यहां से ट्रेनों के द्वारा मुरादाबाद व दिल्ली के लिए सफर करते हैं। इसके बाद भी अभी तक टूटी पानी टोटियों को दुरुस्त कराने की जहमत नहीं उठाई गई है। स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना तहत निर्माण कार्य चल रहा है। अधिकांश टोटियां सही हैं, अगर कुछ टोटी टूटी पड़ी हैं तो उसे जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

गुरैठा खादर व मुबारिजपुर तक खोदाई कराने के दिए निर्देश

बगद नदी पुनर्जीवित करने की कवायद तेज

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : जिले की सीमा पर अविरल रूप में बहकर खेतों को सींचने वाली बगद नदी का अस्तित्व धीरे-धीरे सिमटने लगा था। नदी की जगह खेत नजर आने लगे, लेकिन अब प्रशासन की पहल पर इसे पुराने स्वरूप में पुनर्जीवित करने की कवायद तेज हो गई है।

मंगलवार को ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के देहरी खादर से बगद नदी की खोदाई का कार्य शुरू किया गया। 1680 वर्ग मीटर रकब में गुरैठा खादर व मुबारिजपुर तक जिलाधिकारी के आदेश पर अधिकारियों ने मनरेगा के तहत खोदने कराने के राजस्व टीम को निर्देश जारी किए हैं। नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए श्रमदान करने के लिए प्रेरित भी किया। फिलहाल नदी की जमीन पर कब्जे के बाद यह नाले का स्वरूप ले चुकी है।

रहरा में नदी की खोदाई शुरू करते अधिकारी। ● अमृत विचार

डीएम ने एक दिन पूर्व गजरौला क्षेत्र के शकूराबाद खोदाई का कार्य शुरू होने पर हवन में आहुतियां दी थीं। कहा कि नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए राजस्व टीम की ओर से चिह्नांकन कर लिया गया है। कहा कि नदियों को जीवित रखना हम सबका कर्तव्य है। प्रयास रहेगा कि बगद नदी के साथ-साथ सोत एवं बान नदी को भी उसके पुराने स्वरूप में लौटाया जाए। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अरुण कुमार, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार, प्रधान पति कुवंरपाल खड़गवंशी, हल्का लेखपाल सुनील कुमार, कानूगो ओमकार सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

खाद्य विभाग के शिविर में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

शिविर में 50 व्यापारियों के नवीन लाइसेंस बने

हसनपुर, अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों की मांग पर खाद्य विभाग ने नगर में शिविर लगाया। इसमें व्यापारियों के नवीन लाइसेंस बनाए गए और नवीनीकरण किया गया। व्यापारी नेताओं ने अधिकारियों से व्यापारी हित में कार्य करने की अपील की। नगर स्थित रस्तोगी धर्मशाला में मंगलवार सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक शिविर लगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने 50 व्यापारियों के नवीन लाइसेंस एवं पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण किया गया। प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता ने बताया कि नगर के व्यापारियों को नवीन लाइसेंस एवं नवीनीकरण कराने के लिए व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में खाद्य विभाग के सहायक खाद्य आयुक्त विनय अग्रवाल, खाद्य निरीक्षक पीके जयंत एवं खाद्य निरीक्षक महेश कुमार शामिल रहे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, सचिन गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, पंकज भटनागर, अरुण त्यागी, आयुष रस्तोगी, रानू रस्तोगी, अरविंद अन्ना, अर्जुन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ज्योतिबा फुले विचार मंच के कार्यकर्ता।

जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने की मांग

हसनपुर, अमृत विचार : जनपद का नाम अमरोहा से बदलकर ज्योतिबा फुले नगर करने की आवाज बुलंद हुई है। महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जनपद का नाम बदलने की मांग की है। नगर के विकास खंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच के बैनर तले लोग एकत्र हुए। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम भगत सिंह को सौंपा। बताया कि 1997 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने महात्मा ज्योतिबा राव फुले के नाम से जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर रखा था, लेकिन सरकार बदलते ही जनपद का नाम फिर अमरोहा हो गया। ज्ञापन देने वालों में राजपाल सैनी, रामौतार, पियूष सैनी, ताराचंद, हरि सिंह सैनी, सोमेंद्र सिंह सैनी, सावित्री सैनी, फूल सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

वेंक्टेश्वरा विवि के 42 छात्र-छात्राओ को मिली नौकरी

गजरौला, अमृत विचार : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में मंगलवार को एजुकेशन कंसल्टेंसी कंकनी ऐजुकान प्राइवेट लिमिटेड ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 400 से अधिक छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। तीन राउंड के साक्षात्कार के बाद कंपनी ने 42 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयनित किया। संस्थान प्रबंधन ने उन्हें ऑफर लेटर दिए। श्री वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पायल तोमर, निदेशक सौरभ मित्रा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सर्वानन्द साहू, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, आरएस शर्मा, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, अरुण गोस्वामी, डॉ. विवेक सचान, विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

बीमारी से पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रसाद का निधन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : धनौरा विकास खंड के पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रसाद का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। इससे क्षेत्र में शोक का माहौल है। तहसील क्षेत्र के पखरपुर गांव निवासी रामप्रसाद ने मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में मंगलवार को जीवन की अंतिम सांस ली। वह 1988 से 1995 तक ग्राम प्रधान, 1996 से 2001 तक ब्लॉक प्रमुख धनौरा, 2001 से 2005 तक गन्ना समिति के डायरेक्टर तथा धनौरा पश्चिम क्रय विक्रय समिति के सभापति भी रहे। समाजवादी पार्टी में उनकी अच्छी पकड़ थी।

लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दंपती घायल

गजरौला, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी सर्वेंद्र सिंह और तेजपाल के बीच दो हजार रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। सर्वेंद्र ने तेजपाल को रुपये उधार दिए थे। तेजपाल के अनुसार, उसने रुपये लौटा दिए थे। सोमवार देर शाम दोनों में मारपीट हो गई। इसमें सर्वेंद्र और उसकी पत्नी अनीता भी घायल हो गई।

सौतेले भाई की हत्या के दोषी को उम्रकैद

नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव दाउद सराय में 2017 में हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : न्यायालय ने सौतेले भाई की हत्या करने के आठ साल पूराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव दाउद सराय का है। यहां किसान बेगनाथ का परिवार रहता है। बताया गया कि बेगनाथ ने पहली पत्नी की मौत के बाद मोहम्मदी सराय निवासी कमलेश से दूसरी शादी की थी। उसकी पहली पत्नी से तीन बेटे थे। जबकि कमलेश के भी पहले से ही तीन बच्चे थे। कमलेश का बेटा शेर सिंह कभी कभी दाउद सराय आता जाता था। लेकिन वह अपनी मां कमलेश की दूसरी शादी होने और बेगनाथ की पहली पत्नी के तीनों बेटे रूपचंद, गुड्डू उर्फ विकास और वेद प्रकाश से रंजिश रखता था। 18 फरवरी 2017 को शेर सिंह बेगनाथ के घर आया था। यहां वह अपने दो

सौतेले भाई गुड्डू उर्फ विकास और वेद प्रकाश के साथ घर में सोया था। जबकि किसान अपनी पत्नी कमलेश के साथ अपने भाई शयोनाथ के घर पर थे। अगले दिन सुबह बेगनाथ अपने घर पहुंचे तो उनका बेटा गुड्डू और वेद प्रकाश लापता मिले। तलाश करने पर गुड्डू गांव के ही निवासी राहुल के गन्ने के खेत में बेहोश हालत में पड़ा मिला। उसकी गर्दन काटी गई थी। लेकिन सांसें चल रही थीं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जबकि वेद प्रकाश का शव दो दिन बाद 20 फरवरी 2017 को जंगल में बरामद हुआ था।

मामले में मृतक वेद प्रकाश के चाचा नरेश ने शेर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। इस मामले की सुनवाई जिला जज जफीर अहमद की अदालत में हुई। मंगलवार को भी न्यायालय में मामले की सुनवाई हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता महावीर सिंह ने जोरदार पैरवी की। साक्ष्य व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी शेर सिंह को दोषी ठहराया। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

निर्णय

- कोर्ट ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

व्यापारी और बेटी की हत्या के आरोपी पर लगी गैंगस्टर

अमरोहा, अमृत विचार : नगर में पिता और बहन की गला काटकर हत्या करने के आरोपी भाई, उसकी पत्नी व नौकर के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। नगर के मोहल्ला कटरा गुलाम अली निवासी योगेश चंद्र अपनी पुत्री के साथ मकान के ग्राउंड फ्लोर पर रहते थे। वही पहली मंजिल पर उनका इकलौता बेटा इशांक अपनी पत्नी मानसी अग्रवाल के साथ रहता था। बताया गया कि इशांक का दिल्ली में कारोबार था। वह यहां भी आकर रहता था। पिता पुत्र के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच पांच माह पहले रात में योगेश और उनकी बेटी की गला काटकर हत्या कर दी गई। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जांच कर रही पुलिस ने 12 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर दिया था। पुलिस के मुताबिक, इशांक ने पत्नी मानसी और दिल्ली फैक्ट्री में काम करने वाले मूल रूप से बरेली निवासी नौकर अनिल की मदद से संपत्ति विवाद के चलते पिता व बहन की गला काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया था। तीनों आरोपी जेल में है। पुलिस में तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों गैंगस्टर लगा दी गई है।

कार ने साइकिल सवार मजदूरों को रौंदा, एक की मौत, साथी जख्मी

संवाददाता, नौगांवा सादात

अमृत विचार : सड़क पार करते समय कार ने साइकिल सवार मजदूरों को रौंद दिया। हादसे में मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा मजदूर घायल हो गया। परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही शव सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है।

यह हादसा गांव बीलना में नहर पुल के पास हुआ। गांव बीलना में शराफत का परिवार रहता है। परिवार में उनकी पत्नी हाजरा व गोद लिया एक बेटा है। मंगलवार को शराफत व मोहम्मद जाकिर मनरेगा में मजदूरी करने के लिए साइकिल से सवार से जा रहे थे। सड़क पार करते समय ट्रैक्टर से ओवरटेक करते हुए कार चालक ने दोनों साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। इसे दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुकानदारों ने उन्हें उठाया और अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान शराफत (65) को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि मोहम्मद जाकिर की हालत गंभीर बनी हुई है।

सड़क हादसे में घायल व्यापारी ने दम तोड़ा

अमरोहा, अमृत विचार : रजबपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर टेंपो और ट्रक के बीच 10 दिन पहले टक्कर हो गई थी। इस हादसे में टेंपो सवार व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी नोएडा के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि मेरठ जिले के किठौर निवासी सौरभ कुमार 10 दिन पहले टेंपों लेकर अमरोहा आया था। यहां एक कारोबारी से उन्हें समान लेकर जाना था। टेंपो संजीव कुमार चल रहा था। इसी बीच अमरोहा से चित्तौड़ जाते वक्त रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव खाता के पास उनके टेंपो को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में सौरभ और संजीव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। जहां से बाद में परिवार के लोग इलाज करने के लिए हायर सेंटर ले गए।

गंगा में युवक की तलाश जारी

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : बुजुर्ग के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए दो युवक गंगा में डूब गए थे। इनमें से एक युवक को बचा लिया गया था। दूसरे युवक का पता मंगलवार को भी नहीं चला। पुलिस गंगा में खोजबीन में लगी है।

रविवार सुबह नौ बजे आदमपुर क्षेत्र के गांव बुखारीपुर निवासी मुरारी गिरी (80) का बीमारी के चलते निधन हो गया था। इसके बाद उन्हें अंतिम संस्कार के लिए बुलंदशहर जनपद स्थित अनूपशहर मस्तराम गंगा घाट पर ले जाया गया। अंतिम संस्कार के बाद लोग गंगा में स्नान करने लगे। इस दौरान गांव के ही शिवयंत शर्मा व वसीम गंगा में डूब गए। मूलचंद गिरी ने वसीम को तो बचा लिया, लेकिन शिवयंत शर्मा गंगा में समा गया। गोताखोरों, पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने गंगा में तलाश की। मंगलवार को भी तलाश जारी रही, लेकिन पता नहीं चला।

नदी में तलाश करती टीम।

गंगा में डूबा युवक

अमृत विचार, कैसरा : मंगलवार दोपहर गांव जैथल मुस्तकम निवासी सतीश बंदे में नहाने चला गया। इस दौरान सतीश पानी में डूब गया। काफी समय तक तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर गांव वालों ने तहसील प्रशासन को सूचना दी।

शराब खरीदने को लेकर कैंटीन पर हुई मारपीट

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में रहरा बस स्टैंड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के निकट कैंटीन पर शराब खरीदने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। बीच बचाव करने आया पूर्व सभासद का पुत्र घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

नगर के रहरा बस स्टैंड के निकट स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान के पास अवैध रूप से कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। इस पर सोमवार देर रात्रि दो युवकों में शराब खरीदने को लेकर मारपीट हो गई। तभी पूर्व सभासद का पुत्र विजय वहां पहुंचा और दोनों में बीच बचाव करने लगा। इस दौरान उसे पीटकर घायल कर दिया। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आम के हरे पेड़ों को केमिकल से सुखाया

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

अमृत विचार : नगर के चारों ओर अवैध रूप के भूमि के भूखंड किए जा रहे हैं। इसके लिए बागों में आम के हरे पेड़ों में केमिकल डालकर सुखाया जा रहा है। इससे हरियाली और फल की पैदावार पर असर पड़ रहा है। वन क्षेत्राधिकारी ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

जनपद के कस्बा हसनपुर को आम पट्टी के नाम से देश भर में जाना जाता है, क्योंकि कस्बा चारों ओर से आम के बागों से घिरा हुआ है। पिछले कुछ साल से यहां भूमि के धंधेबाज सक्रिय हो गए हैं। वे हरियाली को नष्ट कर रहे हैं। अवैध रूप से भूखंड करने के लिए वे आम के हरे पेड़ों में केमिकल डालकर हरियाली को नष्ट करा रहे हैं। कुछ समय पूर्व भूमि के धंधेबाजों ने अपने राजनीतिक रसूख के चलते हरे पेड़ों की अनुमति लेकर बाग कटवा रहे थे, लेकिन पिछले


कनेटा मार्ग के पास सूखे आम के पेड़। ● अमृत विचार

- हरियाली और फलों की पैदावार पर पड़ रहा असर, शिकायत के बाद भी जिम्मेदार बेखबर

कुछ समय से उच्च अधिकारियों के तेवर सख्त होने पर अनुमति में हो रही असुविधा दूर करने के लिए भूखंड करने वालों ने नया तरीका अपना लिया। अब केमिकल डालकर पहले हरे पेड़ों को सुखाया जाता है और फिर उन्हें फल विहीन दिखाकर विभाग से अनुमति हासिल कर रहे हैं। विहसनपुर में एक एक करके आम के दर्जनों बागों के कटने से हरा भरा चमन मैदानों में तब्दील हो गया है। नगर के हसनपुर गजरौला मार्ग, अमरोहा मार्ग, संभल मार्ग, रहरा मार्ग और कनेटा मार्ग समेत कस्बे में चारों ओर बागों को काटकर अवैध भूखंड का खेल चल रहा है। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आम के बागों को केमिकल से सुखाने की शिकायत नहीं मिली है। अगर ऐसा है तो उद्यान विभाग को पत्र भेजकर जांच के लिए कहा जाएगा।

परेशानी किसानों की खेती में बढ़ रही लागत, कृषि विभाग के अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप

यूरिया के साथ जबरन दे रहे कीटनाशक

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : क्षेत्र में सोसाइटी सहित निजी दुकानों पर दुकानदार यूरिया के साथ कीटनाशक दवा लेने के लिए किसानों को मजबूर कर रहे हैं। इस समय गन्ना, मेंथा व अन्य फसलों के लिए किसानों को यूरिया की जरूरत है। किसानों ने कहा कि निजी दुकानदार यूरिया के स्टाक किए हुए हैं। किसान निजी दुकानों पर यूरिया लेने जाते हैं तो उर्वरक विक्रेता यूरिया के साथ दवा देने के लिए कहते हैं।

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के किसानों ने यूरिया के साथ दवा देने का आरोप लगाया है। सुबह से ही यूरिया के लिए किसान निजी दुकानों पर जमा हो जाते हैं। दुकानदारों ने किसानों को यूरिया के साथ जबरन दवा देने का काम पिछले दिनों से कर रहे हैं। लेकिन कृषि विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गांव रहरा, पौरारा, दौरारा, चंदनपुर खादर, छपना, बरतौरा, गंगेश्वरी, पथरा, बुरावली, गंगवार, दढियाल, मुबारिजपुर, आदमपुर, ढवारसी सहित अन्य गांवों के किसान निजी दुकानों पर पहुंचते हैं तो दुकानदार उन्हें यूरिया के साथ-साथ कीटनाशक दवाएं देते हैं। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि जिले के किसी क्षेत्र में यूरिया की कमी नहीं है। कोई भी उर्वरक दुकानदार किसान को जबरन यूरिया के साथ कीटनाशक दवा नहीं थोप सकता है। मामला संज्ञान में आता है तो कृषि विभाग उर्वरक फुटकर विक्रेता का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उसके विरुद्ध कार्रवाई करेगा।

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में कृषि विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते उर्वरक विक्रेता किसानों पर यूरिया के साथ कीटनाशक दवा थोप रहे हैं। इससे किसानों पर अर्थिक बोझ बढ़ रहा है। खेती में उनकी लागत बढ़ रही है। **फूल सिंह, किसान**

जनपद में गंगेश्वरी ब्लॉक सबसे पिछड़ा है। उसके बावजूद भी उर्वरक विक्रेता अपनी मनमर्जी चला कर किसानों को जबरदस्ती कीटनाशक दवा यूरिया के साथ देते हैं। दवा लेने से मना करने पर उसे यूरिया नहीं देते हैं। **– रमेश चंद त्यागी, किसान**

गंगेश्वरी में कृषि विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। दुकानदार किसानों से मनमर्जी करते हैं। जब किसान यूरिया खरीदने दुकान पर जाते हैं तो दुकानदार जबरदस्ती यूरिया के साथ दवा पकड़ा देते हैं। **ठाकुर महेश सिंह, तहसील अध्यक्ष, भाकियू टिकैत**

यूरिया के साथ कीटनाशक दवा लेने को किसान मजबूर हैं। इस मामले मे विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। लेकिन उर्वरक की दुकानों पर कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। **– डॉ. योगेंद्र कुमार, किसान**

धीमी गति से चल रही गेहूं खरीद, लक्ष्य मुश्किल

अमरोहा, अमृत विचार : जिले में गेहूं खरीद का काम धीमी गति से चल रहा है। गेहूं खरीद का लक्ष्य पांच लाख क्विंटल तय है। लेकिन, अब तक 34 हजार क्लिंटल गेहूं की खरीद की गई है। इससे लक्ष्य पूरा होना मुश्किल है।

जिले में गेहूं की खरीद के लिए 44 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर गेहूं खरीद के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है। 15 जून तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी आरएम सुभाष कुमार ने बताया कि गेहूं खरीद का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। अब तक 44 केंद्रों पर 34 हजार क्लिंटल गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के लिए केंद्र प्रभारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों से गेहूं खरीद के लिए संपर्क किया और उनका शासन से सुविधा दिलाने का आश्वासन दिया। डिप्टी आरएम ने बताया कि 15 जून तक गेहूं को खरीद की जाएगी। लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अनाज मंडी में खरबूजा, तरबूज की आढ़त

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: मंडी समिति प्रशासन की मनमाने से अनाज मंडी में आढ़तों के बाहर अवैध रूप से खरबूजे और तरबूज की आढ़त लगाई जा रही है। इससे अनाज मंडी के व्यापारियों को दिक्कत हो रही है। अनाज व्यापारियों ने ज्ञापन देकर आढतें हटाने की मांग की गई थी। लेकिन मंडी समिति प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

मंडी समिति प्रशासन ने परिसर में सब्जी मंडी और अनाज मंडी के स्थान अलग-अलग तय किए हैं। कुछ सब्जी व्यापारी अवैध रूप से अनाज मंडी की आढ़तों के बाहर खरबूजे एवं तरबूज की आढ़त लगा रहे हैं। लेकिन जब अनाज मंडी के व्यापारी आते हैं तो उन्हें गंदगी मिलती है। इससे उन्हें परेशानी होती है। पूर्व में अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंडी समिति प्रशासन को ज्ञापन देकर इन अवैध आढ़तों का संचालन

मंडी समिति में तरबूज और खरबूजा की लगी आढ़त। ● अमृत विचार

- गंदगी मिलने से व्यापारियों को होती है दिक्कत

बंद करने की मांग की थी। कुछ दिन पूर्व इन अवैध आढ़तों पर लाठी डंडे चले थे और कई लोग घायल हुए थे। इसके बाद भी मंडी समिति प्रशासन गंभीर दिखाई नहीं दे रहा। सूत्रों की मानें तो इन अवैध आढ़तों को लगाने के बदले सब्जी व्यापारी हजारों रुपये मंडी समिति प्रशासन को देते हैं। इसके कारण मंडी समिति का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी इन्हें हटाने की हिम्मत नहीं करता है। अनाज मंडी के व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द इन अवैध आढ़तों का संचालन बंद नहीं किया गया, तो वह उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या को रखेंगे। मंडी समिति के कर्मचारी हरी राज ने बताया कि इन सब दुकानदारों को नोटिस दे दिया गया है। उसके बाद भी ये दुकान हटाने को तैयार नहीं है। उच्च अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई कराई जाएगी।

एक नजर

रजपुरा में शस्त्र के साथ युवक का वायरल हो रहा फोटो। ● अमृत विचार

युवक का शस्त्र के साथ फोटो वायरल

गुन्नौर अमृत विचार : अवैध असलहा रखने और उसके साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रजपुरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में एक युवक शस्त्र लहराता दिखाई दे रहा है। जिससे चर्चा का माहौल बना हुआ है। वहीं कोतवाल अमरपाल सिंह का कहना है कि अभी तक यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

भाभी के मायके वालों पर लगाया मारपीट का आरोप

संभल, अमृत विचार : हयातनगर के मुहल्ला अंबेडकर निवासी सुभाष ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पत्नी रानी से बड़े भाई फूल कुंवर की पत्नी बबली और रोहताश की पत्नी कैला देवी सगे बहनों से रविवार को किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। सोमवार को परिवार में ही युवती की बरात आई थी। शादी में शामिल होने के लिए बबली व कैला देवी के मायके वाले भी आए थे। आरोप है कि रविवार को हुई कहासुनी को लेकर बबली व कैला देवी के मायके वालों ने मारपीट करते हुए सुभाष व उसकी पत्नी रानी को चोटिल कर दिया।

दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी से मारपीट

धनारी, अमृत विचार : मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बहजोई थाना क्षेत्र में सादाताबाड़ी निवासी यशपाल के साथ शादी एक वर्ष पहले हुई थी। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर यशपाल अपनी पत्नी मंजू के साथ आए दिन मारपीट करता है। दहेज लाने से मना करने पर यशपाल ने मारपीट करते हुए छह माह पहले बीमार अवस्था में ही मंजू को घर से निकाल दिया। तभी से मंजू मायके में रह रही है।

बिजली के पोल से दबकर छात्रा की मौत

हाइड्रा ट्रैक्टर में लगी लोहे की जंजीर टूटने से चारपाई पर बैठी बच्ची पर गिरा खंभा

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

अमृत विचार: कैलादेवी थाना क्षेत्र में बिजली लाइन बनाते समय हाइड्रा ट्रैक्टर में लगी लोहे की जंजीर टूटने से बिजली का पोल गिर पड़ा। बिजली के पोल के नीचे दबकर चारपाई पर बैठी कक्षा दो की छात्रा की मौत हो गई। हादसे के बाद कर्मचारी हाइड्रा ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़कर भाग गए।

थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा सोनक निवासी नन्हें की सात वर्षीय पुत्री सलोनी गांव में स्थित प्राइमरी स्कूल में कक्षा दो की छात्रा थी। मंगलवार को सलोनी पढ़ने नहीं गई थी और घर के अंदर चारपाई पर बैठी थी। गांव में कर्मचारी नई बिजली लाइन बनाने के लिए गड्ढा खोदकर हाइड्रा ट्रैक्टर से पोल खड़ा कर रहे थे। अचानक से हाइड्रा ट्रैक्टर में बिजली के पोल को रोकने के लिए लगी लोहे की जंजीर टूट गई। जंजीर टूटी तो बिजली का पोल चारपाई पर बैठी सलोनी के ऊपर गिर गया। जिससे सलोनी गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे के बाद मजदूर हाइड्रा ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़कर भाग गए। आसपास के लोगों की मदद से पोल हटाकर परिजनों ने सलोनी को बाहर निकाला। परिजन आनन फानन में सलोनी को लेकर पास के ही निजी अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सलोनी दो बहनें व एक में दूसरे नंबर की थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि हाइड्रा ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर बच्ची का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बच्ची की मौत के बाद बिलखती उसकी मां। ● अमृत विचार

नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार बैंक प्रबंधक और साथी घायल

मनोटा, अमृत विचार : बदायूं जिले के गांव नेकपुर निवासी शाखा प्रबंधक राजीव कुमार मंगलवार की शाम छह बजे असमोली थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा में स्थित सर्व यूपी ग्रामीण बैंक से काम निपटाकर अपने आवास संभल जा रहे थे। बाइक पर सवार राजीव कुमार के साथ भटपुरा निवासी विनीत कुमार भी था। संभल मनोटा मार्ग पर गांव दबोई कला के पास जंगल से निकलकर सड़क पर अचानक से नीलगाय आ गई। जिससे बाइक नीलगाय से टकराकर सड़क पर गिर गई और राजीव कुमार व विनीत कुमार घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मौके पर पहुंचे पर परिजन राजीव कुमार व विनीत कुमार का उपचार कराने के लिए निजी अस्पताल ले गए।

खराब ब्रेड देने को लेकर मारपीट, महिला घायल

संभल, अमृत विचार: सदर खराब ब्रेड की शिकायत को लेकर दुकानदार व ग्राहक के बीच लात घूंसे चले। जिसमें महिला घायल हो गई। आरोप है कि दुकान स्वामी ने ब्रेड का पैकेट मुंह पर फेंक कर ग्राहक के गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस ने दुकानदार व ग्राहक को हिरासत में ले लिया।

चमन सराय में मंगलवार की सुबह एहतेशाम की आठ वर्षीय पुत्री साजिया नाश्ते के लिए दुकान पर ब्रेड का पैकेट लेने गई थी। आरोप है कि दुकानदार अमरनाथ ने चूहे से कटी पैकेट देकर साजिया को घर भेज दिया। थोड़ी देर बाद साजिया बदलकर दुकान से दूसरा ब्रेड का पाकेट लेकर घर पहुंची। परिजनों का कहना है कि उस पैकेट में ब्रेड से दुर्गंध आ रही थी। वापस दुकान पर पहंची तो साजिया से अमरनाथ ने ब्रेड का पैकेट वापस करने से मना कर दिया। एहतेशाम खुद दुकान पर पहुंचे तो विवाद हो गया। आरोप है कि दुकानदार ने ब्रैड पैकेट एहतेशाम के मुंह पर फेंक दिया। इसके बाद दोनों में लात घूंसे चले।

कुत्तों ने कक्षा 3 के छात्र को नोंचा छोटे भाई ने भागकर बचाई जान

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में बाग में खेलने जा रहे दो बच्चों पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। कक्षा तीन का छात्र कुत्तों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि छोटे भाई ने किसी तरह भागकर जान बचाई। बाग की रखवाली कर रहे व्यक्ति ने छात्र को कुत्तों से बचाया वरना उसकी जान लेकर ही छोड़ते।

सरायतरीन के मुहल्ला होली चौक मंगलपुरा निवासी महमूद का 11 वर्षीय बेटा रजा मोती मस्जिद के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र है।

मंगलवार को रजा छुट्टी होने से पहले ही स्कूल से घर आया और अपने छोटे भाई नौ साल के असद को लेकर एक बजे गांव मोतीनगर जाने वाले रास्ते पर स्थित चांदी वालों के आम के बाग के पास मैदान में पहुंचा। यहां पहुंचते ही कुत्तों के झुंड ने रजा व असद को घेर लिया। जिसमें असद तो भागने में कामयाब हो गया, लेकिन कुत्तों के झुंड ने रजा पर हमला कर दिया। रजा की चीख पुकार को सुनकर बाग की रखवाली कर रहा एक व्यक्ति मौके पर पहुंचा और लाठी डंडा दिखाकर कुत्तों के झुंड से रजा को छुड़ाया, लेकिन तब तक कुत्तों के झुंड ने नोंच-नोंचकर रजा को जख्मी कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में रजा को जिला अस्पताल लेकर आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

जिला अस्पताल में सहमा नजर आया कुत्तों के हमले में घायल बालक।

मानसिक तनाव में जहरीले पदार्थ के सेवन से शिक्षक की मौत

संवाददाता, संभल/चंदौसी

- छह माह से मानसिक रुप से बीमार था निजी स्कूल का शिक्षक
- परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया

अमृत विचार: छह माह से मानसिक रुप से बीमार चंदौसी निवासी निजी स्कूल के शिक्षक की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। मृतक शिक्षक के ससुर ने बताया कि दामाद ने दिमाग की दवा के धोखे में जहरीला पदार्थ निगल लिया था।

चंदौसी के मुहल्ला विकास नगर निवासी निजी स्कूल में शिक्षक परवीन शर्मा 45 वर्ष पिछले छह माह से मानसिक रुप से बीमार चल रहे थे। मंगलवार की सुबह परवीन शर्मा की पत्नी रुचि शर्मा निजी स्कूल में पढ़ाने जबकि परवीन शर्मा का बेटा व बेटी पढ़ने के लिए स्कूल चले गए। सुबह 11 बजे परवीन शर्मा घर से जहरीला पदार्थ खाकर बाहर आया और रास्ते से गुजर रहे ससुर सतीश चंद्र शर्मा से जहरीला पदार्थ खा लेने की बात बताई। जिसके बाद सतीश चंद्र शर्मा बाइक पर बैठाकर परवीन शर्मा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर परवीन शर्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं परवीन शर्मा के ससुर सतीशचंद्र शर्मा ने बताया कि दिमाग की दवा के धोखे में दामाद ने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई थी।

एक साल पूर्व गुम युवक को परिजनों से मिलाया, छलके आंसू

संजीव वार्ष्णेय, बबराला/संभल

- बिहार के मोतिहारी जनपद से गायब हुआ था युवक
- चकबंदी लेखपाल की सूचना पर बिहार से मां और छोटा भाई पहुंचे
- युवक को साथ लेकर लौट गए परिजन

अमृत विचार : मंदबुद्धि युवक एक साल पहले घर से निकला तो बिहार से भटकता हुआ उत्तर प्रदेश आ गया। युवक यहां से वहां भटकता रहा लेकिन किसी ने उसकी व्यथा जानने का प्रयास नहीं किया। जनपद संभल में चकबंदी लेखपाल की नजर युवक पर पड़ी तो उसने न सिर्फ बिहार से भटक कर पहुंचे युवक को आसरा दिया बल्कि उसे परिजनों से भी मिला दिया। युवक एक साल बाद सकुशल मिला तो उसकी वापसी की उम्मीद छोड़ चुकी उसकी मां और छोटे भाई की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। दोनों युवक को लेकर वापस बिहार लौट गए।

बिहार के मोतिहारी जनपद के गांव का रहने वाला मानसिक रूप से अस्वस्थ संतोष एक साल पूर्व घर से चला आया था। संतोष यहां वहां भटकता हुआ बिहार से उत्तर प्रदेश आ गया। शनिवार को चकबंदी लेखपाल नितिन कश्यप विभागीय काम से बहजोई गया था। वापसी में क्षेत्र के गांव उधरनपुर अजमत नगर के पास एक अर्ध विक्षिप्त युवक घूमते हुए देखा। युवक की स्थिति को देखते हुए लेखपाल ने पूछताछ कर उसके घर परिवार से जुड़ी जानकारी जुटाई तो पता चला कि युवक बिहार के मोतिहारी जनपद के गांव रहने वाला संतोष है। लेखपाल ने फोन नंबर पता कर उसके परिवार से संपर्क साधा। संतोष के सकुशल होने की

जानकारी मिलने पर सोमवार को मां सुमारी और छोटा भाई टुनटुन संभल आ गये। दोनों ने जैसे ही संतोष को देखा तो आँखें भर आईं। भाई टुनटुन ने बताया कि करीब एक साल पहले बिहार के मोतिहारी से उसका मानसिक रूप से कमजोर भाई संतोष अचानक से गुम हो गया था। उसे ढूंढने के काफी प्रयास किए। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली थी। शनिवार को जब लेखपाल नितिन कश्यप ने फोन कर जानकारी दी तो घरवालों को पूरा यकीन हो गया। जिसके बाद मां सुमारी और भाई टुनटुन संतोष को लेकर वापस चले गए।

बहरहाल, गुन्नौर में चकबंदी लेखपाल नितिन कश्यप के प्रयास से करीब बारह सौ किलोमीर दूर से गुम होकर पहुंचा अर्धविक्षिप्त युवक संतोष अपने बिछड़े हुए परिवार से मिल सका। परिजनों की आखों में खुशी के आंसू थे।

गुन्नौर में युवक व उसके परिजनों के साथ सेल्फी लेता चकबंदी लेखपाल नितिन कश्यप।

स्कूल वैन चालक के साथ बाइक सवारों ने की मारपीट

संभल/सिरसी, अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में स्कूल वैन चालक के साथ बाइक सवारों ने सरेराह मारपीट की। सरेराह मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला शर्की निवासी चालक फिरोज हैदर मंगलवार को हर रोज की तरह संभल से निजी स्कूल की वेन में बैठाकर सुबह साढ़े ग्यारह बजे छात्रों को छोड़ने जा रहा था। संभल मुरादाबाद मार्ग पर गांव आबाद वाली के पास बाइक लहराने का विरोध करने पर बाइक सवारों ने गाली गलौज करते हुए फिरोज हैदर के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे वैन में सवार छात्रों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग इकठ्ठा हुए तो बाइक सवार धमकी देते हुए भाग गए। जिसके बाद फिरोज हैदर ने तहरीर देकर पुलिस से बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

मेडिकल संचालक ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में घरेलू कलह के चलते परिषदीय स्कूल के शिक्षक के मेडिकल संचालक बेटे ने फंदे से लटककर जान दे दी। मेडिकल संचालक की बहन मौजूदा प्रधान भी है। मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

थाना क्षेत्र के गांव मड़िकावली निवासी मनोज (22 वर्ष) पुत्र लखपति सिंह डी फार्मा करने के बाद गांव में ही रूपराम के मकान में किराये की दुकान में मेडिकल स्टोर चलाता था। किसी बात को लेकर घर में क्लेश चल रहा था। जिसके चलते मंगलवार को मनोज मकान के पीछे के हिस्से में बनी पशुशाला में पहुंचा। कमरे की छत में लगे कुंडे में रस्सी का फंदा डालकर लटक गया। पशुओं को चारा डालने के लिए जब रूपराम के परिवार के सदस्य पशुशाला में पहुंचा तो नजारा देखकर होश उड़ गए। उन्होंने आसपास के लोग को बुला लिया। सूचना मिलने पर चौकी से पुलिस भी पहुंच गई। मनोज को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक मनोज के पिता लखपति सिंह गांव खिरकवारी में उच्च प्राथमिक विद्यालय में हेड मास्टर हैं तो बहन किरन प्रधान है। सूचना मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद मेहरा, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। मनोज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया तो गांव में शोक का माहौल बन गया। लखपति सिंह की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवक ने घरेलू कलह के चलते फंदे से लटककर आत्महत्या की है। पिता की तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवक की मौत के बाद पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

- बहन मौजूदा प्रधान है और पिता परिषदीय स्कूल में शिक्षक

चोर तीन घरों से नकदी व जेवर समेत 5 लाख का माल ले गए

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

- धनारी क्षेत्र के गांव सतनोली का मामला, पुलिस को दी तहरीर
- घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे दो संदूक खंगाले, मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

अमृत विचार : संभल जिले के धनारी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही गांव में तीन घरों को निशाना बनाया। चोर नकदी, जेवर समेत करीब पांच लाख रुपये का माल समेटकर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव सतनोली में सोमवार को रात चोरों ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। प्रेमपाल पुत्र डोरी सिंह के घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे दो संदूक खंगाले। एक संदूक से चांदी के 20 सिक्के, दो तोले सोने की चेन, सोने की चार चूड़ी, 50 हजार रुपये, दूसरे संदूक से 500 ग्राम चांदी की तगड़ी, ढाई तोले सोने का हार, पांच ग्राम सोने के एक जोड़ी कुंडल चोरी किए। जीवन पुत्र वीरसहाय के घर पहुंचे चोरों ने 28 हजार रुपये, चांदी की एक जोड़ी पाजेब कब्जे में की। वहीं जीवन पुत्र करन सिंह के घर से चोरों ने संदूक से चांदी की पाजेब, पांच ग्राम सोने के कुंडल, सोने का ताबीज चोरी किया। नकदी और जेवर समेटने के बाद चोर निकल गए। चोरी की वारदातों की जानकारी मंगलवार को हुई तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस मामले में प्रेमपाल की ओर से थाना पुलिस को तहरीर दी गई। जिसमें तीनों घरों से करीब पांच लाख रुपये का माल चोरी होने की बात कहते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

गोशाला में अनियमितता पर सचिव व पशुधन प्रसार अधिकारी होंगे निलंबित

संवाददाता, बहजोई/गुन्नौर

- संरक्षित 611 पशुओं के स्थान पर मिले 300 पशु
- सीडीओ के निरीक्षण में गोशाला में मिली खामियां

अमृत विचार: विकासखंड गुन्नौर क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में गोशाला में बड़े स्तर पर खामियां मिली हैं। पशुओं की संख्या दोगुनी दर्शाकर सरकारी पैसा निकाल लिया गया। सीडीओ के निरीक्षण में फर्जीवाड़ा सामने आया तो पंचायत के सचिव के अलावा पशुधन प्रसार अधिकारी को भी निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने 11 मई को विकासखंड गुन्नौर की ग्राम पंचायत असदपुर में संचालित स्थाई गोशाला का निरीक्षण किया था। जहां रजिस्टर में दर्शाया जा रहा था कि 611 पशुओं को संरक्षण किया जा रहा है। इसकी पुष्टि पंचायत सचिव के द्वारा की गई थी। निरीक्षण के दौरान जब पशुओं की गिनती कराई तो 300 पशु ही गोशाला में मौजूद पाए गए थे।

> ग्राम पंचायत असदपुर में गोशाला का निरीक्षण किया गया था। जहां पशुओं की संख्या को दोगुना करके दर्शाया जा रहा था। कई कार्यों में भी अनियमितता पाई गई है। मौके पर कई कार्य खराब पाए गए हैं। इसके चलते एक पंचायत सचिव और पशुधन प्रसार अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -भरत कुमार मिश्रा, सीडीओ, संभल।

इस दौरान देखा गया कि 21 मार्च 2024 से पांच अप्रैल 2024 तक 50 रुपये प्रति पशु की दर से धनराशि का खर्च खाते से निकाला गया था। इतना ही नहीं छह अप्रैल को एडीओ पंचायत द्वारा निरीक्षण में भी 605 पशु दर्शाए गए थे। सीडीओ के निरीक्षण में सामने आया कि मौके पर आठ केयर टेकर के सापेक्ष पांच कार्यरत थे। पशुओं के रखरखाव और खर्च के नाम पर कोई रजिस्टर नहीं बनाया गया था।

यहां पर चारा कटाई की मशीन भी खराब थी। इस मामले में पंचायत सचिव महेश कुमार को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा भी पंजिका में जानबूझकर पशुओं की संख्या को अंकित करने के मामले में भी अनियमितता का सामने आई है। जिसके चलते उनको भी निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का विरोध करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने चमरौआ से गांव भंडी भंडा जाने वाले मार्ग पर निर्माण कार्य में जेई व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे जेई ने तीन दिन में समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

भाकियू शंकर के युवा जिला अध्यक्ष कामेंद्र चौधरी ने आरोप लगाया कि नखासा थाना क्षेत्र के गांव चमरौआ से गांव भंडी भंडा जाने वाले मार्ग निर्माण में ठेकेदार के द्वारा घटिया सामग्री लगाई जा रही है। भाकियू कार्यकर्ताओं ने युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर जेई संतोष कुमार मार्ग का निर्माण करा रहे ठेकेदार के साथ मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को तीन दिन में समस्या का समाधान कराने का आश्वासन देकर विरोध प्रदर्शन समाप्त कराया। इस दौरान कुलदीप शर्मा, अंकुर शर्मा, बिट्टन शर्मा आदि रहे।

पशु को बचाने में पलटा कैदी वाहन, नहीं थे कैदी, 3 घायल

संवाददाता, बबराला/संभल

- नेशनल हाइवे पर धनारी व गुन्नौर थाने की सीमा पर हादसा

अमृत विचार : आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर अचानक सड़क पर आये पशु को बचाने के प्रयास में पुलिस का कैदी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस समय हादसा हुआ वाहन में कैदी नहीं थे। हादसे में चालक सहित तीन लोगों को मामूली चोट आई है।

मंगलवार शाम करीब पांच बजे बबराला की ओर से बहजोई की तरफ जा रहे पुलिस का कैदी वाहन यूपी 38 जी 0006 आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर धनारी थाना व गुन्नौर थाने की सीमा पर भकरौली गांव के नजदीक हादसे का शिकार हो गया। कैदी वाहन पलटा तो लोग राहत व बचाव के लिए दौड़ पड़े। गनीमत यह रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय कैदी वाहन में सवार नहीं थे। बताया जा रहा है कि वाहन हेलमेट वितरण के काम के लिए पुलिस लाइन से निकला था। थाना प्रभारी धनारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि वाहन पलटने की बात किसी ने बताई थी लेकिन अधिकृत तौर पर कोई सूचना नहीं मिली है। शायद गुन्नौर क्षेत्र में घटना हुई है। वहीं कोतवाल गुन्नौर संजीव बालियान ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है लेकिन अभी कैसे क्या हुआ यह जानकारी नहीं है।

गुन्नौर में नेशनल हाईवे पर पलटा पड़ा कैदी वाहन। ● अमृत विचार

महिला की संदिग्ध हालत में मौत, हत्या का आरोप

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला तकिया निवासी शकील की शादी तीन वर्ष पहले इस्लामनगर जिले के गांव सोरा हाल निवासी हरियाणा के कुरुक्षेण निवासी मीनश 22 वर्ष के साथ हुई थी। दंपति पर डेढ़ साल का एक बेटा है। मंगलवार की दोपहर में उल्टी दस्त होने की शिकायत पर शकील ने मीनश को मुहल्ला में ही झोलाछाप डॉक्टर को दिखाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर मीनश को रेफर कर दिया। जिसके बाद शकील मीनश का उपचार कराने के लिए संभल लेकर आ रहा था। शाम चार बजे रास्ते में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मीनश की मौत हो गई।

गोशाला में अव्यवस्थाओं का बोलबाला, नहीं है भरपेट चारा

संवाददाता, गुन्नौर

- गोशाला में गोवंश के शव का वीडियो भी हो चुका है वायरल

अमृत विचार : गोवंश को सहूलियत के साथ संरक्षित कराने के दावे के बीच गोशालाओं में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। नगर पंचायत की गोशाला में गोवंश को भरपेट चारा तक नहीं मिल रहा है।

मोहल्ला टंकी स्थित पुरानी टंकी परिसर में संचालित नगर पंचायत की गोशाला में गाय की मौत के बाद शव होने का वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को अमृत विचार ने पड़ताल की। गोशाला में मिले केयरटेकर शेर सिंह ने बताया कि गोशाला के रिकार्ड में करीब 200 गोवंश दर्शाए गए हैं लेकिन मौके पर लगभग सवा सौ गोवंश ही मिले। शेष गोवंश नहीं होने की बात पर केयर टेकर ने गोवंश के कहीं घूमने जाने की जानकारी दी। गोशाला में गंदगी दिखी। बताते चलें कि सोमवार को गोशाला में मृत गोवंश का शव पड़ा रहने पर शव से दुर्गंध उठने लगी तो आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत की। मृत गोवंश का शव पड़ा होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ईओ मनीष चौधरी ने बताया कि गोशाला में सूखा चारा पर्याप्त मात्रा में है। हरा चारा कहीं मिल जाता है तो खरीद लेते हैं। ईओ ने कहा कि जेसीबी चालक की गैरमौजूदगी के कारण तत्काल शव दफन नहीं हो सका था। अगले दिन शव गड्ढे में दबा दिया गया।

चिलचिलाती धूप से बचाने के नहीं इंतजाम

गुन्नौर अमृत विचार : गोशाला कहे जाने वाले स्थान में छाया के खास इंतजाम नहीं दिख रहे। यहां खड़े तीन चार पेड़ों की छांव मई की चिलचिलाती धूप से गोवंश को बचाने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस गोशाला में गोवंश को धूप से बचाव के उपाय न के बराबर हैं।

दवा देने के बहाने किशोरी के साथ की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

असमोली, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 17 वर्षीय पोती की सोमवार की देर रात तबियत बिगड़ गई। किशोरी का उपचार कराने के लिए व्यक्ति ने थाना क्षेत्र के गांव तलवार निवासी नितिन व गांव शहबाजपुर निवासी अरबाज को रात 11 बजे घर बुलाया।

आरोप है कि नितिन व अरबाज दवा देने के नाम पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करते हुए किशोरी ने शोर मचाया तो नितिन व अरबाज मौके से भाग गया।

मंगलवार की सुबह शिकायत करने पहुंचे व्यक्ति को अरबाज व नितिन के परिजनों ने धमकी देते हुए घर से भगा दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अरबाज व नितिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

एक नजर

किसान नेता चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि आज

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक और किसानों के मसीहा स्व. महेंद्र सिंह टिकैत की तेरहवीं पुण्यतिथि पर जनपद में 15 मई को जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण बचाओ व किसान जागरूकता दिवस के रूप आठ जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाकियू के प्रदेश प्रमुख महासचिव/प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बुधवार को उनके प्रगति विहार स्थित आवास पर सुबह 10 बजे हवन होगा। जिसमें आहुति देकर देश की सुख शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी। महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। उसके बाद जल जंगल जमीन पर्यावरण बचाओ व किसान जागरूकता दिवस गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। किसानों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दो घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : औरछी चौराहा पर अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में चालक व एक यात्री घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित औरछी चौराहा पर मंगलवार की सुबह ई-रिक्शा को सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार चालक राम किशोर पुत्र छत्रपाल निवासी गांव अहौरी व युवक अजय पुत्र पप्पू निवासी परमानंदपुर थाना फैजगंज बेहटा घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मजदूरी के रुपये मांगने पर मारपीट का आरोप

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी महेश ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधान पर मजदूरी के साढे तीन हजार रुपये नहीं देने का आरोप लगाया। कहा कि होली से पहले ग्राम प्रधान के घर साढ़े तीन सौ रुपये के हिसाब से दस दिन मजदूरी की थी। जब भी महेश मजदूरी के रुपये मांगने जाता ग्राम प्रधान टालमटोल कर देता। मंगलवार को रुपये मांगने पहुंचने पर ग्राम प्रधान के बेटे व भांजे ने गाली गलौज करते हुए महेश के साथ मारपीट की और धमकी देते हुए घर से भगा दिया।

राशन की घटतौली को लेकर नोकझोंक, हंगामा

लाल मस्जिद के पास राशन डीलर कनेक्टिविटी नहीं आने की बात कहकर दुकान बंद कर भागा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: मुरादाबाद गेट स्थित लाल मस्जिद के पास कोटेदार दुकान पर राशन वितरण कर रहा था। सुबह साढ़े ग्यारह अचानक कनेक्टिविटी नहीं आने की बात कहते हुए दुकान बंद कर चल गया। गुस्साए कार्ड धारकों ने कोटेदार पर राशन न देने व घटतौली का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्ड धारकों की डीलर से नोकझोंक भी हुई। कुछ देर के लिए हंगामे का माहौल बन गया।

शासन के निर्देश के बाद जिलाधिकारी मनीष बंसल ने 14 से 29 मई तक जनपद में कोटेदारों को राशन वितरण करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें एक किलो गेहूं, दो किलो चावल व दो किलो बाजरा शामिल है। मंगलवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे लाल मस्जिद के पास स्थित कोटेदार दुकान पर कार्डधारकों को राशन का वितरण कर रहा था। तभी

चन्दौसी के मुरादाबाद गेट स्थित राशन की दुकान पर विरोध जतातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मोहल्ला कागजी में बंद पड़ी राशन की दुकान।

● **डीएम के आदेश के बावजूद बंद रही कुछ दुकानें**

अचानक कनेक्टिविटी नहीं आने की बात कहते हुए राशन वितरण बंद कर दिया। जबकि राशन लेने के लिए काफी संख्या में कार्डधारक खड़े थे।

इसके बाद वह दुकान बंद कर चला गया। यह देख कोटेदारों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कार्डधारक निशा, नसरीन, भूरी, सायरा, शबाना, अंजुम, मो. इरफान ने बताया कि कोटेदार प्रत्येक यूनिट पर एक किलो राशन कम दे रहा है। जबकि शासन की ओर से प्रत्येक यूनिट पर एक किलो गेहूं, दो चावल व दो किलो बाजरा देने के निर्देश है। जब कार्डधारकों ने कम राशन लेने का विरोध किया तो कोटेदार दुकान बंद करके चला गया। कार्डधारकों ने कोटेदार के विरुद्ध प्रदर्शन किया।

निर्देश के बाद भी नहीं बंटा राशन

चन्दौसी, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर 14 से 29 मई तक प्रत्येक कोटेदार को राशन वितरण करना है। मगर मंगलवार को शहर क्षेत्र में कई राशन की दुकान बंद मिली। जिससे कोटेदार शासन के निर्देश का खुला उल्लंघन करते नजर आए। जबकि कार्डधारक राशन लेने दुकान पर पहुंचे मगर दुकान बंद देख वापस लौटने को मजबूर हो गए।

शादी नहीं करवाने पर युवक ने लगाई अपने ही घर में आग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● **मां ने आरोपी पुत्र के विरुद्ध कोतवाली में दी तहरीर**

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के सीकरी में परिजनों द्वारा शादी नहीं करवाने पर युवक ने अपने ही घर में आग लगा दी। घटना से परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। आग से घर में रखा सामान जल गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मगर तब तक आरोपी युवक फरार हो गया।

सीकरी गेट निवासी मटरू खां अपनी पत्नी रुखसाना व बच्चों के साथ रहते हैं। मटरू पर छह पुत्री व दो पुत्र हैं। जिसमें वह चार पुत्रियों की शादी कर चुका है। बड़ा पुत्र इशहाक खान अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। जबकि छोटा पुत्र बाहर रहकर नौकरी करता है। छोटा पुत्र घर आता रहता है। वह अक्सर अपनी शादी करवाने के लिए माता-पिता पर जोर देता रहता है। वह शादी नहीं करने पर माता-पिता व दो बहनों के साथ मारपीट भी करता है। आरोप है कि सोमवार की शाम सात बजे शादी करवाने की बात करने पर परिजनों से झगड़ा करने लगा और गुस्से में आकर घर में आग लगा दी। घर में आग लगी देख परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और शोर शराबा होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से घर में रखा सामान जल कर खाक हो गया। घटना के बाद आरोपी युवक फरार हो गया। रुखसाना ने बताया कि आग से करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। महिला की ओर से आरोपी युवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई है।

संघर्षशील महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जनकल्याण सेवा समिति की एक बैठक मंगलवार को फव्वारा चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। जिसमें महिला दिवस के उपलक्ष्य में तीन महिलाएं गीता, पूनम, अंजना को उनके जीवन में कठिन और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बीच अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा कर योग्य बनाये जाने के लिए सम्मानित किया गया। समिति की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय एवं समिति के सदस्यों ने उन माताओं को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने बताया कि गीता ने अपने अभावपूर्ण जीवन में कठिन परिस्थितियों में बच्चों को पढ़ा-लिखा कर योग्य बनाया। सचिव भावना गुप्ता ने बताया कि पूनम अपने पति की मृत्यु के उपरांत अपने पुत्र व दो

संघर्षशील महिलाओं को सम्मानित करती समिति अध्यक्ष। ● अमृत विचार

पुत्रियों को अपने कठिन परिश्रम से पढ़ा लिखा कर योग्य बनाने में प्रयासरत हैं।

रेखा रस्तोगी ने बताया कि अंजना के पति की मृत्यु पर जीवनसाथी के रुप में देवर का वरण किया परन्तु दुर्भाग्यवश वह भी नहीं रहे। अब वह एक प्राइवेट स्कूल में अल्प वेतन पर अध्यापन का परिवार का पालन पोषण कर रही हैं। आशा गोस्वामी ने कहा कि समिति के इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व को नारी शक्ति के गौरव से परिचित कराना है। इस अवसर पर अंशु वार्ष्णेय, रिनी, आभा, पूर्णिमा, पूनम वार्ष्णेय, सोनी रस्तोगी, पूनम अग्रवाल, मधु तोमर, रुचि, सोनी अग्रवाल, निर्मल, सोनी शर्मा, कान्ता अदलक्खा, मीनू फैंसी, सीमा फैंसी, अनामिका, संगीता गौतम, पूनम सिंघानिया, रीता गौड़ आदि उपस्थित रहीं।

गंगा सप्तमी पर पूजन के बाद हुई महाआरती

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार: मां गंगा के अवतरण दिवस को लेकर गंगा सप्तमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजघाट गंगाघाट को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मां गंगा का पूजन, अभिषेक और महाआरती हुई।

मां गंगा जनकल्याण समिति के तत्वावधान में शाम को गंगा घाट पर मां गंगा का विधि विधान पूर्वक पूजन व पंचाभिषेक किया गया। पंडितों ने वैदिक मंत्र उच्चारित करते हुए पूजा अर्चना संपन्न कराई। शंख व घंटे की गूंज के बीच गंगा मैया की महाआरती की गई। मां गंगा की प्रतिमा को नई पोशाक, आभूषण पहनाकर पुष्पांजलि की गई। युवा पुरोहित आचार्यों ने सामूहिक गंगा लहरी का पाठ किया। मां गंगा की पैरावनी की गई। मां गंगा से समाज

बबराला राजघाट गंगा तट पर आरती करते पुरोहित। ● अमृत विचार

● **राजघाट गंगाघाट पर बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु**

में शांति व खुशहाली की कामना गई। गंगा घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गंगा का दुग्धाभिषेक व पूजन किया। महिलाओं ने घाट पर दीपदान किया।

विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गंगा पूजन में रोटरी गवर्नर अशोक गुप्ता, मां गंगा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल, डीएसएम शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, रमेश लोहिया, डिंपल वार्ष्णेय, मोनू शर्मा, अभय शर्मा, अनिल गुप्ता, सतेन्द्र गौतम, अंकित गुप्ता सीए, सुमित यादव, उमेश वार्ष्णेय, सुरेश गुप्ता, कपिल गोयल, प्रियंका वार्ष्णेय आदि रहे।

श्रद्धाभाव से मनाया गंगा सप्तमी का पर्व

चन्दौसी, अमृत विचार : मंगलवार को नगर के कैथल गेट स्थित श्री देवी गंगा मंदिर में गंगा सप्तमी का पर्व आस्था और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। मां गंगा की महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़े। इस दौरान हर-हर गंगे के उद्घोष गूंजते रहे। सर्वप्रथम मंदिर के महंत पंडित मनोज शर्मा और प्रवेश शर्मा ने प्रात: काल में मां गंगा की मूर्ति का पंचामृत से स्नान कराया और फिर शुद्ध स्नान करने के उपरांत मां गंगा का सुंदर श्रंगार किया। पंडित भूदेव शंखधार ने प्रवचन में बताया कि गंगा मैया का निवास ब्रह्माजी के कमंडल में था। गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा ने ब्रह्मा जी के कमंडल से निकलकर प्रवाहित होना प्रारंभ किया। अत: गंगा सप्तमी को मां गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। इस दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन किया।

आबादी के बीच माचिस के अवैध गोदाम हटाए जाएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● **ऑल इंडिया पसमांदा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

अमृत विचार: नगर में आबादी के बीच माचिस के अवैध गोदाम बने हैं। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संदर्भ में ऑल इंडिया पसमांदा समाज के प्रदेश अध्यक्ष शाहआलम मंसूरी ने एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन सौंप कर आबादी के बीच से ज्वलनशील पदार्थों से बने आइटम के गोदाम हटा कर शहर से बाहर स्थापित कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नगर के सीकरी गेट मोहल्ला पंजाबियान में माचिस की तीली का गोदाम काफी समय से संचालित है। यहां घनी आबादी है। साथ ही गोदाम से चंद कदम की दूरी पर शम्सी पब्लिक स्कूल है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में आबादी के बीच माचिस का गोदाम होने से स्थानीय लोगों में हादसे का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं सीकरी गेट पर ही ट्रांसफार्मर से सट कर एक गोदाम और भी संचालित है। लक्ष्मण गंज पुलिस चौकी के सामने संकरी गली में माचिस की तीली का गोदाम है। प्रदेश अध्यक्ष शाहआलम मंसूरी ने बताया कि पता करने पर पुलिस व अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट में आबादी के बीच संचालित इन गोदाम संचालकों के पास अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। जिससे ये लोग बेखौफ होकर अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर भरी आबादी के बीच से इन गोदामों को हटा कर शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थापित कराया जाए। जिससे स्थानीय लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

सार-संक्षेप

छात्रा सिद्धि शर्मा ने विद्यालय में पाया पांचवा स्थान

चन्दौसी, अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट सोमवार को घोषित किया गया। नगर के कैथल गेट स्थित न्यू सत्यम एकेडमी इंटरमीडिएट की छात्रा सिद्धि शर्मा ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। सिद्धि शर्मा ने 500 में से 472 अंक प्राप्त किए हैं। पिता रमाकांत शर्मा व मां अनुराधा शर्मा शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। बड़ी बहन रिद्धि शर्मा ने भी इंटर में जिला संभल की टॉपटेन सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया था। सिद्धि शर्मा का कहना है कि उसका लक्ष्य ग्रेजुएशन के बाद सिविल सर्विस में जाना है।

पुण्यों से प्राप्त होता है संत और सत्संग

चन्दौसी, अमृत विचार : जब मनुष्य के पुण्यों का फल प्राप्त होता है, तब संत और सत्संग प्राप्त होता है। ग्रह के प्रभावों को हनुमान जी का अनुग्रह शांत करता है। ये बात कथा वाचक आचार्य शिवशंकर भारद्वाज ने कही। वह नगर के खुर्जा गेट मोहल्ला खातियान स्थित शिव पंचायत मंदिर में श्री हनुमत कथा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम कथा सारे दुखों को दूर करने वाली है। इस दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार बिन्नी, प्रमोद कुमार गुप्ता, कमल किशोर माथुर, विनोद गुप्ता, राधा शर्मा, कलावती शर्मा, अनिला सक्सैना आदि रहे।

बच्चे को लेकर गायब हुई युवती

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में पड़ोस में रहने वाली युवती बच्चे को घर से ले गई और फिर गायब हो गई। हातिम सराय में रियाजुल के पड़ोस में एक परिवार कुछ माह से किराये पर रह रहा था। परिवार के लोगों ने रियाजुल के घर में मेलजोल बना रखा था और वह अक्सर घर आते जाते रहते थे। किरायेदार परिवार की युवती सोमवार को घर आई और रियाजुल के मासूम बेटे को खेलाने की बात कहकर अपने साथ ले गई। परिवार के लोगों ने कुछ घंटे तलाशा मगर जब युवती नहीं आई तो युवती के घर पहुंचे। वहां युवती नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

महेंद्र सिंह टिकैत के साथी कैलाश कुंवर का निधन



संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के वरिष्ठ सदस्य कैलाश कुंवर (97 वर्ष) का मंगलवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह भाकियू संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत के साथ कई आंदोलनों में शामिल रहे थे और किसानों के लिए आवाज बुलंद की थी। उनके निधन से संगठन के नेताओं और किसानों में शोक का माहौल बन गया। नखासा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी कैलाश कुंवर ने वर्ष 1987 में भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ली थी। उन्होंने भाकियू संस्थापक बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के साथ कई आंदोलनों में हिस्सा लिया। किसानों के हक के लिए आवाज उठाई। मंगलवार को कैलाश कुंवर का निधन होने की जानकारी जैसे ही भाकियू नेताओं और किसानों को हुई तो शोक की लहर दौड़ गई। तमाम लोगों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद सिंह का कहना रहा कि भाकियू नेता राकेश टिकैत या गौरव टिकैत जब भी संभल आते थे तो कैलाश कुंवर से जरूर मिलकर जाते थे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह, शंकर यादव, वीरेंद्र सिंह, संसार सिंह, गोपाल सिंह, सतवीर सिंह यादव, आलोक, रामचरन शास्त्री, सुरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश आदि ने श्रद्धांजलि दी।

महंत ने किशोर से किया कुकर्म का प्रयास, गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में महंत किशोर को बहाने से खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया। किशोर ने किसी तरह खुद को महंत से छुड़ाया और घर जाकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर महंत को गिरफ्तार कर लिया है। मंदिर पर रहने वाला महंत गांव के किशोर को मंदिर की सफाई करने के बहाने से बुलाकर ले गया। कुछ देर मंदिर की सफाई कराने के बाद महंत ने किशोर को खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया। विरोध पर महंत ने किशोर को मारना पीटना शुरु कर दिया। किसी तरह खुद को छुड़ाकर किशोर भागकर घर पहुंचा। किशोर ने परिजनों को महंत की करतूत बताई तो परिजनों ने थाने में शिकायत कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर महंत बुद्धि गिरि उर्फ शम्भू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

एसडीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, सब ठीक मिला

चन्दौसी, अमृत विचार : एसडीएम ने सीएचसी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें सीएचसी प्रभारी से मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी की। निरीक्षण में एसडीएम को सबकुछ ठीक-ठाक मिला। मंगलवार की सुबह 11 बजे एसडीएम नीतू रानी स्टेशन रोड स्थित सीएचसी पहुंची। सीएचसी पहुंचने पर एसडीएम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। सभी स्टाफ अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात मिले। कुछ देर बाद सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंद्र सिंह भी पहुंच गए। एसडीएम ने सीएचसी में बनी लैब, एक्सरे रूम, हेल्थ एटीएम का निरीक्षण कर जानकारी ली। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि सीएचसी में जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर, फैजगंज बेहटा, बनियाठेर क्षेत्र के गांव के लोग भी उपचार कराने पहुंचते हैं। जिससे रोजाना 700 से 800 मरीजों के पर्चे बनने के साथ उपचार किया जाता है। सीएचसी की व्यवस्थाएं देखने के बाद एसडीएम संतुष्ट नजर आयीं।

किशोर सहित तीन आरोपी किये गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना पुलिस ने सरायतरीन के अलग अलग मुहल्ला निवासी तीन वारंटियों को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर लिया। सरायतरीन के मुहल्ला कोटला निवासी अतुल कुमार, मुहल्ला भालेभाज खां निवासी सचिन कुमार और मुहल्ला मंगलपुरा निवासी कलुआ अपने खिलाफ चल रहे वाद को लेकर न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। न्यायालय की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर पुलिस ने मंगलवार को सूचना मिलने पर अतुल कुमार, सचिन कुमार और कलुआ को गिरफ्तार कर लिया। वहीं सदर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट में वांछित किशोर को चंदौसी मार्ग पर मुरादाबाद बाईपास से पकड़ लिया।

सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपने पुत्र जाकिर अली से गलत संगत में पड़ने पर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। महमूद हसन पुत्र अली हुसैन ग्राम राजपुर केसरिया, ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।

नाम-परिवर्तन

पहले नाम NADEEM AHMED था अब बदल कर NADEEM AHMAD S/o MOHD YUSUF R/o MOHALLA NAUBAT KHANA AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

मनमानी | चहेते बुकसेलरों के यहां ही मिलतीं हैं कोर्स की किताबें, वसूलते हैं मनमाने दाम

हर वर्ष किताबें बदलकर अभिभावकों की काट रहे जेब

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार: अधिकांश प्राइवेट स्कूल मनमानी कर रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। स्कूल संचालक हर वर्ष किताबें बदल कर अभिभावकों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। गरीब व मध्यम वर्गीय व्यक्तियों के लिए कक्षा शिशु से लेकर कक्षा 5 तक की हजारों रुपए की कॉपी किताबें निजी बुकसेलरों के माध्यम से स्कूल संचालक बेच रहे हैं। जिसमें बीस रुपये वाली किताब दो सौ रुपये में तथा पचास रुपये वाली किताब पांच सौ रुपये में प्रिंट रेट पर बिक रही है। पूरा कोर्स एक हजार से चार हजार रुपये तक में बिक रहा है।

वहीं प्रतिवर्ष एडमिशन फीस, बिल्डिंग फीस, पंखा फीस आदि के नाम पर निजी स्कूल संचालक

बिना मान्यता के चल रहे दर्जनों विद्यालय

चन्दौसी, अमृत विचार : ब्लाक बनियाखेड़ा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। जहां हाईस्कूल व इंटरमीडिएट पास युवक युवतियों से शिक्षण कार्य कराया जाता है। सत्र 2023-24 में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बनियाखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में कई विद्यालयों को बिना मान्यता के संचालित होते हुए पाया गया था। जिन्हें कार्रवाई के नाम पर नोटिस देकर औपचारिकता कर अभियान की इतिश्री कर ली गई।

अनफिट वाहनों से ढोए जा रहे स्कूली बच्चे

चन्दौसी, अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी विद्यालयों की ओर से अनफिट वाहनों से स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा है। जिसमें कुछ स्कूल वैन एलपीजी गैस से चल रही हैं। इतना ही नहीं वैन पर स्कूल का नाम व नंबर एवं अन्य आवश्यक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर भी अंकित नहीं हैं। इन वाहनों को कभी रोका नहीं जाता।

● **प्रतिवर्ष बढ़ा रहे एडमिशन और मासिक फीस**

● **अनफिट स्कूली वाहनों से ढोए जा रहे हैं स्कूल के बच्चे**

मोटी रकम अभिभावकों से वसूल रहे हैं। कुछ विद्यालयों में मासिक फीस प्रति माह लेने की बजाय पूरे वर्ष की टोटल फीस एडमिशन के समय एक बार में ही जमा कर रहे हैं। बच्चों को ड्रेस, बैग आदि सामान भी अपने विद्यालय में ही उपलब्ध कराते हैं। कुछ विद्यालयों में पिछले वर्ष की तुलना में इस सत्र में प्रति छात्र दो से तीन हजार रुपये वार्षिक फीस में बढ़ोतरी की गई है। जिससे अभिभावकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

आज कल स्कूलों में बड़ी ही लूट मची हुई है। स्कूल संचालकों की मनमानी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। प्रत्येक वर्ष बच्चों की किताबों से लेकर ड्रेस, मासिक फीस बहुत बढ़ा दी जाती है। ऐसे में गरीब बच्चे पढ़ने में असमर्थ हैं।

-प्रवीन मौर्य,
अभिभावक, गांव रीठ

प्राइवेट स्कूलों की पढ़ाई इतनी महंगी हो गई है कि हर व्यक्ति को अपने बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ाना मुश्किल हो रहा है। प्राइवेट स्कूल संचालक हर वर्ष कोर्स बदलकर महंगी किताबें, यूनिफॉर्म आदि स्कूल से ही महंगे दामों पर बेचकर अभिभावकों से मोटी रकम वसूल रहे हैं।

-अजय पाल सिंह
अभिभावक, गांव रतनपुर

कच्चे आम तोड़ते समय पेड़ से गिरा बालक, गंभीर घायल

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर मझावली चौराहा के पास हाइवे किनारे लगे पेड़ पर बालक कच्चे आम तोड़ रहा था। अचानक पेड़ से बालक नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों हाथ व बाई टांग में फ्रैक्चर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बनियाठेर थाना क्षेत्र गांव नेहटा में मुश्ताक अपने परिवार के साथ रहता है। मंगलवार की शाम पांच बजे मुश्ताक के दो पुत्र नूरे आलम 10 वर्ष व आफताब अपने दोस्त गुलशेर पुत्र शमशेर के साथ थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर मझावली चौराहा पर पहुंचे। जहां हाइवे किनारे लगे आम के पेड़ पर नूरे आलम चढ़ गया और कच्चे आम तोड़कर नीचे गिराने लगा। नीचे खड़े आफताब व गुलशेर आम उठा रहे थे। तभी अचानक पेड़ की डाल से पैर फिसलने पर नूरे आलम नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गुलशेर दौड़ता हुआ घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और बालक को उपचार के लिए सीएचसी में ले गए। जहां बालक के दोनों हाथ व बाएं पैर में फ्रैक्चर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

लिट्टे की चुनौती

केंद्र सरकार ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। यानि वर्तमान में भी लिट्टे भारत के समक्ष चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। वास्तव में लिट्टे पर प्रतिबंध बढ़ाया जाना जरूरी था क्योंकि वह अपनी विघटनकारी और अलगाववादी गतिविधियों को जारी रखे हुए है। सरकार के मुताबिक इससे भारत की अखंडता और संप्रभुता को खतरा है। लिट्टे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने के अलावा लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में, खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। गौरतलब है कि लिट्टे श्रीलंका का हिंसक व अलगाववादी संगठन है लेकिन भारत में इसके समर्थकों से सहानुभूति रखने वालों और एजेंटों का उद्देश्य सभी तमिलों के लिए एक मात्र भूमि तमिल ईलम की स्थापना करना है जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा है। यह गैर-कानूनी गतिविधि के दायरे में आता है। सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत लिट्टे को गैर-कानूनी संगठन घोषित किया था। दरअसल, 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद भारत में लिट्टे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब से हर पांच साल में लिट्टे पर प्रतिबंध को बढ़ाया जाता रहा है। लिट्टे के प्रमुख वी.प्रभाकरन की हत्या के बाद इस संगठन को 2009 में श्रीलंका में सैन्य हार का सामना करना पड़ा था। लिट्टे अपनी हार के लिए भारत को जिम्मेदार मानता है। लिट्टे इंटरनेट पोर्टल में लेखों और अन्य सामग्रियों के जरिए श्रीलंकाई तमिलों के बीच भारत विरोधी भावना को भड़काने की कोशिश कर रहा है। लिट्टे अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों को जारी रखने के लिये सोशल मीडिया का भी प्रयोग कर रहा है। यदि उसका प्रचार जारी रहता है तो भारत में कई अति महत्वूपर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार बचे हुए लिट्टे नेताओं या कैडर ने भी बिखरे हुए कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करने तथा स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 2009 में लिट्टे प्रमुख वी. प्रभाकरन की हत्या के बाद लिट्टे का आतंक खत्म तो हो गया लेकिन श्रीलंका और भारत समेत दुनिया के अन्य देशों में फैले इसके समर्थक अभी भी चुनौती बने हुए हैं। इसके बचे हुए नेता दुनिया के कई देशों में फैले हुए हैं जो एक बार फिर इस संगठन को खड़ा करना चाहते हैं। जिनसे लगातार सतर्क रहने की जरूरत है।

अमित शाह कैसे बने मोदी के विश्वासपात्र

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की।

अमित शाह अपने से जुड़े किसी विवाद पर सफाई देने में देरी नहीं करते। वे तुरंत सारी बात साफ कह देते हैं। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि अगर एनडीए सत्ता में आई तो अमित शाह देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भाजपा में 75 साल से अधिक उम्र के बाद किसी नेता को कोई पद नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह को अक्सर भारत का "दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति" कहा जाता है। वह एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता और चतुर राजनीतिज्ञ हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने में उनकी खास भूमिका थी। उनकी असाधारण सफलता का रहस्य क्या है? इस बारे में उनके कुछ करीबी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति उनकी गहरी निष्ठा, स्नेह, और कड़ी मेहनत को श्रेय देते हैं। वे प्रधानमंत्री के सबसे खासमखास सहयोगी और विश्वासपात्र नेता हैं।

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की। अमित शाह ने दशकों में भाजपा के लिए कई चुनावी जीत और वोट जीतने वाली नीतियां तैयार की हैं। चाहे वह ग्राम परिषद हो या संसद, वे चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं। अमित शाह के लिए, हर चुनाव किसी युद्ध को जीतना जैसा होता है। मोदी और शाह की वजह से ही भाजपा 1984 के चुनाव में दो सीटों से 2019 में 303 सीटों पर पहुंची।

अब दस साल हो गए, अमित शाह को राष्ट्रीय राजनीति में आए हुए। उनके व्यक्तित्व, उनके स्वभाव और उनके लक्ष्य के बारे में बहुत सारी बातें जनमानस के पटल पर आ चुकी हैं। आधुनिक चाणक्य, घनघोर मेहनती, अद्भूत संगठनकर्ता जैसी तमाम उपमाएं भी उन्हें मिल चुकी हैं। परंतु उनके बारे में बहुत कुछ कहे जाने के बाद भी अमित शाह खुद बहुत कुछ नहीं कहते। संभवतः भारतीय राजनीति में वे अकेली शख्सियत हैं, जिनका काम पहले बोलता है, वह खुद बाद में बोलते हैं।

> अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं, व्यक्ति के लिए समर्पित राजपुरूष नहीं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं।

2014 से पहले दिल्ली में उन्हें कम ही लोग जानते थे। 2014 के मई में लोकसभा का चुनाव परिणाम जब आया और उत्तरप्रदेश के 80 लोक सभा सीटों में भाजपा 71 सीटों पर बाजी मार गई, तब पहली बार लोगों को यह पता चला कि कोई चुनावी चौसर का महारथी गुजरात से आया है, नाम उसका है अमित शाह। ऐसा नहीं था कि 2014 से पहले वह भाजपा में नए थे। वह 1997 से ही चुनावी राजनीति में हैं और 2014 से पहले गुजरात के गृहराज्यमंत्री से लेकर दर्जनों पद संभाल चुके थे। पर दिखावे को उन्होंने तब भी नहीं अपनाया और अब भी उससे दूर हैं।

संभवतः जून 2014 में राजस्थान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक बैठक में तय किया गया कि अमित शाह को केवल एक चुनाव के लिए दिल्ली भेजे जाने के बजाय स्थाई रूप से उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कोई बड़ा दायित्व दिया जाए। उन्हें यह दायित्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मिला।

उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए अमित शाह एक आदर्श राजनेता और बेहद सक्षम गृहमंत्री हैं, जो बार्डर स्टेट में हैं या फिर नक्सली सक्रियता से परेशान हैं। अमित शाह भी अपने विपक्षी मुख्यमंत्रियों के अच्छे कामों की तारीफ करने में कोई कोताही नहीं बरतते। उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को नक्सल पर अंकुश लगाने और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह को खालिस्तानी अमृतपाल सिंह के मामले को अच्छे से हैंडिल करने के लिए अमित शाह ने खुले मंच से तारीफ की।

2009 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को देश भर में कुल मतदान के 18.80 प्रतिशत वोट मिले थे। मोदी के 2014 के राष्ट्रीय राजनीति में अवतार लेने के बाद भाजपा का वोट प्रतिशत 31 हुआ। लेकिन अगले पांच साल में भाजपा की सदस्यता और वोट में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। 2019 के आम चुनाव में 37.36 प्रतिशत वोट मिले। यह वह समय था जब प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी पूरे पांच साल रहे और अमितशाह भाजपा के अध्यक्ष रहे। दोनों की जोड़ी ने भारत को लगातार दूसरी बार बहुमत वाली सरकार तो दी ही साथ ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का गौरव दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य के दौरान तक अमितशाह खाटी कार्यकर्ता बने रहे। उनको मिलने जाने वाले पार्टी के कार्यकर्ता और नेता आज भी यह कहते हैं कि अमित भाई जिस तन्मयता से लोगों की बातें सुनते हैं और कम शब्दों में उसकी मीमांसा कर अपना पक्ष रखते हैं वह बिरले ही कोई और करता है।

राज करना जैसे शब्द अमित शाह के कोष में नहीं है। काम करना उनका नैसर्गिक स्वभाव है। इसलिए जो काम दूसरों के लिए पर्वत की तरह भारी होता है, अमित शाह के लिए वही काम आसान हो जाता है। कौन कह सकता था कि सैकड़ों वर्षों से जिस राम मंदिर के निर्माण का आंदोलन चल रहा था, उसका फैसला कोई सरकार में बिना किसी हो हल्ला के कर सकती थी। जिस तीन तलाक के मुद्दे को भारतीय राजनीति मे अछूत माना जाता था, उसे कोई सरकार डंके की चोट पर उठा सकती है और सदन के दोनों सदनों से एक विधेयक के जरिए तीन तलाक को समाप्त भी कर सकती है। किसी को यकीन था क्या कि किसी दिन कश्मीर से धारा 370 हट भी सकती है। पर यह सब हुआ। इसके लिए प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा तो अमितशाह की कुशल रणनीति को श्रेय दिया जाना चाहिए।

अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं। वह जो तय करते हें उससे डिगते नहीं। संगठन और सरकार के बीच समन्वयक की उनकी भूमिका आज भी वैसी ही है। इसीलिए पार्टी और सरकार के फैसले में कहीं भी विरोधाभास नहीं होते। अमित शाह अपने ढंग के अकेले नेता हैं।

प्रसंगवश

जनांदोलन ने घुटने टेक दिए

आजादी का आंदोलन केवल सत्ता परिवर्तन तक ही सीमित न रहे, इसके लिए महात्मा गांधी ने देश में ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन को हमेशा आजादी से जोड़ कर देखा था। किंतु आजादी का आंदोलन अंग्रेज हटाओ तक पहुंचकर कर कुर्सी के किस्से में बदल गया और आजादी के बाद गांधी के ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन के सपने बिखर गए, फिर जेपी ने भी जब समग्र क्रांति का नारा दिया तब भी उनके सोच में संसद के साथ ही जनता के बीच मोर्चा जमा हुआ था। लेकिन समग्र क्रांति का आंदोलन इंदिरा हटाओ तक पंहुच कर कुर्सी के किस्से में बदल गया।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1948 में जब गांधी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, गांधी चले गए और 1978 में जब जेपी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, जेपी चले गए। यूपी और बिहार में जेपी के अनुयायी गद्दी पर बैठे, समग्र क्रांति का क्या हुआ? समग्र क्रांति का सपना बिखर गया। यही बात फिर हुई, भ्रष्टाचार के विरोध में जनांदोलन उठा और लोकपाल की बात आई। लोगों का सपना था कि देश भ्रष्टाचार-मुक्त होगा।

> मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए।

मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए। जन-आंदोलन ने कुर्सी के सामने फिर से घुटने टेक दिए। कुर्सी का किस्सा जिन्दाबाद। जन-आंदोलन बेचारा कुटा-पिटा-लुटा, बार-बार ठगा हुआ। ये जितने वाद हैं, वे सब छलकपट के वाद हैं, अव्वलवाद है किस्सा कुर्सी का। कुर्सीवाद।

जीने का आधार सुरक्षित कर ही विकास की सोचें

आज कोई भी दावा नहीं कर सकता है कि जिस हवा में हम सांस लेते हैं, वह स्वच्छ है। कोई सबसे पवित्र नदी से भी फिल्टर किए बिना पानी नहीं पी सकता है और कोई यह गारंटी नहीं दे सकता है कि हमारा भोजन रसायनों से रहित है।

घर में रहने के लिए हम कई नियम बनाते हैं। हम रसोई में खाना बनाते हैं, बाथरूम में नहाते हैं और शयन कक्ष में सोते हैं। हम इसमें अदला-बदली नहीं करते। पृथ्वी हमारा और बड़ा घर है। क्या हमें पृथ्वी पर रहने के लिए भी ऐसे ही नियम नहीं बनाने चाहिए? लेकिन अभी तक हमें किसी ने ऐसे नियम नहीं सिखाए। वे किसी भी स्कूल या कॉलेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, न ही आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए किन्हीं दिशा निर्देशों में उन्हें शामिल किया गया है।

पृथ्वी पर रहने का हमारा पहला नियम यह होना चाहिए कि अगर पारिस्थितिकी तंत्र में सीमित संसाधन हैं तो हमारा उपभोग भी सीमित ही होना चाहिए। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और जनसंख्या में बढ़ोतरी के बावजूद हमारे ग्रह का आकार नहीं बढ़ रहा है। हमारे विकास के साथ पानी, मिट्टी और खनिजों की मात्रा भी नहीं बढ़ रही है और न ही प्राकृतिक संसाधन बढ़ सकते हैं। मनुष्य मौजूदा परमाणुओं के अलावा एक भी नया परमाणु और नहीं बना सकता। अगर हमारी आमदनी निश्चित हो तो हमारे खर्च भी तय होने चाहिए। पृथ्वी पर भी हमारे समक्ष कुछ उपभोग - सीमा होनी चाहिए। लेकिन हम आए दिन इसका उल्लंघन कर रहे हैं। यदि हम केवल पिछले तीन दशकों की तुलना करें, तो जनसंख्या 2 अरब बढ़ गई है,

डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी
शिक्षक, गोरखपुर

वाहन एक अरब बढ़ गए हैं, बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। लेकिन पृथ्वी का आकार बिल्कुल नहीं बदला है।

जीडीपी वृद्धि की पहली आवश्यकता भी लगातार बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है। मैं लोगों से अक्सर पूछता हूं कि लगभग 100 साल पहले महात्मा गांधी ने ये क्यों कहा था कि 'दुनिया में हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है, लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं?' इसका उत्तर किसी को पता नहीं है।

अर्थ ओवरशूट डे ऐसा पैरामीटर है, जो मनुष्य के पारिस्थितिकी-पदचिह्न की तुलना में पृथ्वी की जैविक-क्षमता को मापता है। इसके मुताबिक 2023 में, मनुष्यों के पारिस्थितिकी पदचिह्न पृथ्वी की क्षमता से 70 प्रतिशत अधिक हो गए थे। यानी हम 1.7 पृथ्वियों के बराबर संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन पृथ्वी तो एक ही है। हम उससे अधिक उपभोग कैसे कर सकते हैं, जो पृथ्वी हमें स्थायी रूप से प्रदान कर सकती है? अगर आप लंबे समय तक अपने शरीर को उसकी क्षमता से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो वह जर्जर होने लगता है। इसी तरह से पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र का भी विघटन हो रहा है।

> जीडीपी वृद्धि की आवश्यकता भी बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है।

हवा, पानी, मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इसी के संकेत हैं। वर्तमान में हमारा विकास पर्यावरण के ह्रास की कीमत पर हो रहा है। सभी गैर-आवश्यक वस्तुएं जो मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य नहीं हैं- जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन हवा, पानी और मिट्टी जैसी सभी आवश्यक वस्तुओं का भारी क्षरण हो रहा है। हवा, पानी, मिट्टी की कीमत पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था को बढ़ाना आधुनिकता है या मूर्खता? विवेकशील बनें। पहले अपने जीने के आधार को सुरक्षित रखें और फिर विकास की सोचें। खपत को सीमित करना ही एकमात्र विकल्प है। कोई भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें इस पर काबू पाने में मदद नहीं कर सकती। उपभोग बढ़ाने के लिए अधिक उत्पादन करना होता है, अधिक संसाधनों का उपयोग करना होता है और अधिक पैसा खर्च करने होते हैं। लेकिन उपभोग को सीमित करने के लिए हमें उन कार्यों को करने से बचना होगा, जिन्हें आसानी से टाला जा सकता है। उपभोग को सीमित करना आसान है, क्योंकि इसके लिए किसी चीज की आवश्यकता नहीं है। यह तुरंत किया जा सकता है। अपने बच्चों के लिए एक रहने योग्य ग्रह छोड़कर जाएं।

सोशल फोरम

मंदिर क्यों जाते हैं

आधुनिक काल में परंपराओं के पुनर्गठन और आदतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। ये एक-दूसरे से अभिन्न रुप से जुड़ी हैं। इस प्रक्रिया ने नई छलांग नव्य आर्थिक उदारीकरण के दौर में लगाई। इसने धर्म के प्रति समाज की भावनाएं बदलीं। धर्म और परंपरागत संस्कारों का पुनर्गठन किया। अब भगवान की मूर्ति पूजा, मंदिर जाना, नदी स्नान आदि इवेंट और जश्न के रुप में मनाए जाते हैं। जश्न मनाने की संस्कृति सैलिब्रिटी संस्कृति है। सैलीब्रिटी कल्चर कृत्रिम प्रस्तुति की संस्कृति है।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म क्या है? मंदिर क्यों जाते हैं? पूजा क्यों करते हैं? पूजा कैसे करनी चाहिए? पवित्रता किसे कहते हैं? आदि सवालों पर हमने सोचना बंद कर दिया है।

अब सारी चीजें पॉपुलर कल्चर और सैलीब्रिटी कल्चर से प्रभावित हो रही हैं। अब धर्म का नहीं सैलीब्रिटी कल्चर का अनुकरण करने लगे हैं। मंदिरों में हम जो विभिन्न तिथियों पर कार्यक्रम देखते हैं और खास दिन अचानक बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ देखते हैं या फिर दैनंदिन रुप में मंदिर जाने वालों को देखते हैं तो वे क्यों जाते हैं? कौन सी चीज है जो उनको प्रेरित करती है?

वे असल में अपनी भावनाओं की सर्जनात्मक अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। विभिन्न रुपों में अपने दुख-सुख-आनंद आदि को अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। मंदिर जाना, वस्तुतः अभिव्यक्ति का प्राचीनतम सार्वजनिक मानवीय कर्म है। मंदिर जाना, नदी स्नान करना आदि प्राचीनतम सार्वजनिक अभिव्यक्ति के रुप हैं।

अभिव्यक्ति के लिए सार्वजनिक स्पेस जरुरी है। इसने आधुनिक काल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रत्येक क्षेत्र में, प्रत्येक नागरिक के लिए विकास किया। जिस तरह धर्म अधिकार है, उसी तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी जनता का अधिकार है। यही वजह है धर्म और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानवाधिकार है। मंदिर जाने वाले सामूहिक तौर पर आनंद लेते हैं। कहने के लिए मंदिर जाना धार्मिक गतिविधि है। लेकिन असल में यह मानवाधिकार है।

-फेसबुक वॉल से

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से कम मतदान एक गंभीर मुद्दा

पहले दो-चरण का चुनाव 19 और 26 अप्रैल को हुआ था। 7 और 13 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे-चरण के बाद 379 लोकसभा सीटों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है। इस प्रकार से लोकसभा की कुल 543 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सीटों पर मतदान चुनाव पहले चार-चरणों में समाप्त हो चुका हैं। शेष 164 सीटों पर चुनाव बाकी तीन-चरण 20, 25 मई और 1 जून को होंगे।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में 400 से कम सीटों पर आम चुनाव लड़ रही है। सीटों की संख्या में कमी मुख्य रूप से सबसे पुरानी पार्टी की गठबंधन प्रतिबद्धताओं के कारण है। कांग्रेस इन चुनावों में विपक्ष के इंडी गठबंधन का हिस्सा है। 2019 में लड़ी गई कम से कम 101 सीटों को कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों में इंडी गठबंधन के सहयोगियों को दे दी है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है। जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडी गठबंधन में कांग्रेस द्वारा उदारवादी आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की हमेशा अंतर्निहित सीमाएं होती हैं लेकिन मतदाताओं के सामने आज यक्ष प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर विकलांग 'मजबूर सरकार' के लिए हो?

लोकसभा चुनाव -2024 के वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71

डॉ. भारत
पंजाब विवि, चंडीगढ़

> मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है।

प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण में क्रमशः 64.58 और 67.25 प्रतिशत मतदान हुआ। चारों का औसत 66.17 प्रतिशत आता है जो कि बहुत उत्साहवर्धक नहीं है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से देखें तो कम मतदान प्रतिशत अच्छी खबर नहीं है अपितु एक गंभीर मुद्दा है। हालांकि, अभी चार चरण का मतदान बचा हुआ है। अभी भी घटनाओं और आश्चर्यों की गुंजाइश है, जो चुनाव का रुख बदल सकते हैं। परन्तु खास बात है कि भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से किए गए कई प्रयासों के बावजूद कम मतदान प्रतिशत कई सवाल खड़े करता है। मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण क्या है? कम मतदान प्रतिशत कार्यकर्ताओं की उदासीनता है या फिर मतदाताओं की उदासीनता? कम मतदान के नतीजों से किस दल को फायदा और किस दल को नुकसान होगा? मतदाताओं को जगाने और उन्हें मत देने के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाने के लिए कौन जिम्मेदार है... भारतीय चुनाव आयोग या राजनीतिक दल?

मतदान का उच्च प्रतिशत जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। कम मतदान से किसे चुनावी फायदा होगा और किसको घाटा, वास्तव में इसका कोई हिसाब नहीं होता है। कई बार मतदान प्रतिशत गिरता है फिर भी सरकार जीत कर वापसी करती हैं और कई बार मतदान प्रतिशत कम होने से सरकारों को हार का भी सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है जो राजनीतिक राय व्यक्त करने का एक माध्यम है। मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में मदद करता है। मतदान का अधिकार सामाजिक जागरूकता को सक्रिय करता है और राजनीतिक सहयोग को सशक्त बनाता है। बहुत से मतदाता यह सोचते हुए मतदान नहीं करते कि एक मत से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के रूप में, भारत चुनाव की नींव पर बना है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की चुनाव प्रणाली हमेशा कारगर और सही साबित हुई है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है क्योंकि उसका मत भावी सरकार के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक होता है। 4 जून 2024 को वोटों की गिनती के साथ ही लोगों की राजनीतिक इच्छा सार्वजनिक हो जाएगी और नई सरकार के लिए अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता की बागडोर संभालने का सूर्योदय होगा।

विश्वसनीयता बनाए रखने को प्रयास जरूरी

बात 2019 के चुनाव की है। मेरी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी की थी। भरपूर ट्रेनिंग के बाद अंततः वो दिन भी आ गया। जब हमें चुनाव सामग्री और सामान ले अपने बूथ की तरफ प्रस्थान करना था। चुनाव सामग्री के साथ हमें बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और विविपैट दिया गया। हमे ट्रेनिंग में बताया गया था कि पूरे सिस्टम को लेने के बाद आपको उसे चेक करना है कि उसकी बैटरी वगैरह सही है या नहीं। सिस्टम सही होने पर ही ले जाना है अन्यथा शिकायत दर्ज करनी है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हमे जो विविपैट दिया गया था। उसका डोर टूटा हुआ था। यानी जहां से हाथ डाल हम पर्चियों को निकालेंगे उसी डोर का एक कब्जा टूटा हुआ था। मैंने खराब विविपैट को लेने से मना कर दिया और इसे बदलने के लिए कहा। इस पर वहां बैठे व्यक्ति ने कहा कि पहले इसे ठीक कर आपको देते हैं अन्यथा दूसरा देंगे क्योंकि इसके सीरियल नंबर की एंट्री आपके साथ हो चुकी है। उस व्यक्ति ने एक दूसरे आदमी को बुलाया और इसे ठीक करने के लिए कहा। दूसरे व्यक्ति ने एक नया डोर मंगवाया और उसे थोड़ा बेंड कर दोनों तरफ लगे होल में उसके बाहर निकले हिस्सों को फंसा दिया। डोर अब बिल्कुल सही हो गया था और बंद करने पर सील लगाने वाले होल भी सेट बैठ रहे थे। मैं विविपैट लेकर मतदान के लिए तो चला गया। लेकिन उसके डोर को सेट करने का दृश्य मेरी आंखों के सामने घूमता रहा। मैं यही सोच रहा था कि जिस तरह इसे लगाया गया, क्या उसी तरह खोला भी जा सकता है। क्योंकि सील तो नीचे लगी होती है।

खैर आज मशीन से चुनाव पर बहुत लोग संदेह करते हैं। और इसे फूल प्रूफ नहीं मानते। इसे लेकर सबसे पहले बीजेपी ने ही सवाल उठाए थे। उसके बाद देश की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस पर संदेह जाहिर किया। कुछ लोगों का मानना है कि परिणामों से छेड़छाड़ नही हो सकती। कुछ इसके विपरीत कहते हैं, फिर से बैलेट पेपर से चुनाव की बात भी करते हैं। लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए बैलेट पेपर एक समय खाने वाली प्रक्रिया है और इससे बाहुबलियों की बन आएगी। आज जरूरत लोगों के संदेह निवारण की है और इसके लिए चुनाव आयोग को ज्यादा पारदर्शिता लाने की जरूरत है। अभी जिस तरह चुनाव के बाद दिए गए आंकड़ों में 5 से 6 प्रतिशत का अंतर हो गया। उससे भरोसा घटता है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में बाकायदा एक याचिका भी लगाई गई है कि आंकड़े 48 घंटे के अंदर दिए जाने चाहिए। क्योंकि पहले चरण के आंकड़े 11 दिन बाद और दूसरे चरण के 4 दिन बाद दिए गए। चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास करने की जरूरत है। जिसमे सभी विविपैट की पर्चियों का मिलान की एक प्रमुख मांग भी है।

कश्मीर में चुनाव नहीं लड़कर भी भाजपा खेल रही जीत-हार का खेल

चुनाव : जम्मू-कश्मीर

राजपुरुष

अमृत विचार। जम्मू और कश्मीर से चार साल पहले अनुच्छेद 370 हटाने वाली भाजपा कश्मीर घाटी में लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रही है। लेकिन दिलचस्पी पूरी दिखा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कश्मीर की तीनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इसके बावजूद बड़ा सवाल यही है कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रहे भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन ने आखिरकार कश्मीर घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी उतारने से किनारा क्यों कर लिया। वह भी तब जब भाजपा बाकी देश में एक-एक सीट जीतने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

एक ओर जहां भाजपा की इस रणनीति को लेकर राजनीतिक विश्लेषक और विपक्षी दलों के नेता कह रहे हैं कि भाजपा ने ऐसा घाटी में लोगों के बीच फैले ग़ुस्से को बाहर आने से रोकने के लिए किया है, तो दूसरी तरफ यह मानने वालों की कमी नहीं है कि भाजपा के इस फैसले में बड़ी दूरदर्शिता छिपी है। यही वजह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी भाजपा को चुनाव नहीं लड़ने के लिए घेर तो रही हैं, लेकिन भाजपा की सियासी चाल से संशकित भी नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि भाजपा घाटी में अल्ताफ बुखारी की जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस को समर्थन देकर विधान सभा चुनाव के लिए अपनी मजबूत जमीन तैयार करने के काम में जुटी है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का यह डर बेवजह भी नहीं है, गृह मंत्री अमित शाह पिछले दिनों जम्मू में राज्य की भाजपा इकाई को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कह भी गए थे। उन्होंने साफ कहा था कि हम कश्मीर में कमल खिलाने की जल्दबाजी में नहीं हैं। बस एक बात याद रखें, लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों को वोट नहीं जाने दें। राज्य में विधानसभा चुनाव बरसात के बाद प्रस्तावित हैं। भाजपा नेता पार्टी के लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले को लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे लेने की रणनीति बताते हैं। माना जा रहा है कि भाजपा घाटी में लोकसभा चुनाव में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी को परोक्ष समर्थन दे रही है। इसके पीछे पार्टी की रणनीति है कि विधानसभा चुनाव में कश्मीर में यह दल उसकी मदद करें। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी भले ही नेशनल कॉन्फ्रेस और पीडीपी के मुकाबले छोटे दल हैं, लेकिन उनका अपना खास वोट बैंक है। अनंतनाग-राजौरी और बारामुला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की अपनी पैठ भी बहुत कमजोर नहीं हैं। यहां पार्टी ने जनजातीय आबादी को अपने पक्ष में मोड़ा है।

नेकां के अस्तित्व और पीडीपी की साख का सवाल

अमृत विचार। अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के तहत जम्मू संभाग की दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने के साथ ही कांग्रेस लद्दाख में चुनाव लड़ रही है, जबकि कश्मीर की तीनों सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने प्रत्याशी उतारे हैं। लेकिन घाटी की तीनों सीटों पर पीडीपी भी चुनाव लड़ रही है। श्रीनगर में 13 मई को चौथे चरण में मतदान हो चुका है। अब बारामूला लोकसभा सीट पर 20 मई और अनंतनाग-राजौरी में 25 मई को वोट पड़ने हैं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन सीटें और भाजपा ने तीन सीटें जीती थीं। लेकिन धारा 370 हटने के बाद अब जम्मू-कश्मीर में पांच लोकसभा सीटें हैं। दरअसल 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर राज्य था, जिसमें लद्दाख भी शामिल था, तब यहां छह लोकसभा सीटें थीं। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर हालात यह हैं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। माना तो यहां तक जा रहा है कि अब तक वर्चस्व कायम रखने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। श्रीनगर लोकसभा सीट पर रिकार्ड 38 फीसदी मतदान के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार शिया नेता आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी को पीडीपी के युवा अध्यक्ष वहीद पारा, अपनी पार्टी के अशरफ मीर तथा डीपीएपी के अमीर अहमद भट्ट ने कांटे की टक्कर दी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में श्रीनगर सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला ने पीडीपी उम्मीदवार आगा सैयद मोहसिन को हराकर 70,050 वोटों के बड़े अंतर से सीट जीती थी।

बारामुला में उमर की राह नहीं आसान

- बारामुला लोकसभा सीट से जहां 20 मई को मतदान होना है, चुनाव लड़ रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की राह आसान नहीं नजर आ रही है। यहां पीपुल्स कान्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन के अलावा निर्दलीय इंजीनियर रशीद व पीडीपी के पूर्व राज्यसभा सदस्य मीर मोहम्मद फैयाज नेशनल कॉन्फ्रेंस की उम्मीदों पर पलीता लगा रहे हैं।

महबूबा को अनंतनाग से जीत का भरोसा

- अनंतनाग राजौरी लोकसभा सीट से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। वह कह चुकी हैं कि भाजपा यहां उनके खिलाफ अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी का समर्थन कर रही है। अपनी पार्टी ने इस सीट से जफर इकबाल मन्हास को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस सीट पर मियां अल्ताफ अहमद मैदान में हैं।

लद्दाख सीट पर लगातार तीसरी बार कमल खिलाने की चुनौती

अमृत विचार । केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लद्दाख लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद जमयांग सेरिंग नामग्याल के स्थान पर लेह पर्वतीय विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद ताशी ग्यालसान को मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी सेरिंग नामग्याल से हो रहा है। लेकिन यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार नजर आ रहे हैं। इसकी वजह कारगिल के संगठनों की तरफ से चुनाव लड़ रहे हाजी हनीफा हैं, जो मुकाबले में आने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

क्षेत्रफल को लिहाज से देश के सबसे बड़े लोकसभा क्षेत्र लद्दाख में भाजपा के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। पार्टी टिकट कटने से नाराज मौजूदा सांसद जमयांग को मनाने में कामयाब रही है, लेकिन जनता के एक वर्ग में केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद मांगे पूरी नहीं होने से थोड़ी नाराजगी है। पार्टी ने इसके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू यहां डेरा डाले हैं। 2019 में भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल ने निर्दलीय उम्मीदवार सज्जाद हुसैन को 10 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। निर्दलीय असगर अली करबलाई तीसरे और कांग्रेस चौथे नंबर पर रही थी। 2014 में लद्दाख से भाजपा के थुपस्तान छेवांग सांसद चुने गए थे। लद्दाख में करीब दो लाख मतदाता हैं। यहां 20 मई को मतदान होना है।

जम्मू व उधमपुर में कांग्रेस रोक पाएगी जीत की हैट्रिक

- उधर, जम्मू से आने वाली दोनों लोकसभा सीटों पर पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने कमल खिलाया था। इन दोनों सीटों पर मतदान हो चुका है। जम्मू से इस बार जुगल किशोर शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने उतरे थे, उन्होंने 2014 में भी जीत हासिल की थी। इस बार यहां उनका मुकाबला रमन भल्ला से हुआ है, जिन्हें इंडिया गठबंधन के तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन प्राप्त था। उधर, उधमपुर सीट पर भाजपा सांसद केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह के बीच मुकाबला हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह के लिए भी उधमपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वह 2014 और 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पार्टी को इस बार भी दोनों सीटों पर जीत मिलने की पूरी उम्मीद है



हिमाचल में बढ़ी सियासी गर्मी, पहली जून को राज्य की सभी चार लोकसभा सीटों पर मतदान

दांव पर लगे हैं दावे बड़े, शह और मात की हो रही जोर आजमाइश

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा पिछले दो चुनावों से राज्य में कर रही क्लीन स्वीप, इस बार लगा पाएगी जीत की हैट्रिक
- पिछले चुनाव में तीन लाख से ज्यादा मतों से भाजपा ने खिलाया था राज्य की सभी सीटों पर कमल

हिमाचल में मौसम अभी हिंदी पट्टी के अन्य राज्यों से ठंडा है, लेकिन सियासी गर्मी है कि बढ़ती ही जा रही है। राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए पहली जून को मतदान होना है। 2014 और 2019 की मोदी लहर में प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार क्लीन स्वीप करके हैट्रिक लगाने का दावा कर रही है। लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार होने से इस बार मुकाबला पहले जैसा आसान नहीं है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की चारों सीटों पर जीत का अंतर तीन लाख या इससे ऊपर था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस मत अंतर को पाटना है। फिलहाल कांग्रेस और भाजपा दोनों ओर से जनता का समर्थन पाने की जोर आजमाइश जोर पकड़ती जा रही है। हिमाचल की राजनीति कांग्रेस और भाजपा के बीच झूलती रही है। ऐसे में कई बार जनता का मन भांपना मुश्किल हो जाता है। इसके चलते ही यहां कई बार दिग्गजों को भी हार का स्वाद चखना पड़ा है। हिमाचल में ऐसे दर्जनों बड़े नेता हैं, जिनका करारी शिकस्त से सामना हो चुका है। लोकसभा चुनाव में बड़े नेताओं में धूमल, शांता, वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। राज्य में अभी सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार का साढ़े तीन साल का कार्यकाल शेष है, इसलिए फिलहाल सत्ता विरोधी लहर की बात बेमानी है। ऐसे में 10 साल बाद लोकसभा सीट जीतकर कांग्रेस के लिए खाता खोलने का पूरा अवसर है।



2019 का परिणाम

लोस सीट	दल	प्रत्याशी	वोट मिले
कांगड़ा	भाजपा	किशन कपूर	7,25,218
	कांग्रेस	पवन काजल	2,47,595
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
मंडी	भाजपा	रामस्वरूप शर्मा	6,47,189
	कांग्रेस	आश्रय शर्मा	2,41,730
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
शिमला	भाजपा	सुरेश कुमार कश्यप	6,06,183
	कांग्रेस	धनी राम शांडिल	2,78,668
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
हमीरपुर	भाजपा	अनुराग ठाकुर	6,82,292
	कांग्रेस	राम लाल ठाकुर	2,83,120



सुखविन्दर सिंह सुक्खु ।

सीएम सुक्खू की सरकार का पैमाना होंगे परिणाम

- हिमाचल में लोकसभा चुनाव में भाजपा पर अपने हैवीवेट प्रदर्शन को दोहराने का दबाव है तो कांग्रेस के सामने साख बचाने की चुनौती है। प्रदेश में सरकार होने के बाद भी हाल के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ा झटका झेला है। डेढ़ वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 68 में 40 सीटें जीती थीं। लेकिन छह विधायकों के विद्रोही हो जाने से अब उसके पास 34 विधायक हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के परिणाम से यह भी पता चलेगा कि जनता राज्य की कांग्रेस सरकार से कितनी संतुष्ट है।

कंगना रनौत।

विक्रमादित्य सिंह।

मंडी में क्वीन और किंग की लड़ाई में किसके सिर पर सजेगा जीत का ताज

- मंडी लोकसभा सीट पर इस बार देश भर की निगाह है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत यहां से भाजपा की प्रत्याशी हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के युवा नेता विक्रमादित्य सिंह से है। लोग इसे किंग और क्वीन की लड़ाई भी बता रहे हैं। विक्रमादित्य हिमाचल सरकार में लोक निर्माण मंत्री हैं। उनकी मां प्रतिभा सिंह हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मंडी लोकसभा सीट से ही सांसद हैं। विक्रमादित्य शिमला (ग्रामीण) विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक हैं। उनके पिता और मां दोनों ने इस सीट पर तीन-तीन बार जीत दर्ज की है। कंगना रनौत की दो महीने पहले ही राजनीति में एंट्री हुई है। उनकी लंबे समय से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मंडी लोकसभा सीट का इतिहास काफी दिलचस्प है। ये सीट कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा के खाते में आती-जाती रही है। पिछले 2019 के चुनाव में यहां भाजपा के राम स्वरूप वर्मा को चार लाख से ज्यादा मतों से जीत मिली थी।

अनुराग ठाकुर की जीत का पंजा रोक पाएगा कांग्रेस का हाथ

अनुराग ठाकुर।

हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर इस बार जीत का पंजा लगाने उतरे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे तेजतर्रार युवा नेता अनुराग ने पहला चुनाव वर्ष 2008 में लड़ा था, इसके बाद से लगातार 2009, 14 और 19 में जीत हासिल की थी। साल 2019 में उन्होंने लगभग चार लाख मतों से जीत हासिल करके कमल खिलाया था। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र को भाजपा का गढ़ माना जाता है। 1967 के बाद 2014 तक हुए 15 चुनावों में भाजपा ने यहां नौ बार जीत दर्ज की है। अनुराग ठाकुर के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमा धूमल भी इस सीट से तीन बार सांसद रहे हैं। कांग्रेस ने हमीरपुर सीट से निष्ठावान पदाधिकारी सतपाल रायजादा पर दांव लगाया है।

कांगड़ा में आनंद शर्मा के सामने भाजपा से बड़ी समय की चुनौती



आनंद शर्मा।

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने इस बार अपने दिग्गज नेता आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाकर ब्राह्मण कार्ड खेला है। वह कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़े हैं। राज्यसभा सदस्य ही निर्वाचित होते रहे हैं। आनंद की राह में सबसे बड़ी चुनौती सीमित समय मिलना है। उन्हें प्रचार के लिए तीन हफ्ते का समय ही मिला है, जबकि भाजपा यहां काफी पहले से अपना मैदान सजाए बैठी है। पार्टी ने अपने सांसद की जगह डॉ राजीव भारद्वाज को प्रत्याशी बनाया है। उनका यह पहला चुनाव है, लेकिन वह काफी समय से प्रचार में जुटे हैं। भाजपा संगठन पन्ना प्रमुख सम्मेलन और मोर्चों के कार्यक्रमों की श्रृंखला पूरी कर चुका है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने अनुसूचित जनजाति वर्ग से किशन कपूर को टिकट दिया था और वह प्रदेश में सबसे अधिक मतों से चुनाव जीते थे। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में राजपूत, अन्य पिछड़ा वर्ग व ब्राह्मण मतदाता अधिक हैं। यहां 34 प्रतिशत राजपूत, 32 प्रतिशत ओबीसी, 20 प्रतिशत ब्राह्मण व 14 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति मतदाता हैं।

शिमला में भाजपा की जीत का चौका, कैच करने के लिए खड़े सुल्तानपुरी

विनोद सुल्तानपुरी ।

शिमला लोकसभा सीट पर 2009 से भाजपा का कब्जा है। पार्टी इस बार जीत का चौका मारना चाहती है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप दूसरी बार चुनाव में मैदान में उतरे हैं। उन्होंने पहली बार जब 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़ा था, तब पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। सुरेश कश्यप ने सवा तीन लाख से ज्यादा वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी को मात दी थी। वह हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस बार सुरेश का मुकाबला कसौली से कांग्रेस के विधायक विनोद सुल्तानपुरी से है। सुल्तानपुरी को राजनीति पिता से विरासत में मिली है। उनके पिता केडी सुल्तानपुरी शिमला संसदीय सीट से छह बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि सुल्तानपुरी कांग्रेस से 2012 और 2017 के विधानसभा चुनाव में हार गए थे। लेकिन साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कसौली से जीत हासिल की थी। उन्होंने इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल को हराया था।

हजारीबाग में दो भाजपा विधायक आमने-सामने

चुनाव डेस्क

मनीष जायसवाल।

जयप्रकाश भाई पटेल।

- कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक पर दांव लगाकर मुकाबला बनाया रोचक
- कांग्रेस के लिए पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा कर रहे प्रचार, पौत्र ने भी थामा हाथ का साथ

अमृत विचार। झारखंड की हजारीबाग लोकसभा सीट पर इस बार दो विधायकों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। भाजपा ने इस सीट पर मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है तो कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। लोकसभा चुनाव में आमने-सामने आए दोनों विधायक वर्ष 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग की ही दो सीटों से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। अब इस मुकाबले में बड़ा सवाल यही है कि हजारीबाग में इस बार भाजपा को अपने गढ़ में शिकस्त मिलेगी या लगातार चौथी बार कमल खिलेगा।

हजारीबाग लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार सदर सीट के विधायक मनीष जायसवाल को टक्कर दे रहे मांडू सीट के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल (जेपी पटेल) को पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने पहले समर्थन देने का ऐलान किया था, अब चुनाव प्रचार में भी हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। इससे मुकाबला कांटे का होने का आसार बनते जा रहे हैं। मनीष जायसवाल जहां लगातार दो बार विधायक चुने गए हैं, वहीं जयप्रकाश भाई पटेल तीन बार। सियासत के मैदान में दोनों विधायक अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। जेपी पटेल मांडू सीट से भाजपा विधायक और विधानसभा में भाजपा के सचेतक थे। उनके भाजपा छोड़ने की किसी को उम्मीद नहीं थी। लेकिन भाजपा को उसके गढ़ में पस्त करने के लिए कांग्रेस ने व्यूह रचना की। जेपी पटेल भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए और पार्टी ने उन्हें हजारीबाग से लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया।

हजारीबाग के मौजूदा भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने चुनाव लड़ने से मना करते हुए संसदीय राजनीति से सन्यास का ऐलान कर दिया था, दरअसल उन्हें अपना टिकट कटने का अंदेशा हो गया था। जयंत सिन्हा पूरे चुनाव में कहीं सक्रिय नहीं हैं। यहां तक कि भाजपा की किसी बैठक तक में नहीं शामिल हुए हैं। अब उनके बेटे आशिर सिन्हा के कांग्रेस में शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है।

दोनों के बीच पहले भी हो चुकी है भिड़ंत

- मनीष जायसवाल और जेपी पटेल 2011 में भी एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। उस समय मांडू के विधानसभा उपचुनाव में जेपी पटेल जेएमएम और मनीष जायसवाल जेवीएम के उम्मीदवार थे। जीत जेपी पटेल की हुई थी। पटेल के पिता टेकलाल महतो जेएमएम के कद्दावर नेता रहे हैं। वो मांडू से पांच बार विधायक और गिरिडीह से एक बार जेएमएम के सांसद रहे हैं। पिता की सीट से जेपी पटेल जेएमएम के टिकट पर विधायक चुने गए थे, लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और 2019 में भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे।

मांगा समर्थन

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने जनसंपर्क किया और मतदाताओं से संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा।

भविष्य के डॉक्टरों ने चुनाव पर भी की दिल की बात

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों ने बेबाकी से रखें चुनावी मुद्दे

- आने वाली सरकार से आस, शिक्षा, चिकित्सा और मिले रोजगार
- लोकसभा चुनाव को लेकर एमबीबीएस छात्रों ने उठाए मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में 20 मई को चुनाव है। जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। हर तरफ चुनावी चर्चा का माहौल है। आने वाले समय मे देश की बागडोर किसके हाथों में होगी, इसकी जोरों पर चर्चा है। हर चुनाव में युवाओं की अधिक भागीदारी मानी जाती है।

अमृत विचार ने इसी कड़ी में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों से उनके मुद्दे जाने। जिस पर एमबीबीएस के छात्रों ने कहा कि आने वाली सरकार ऐसी हो जो शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार की गारंटी दे। छात्रों का कहना है कि देश की आर्थिक मजबूती में युवाओं का बड़ा योगदान होता है। उनकी काबिलियत के अनुसार यदि रोजगार मुहैया हो तो आगे आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी सुधरेगा।

पेपर लीक होने जैसी घटनाएं हर हाल में रुकनी चाहिए। निजी कॉलेजों की मनमानी पर अंकुश लगाना भी जरूरी है। साथ ही सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल पर टिप्पणी भी की।

जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए

विनीत मौर्य

छात्र विनीत ने कहा सरकारों को जमीन स्तर पर योजनाओं को लेकर हकीकत को परखना चाहिए। जैसे फ्री अनाज, पीएम आवास योजना में घपला हो जाता है। कोटेदार अनाज कम देता है और गांव का मुखिया अपने करीबी को पीएम आवास दिला देते हैं। ऐसे में सरकार को जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए कि जो योजना हमने लागू की है।

आने वाली पीढ़ी को मजबूत करें


अनिमेश श्रीवास्तव

अमृत विचार से संवाद के दौरान एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र अनिमेश श्रीवास्तव ने बताया कि आजादी के बाद शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव आया है। लेकिन बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है। हम लोग दूर दराज यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। पढ़ाई के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

वादे नहीं होते पूरे

निशांत गोस्वामी

छात्र निशांत गोस्वामी ने बताया कि सरकारें वादे तो करती हैं लेकिन पूरा नहीं करती हैं। युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेपर लीक होना है। सालों साल छात्र तैयारी करते हैं। लेकिन पेपर लीक हो जाता है। इस व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए और भी कई तरह कि छात्रों के लिए चुनौतियां हैं। चिकित्सा क्षेत्र में बड़े बदलाव की जरूरत है।

हर क्षेत्र में हुआ सुधार

तरुण कुमार

छात्र तरुण कुमार ने कहा कि देखा जाए तो बीते 10-12 सालों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। हर क्षेत्र में सुधार हुआ है। लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार हैं। सरकार को युवाओं की चुनौतियों को कम करने की योजना पर काम करना चाहिए। आज बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, भरा जोश

बोले, हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए

राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है।

मोदी ने कहा कि हमारे बूथ पर पिछली बार जितने वोट मिले थे उसका हिसाब लगा लीजिए। इस बार वो रिकॉर्ड तोड़ना है। इसी कड़ी में उन्होंने मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होता है। पंचायत चुनाव में भी जीतना हो तो नाकों चने चबाने पड़ते हैं। 24 घंटे लोगों के प्रति समर्पित रहना पड़ता है, तब जनता प्यार करती है और अपना आशीर्वाद देती है। ऐसे में इस बार भी जनता का यह प्यार, यह उत्साह, यह आशीर्वाद रोड शो के साथ-साथ ईवीएम में भी दिखाई देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह धारा 370 हटाने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था, इस सपने को हमने पूरा किया है। मेरे जीवन की सबसे बड़ी घटना जम्मू-कश्मीर और श्रीनगर में बड़ी संख्या में मतदान होते देखना है। अगर श्रीनगर कर सकता है तो क्या काशी नहीं कर सकता है। इसीलिए 370 कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। मेरी इच्छा है कि हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए। यह मेरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बिना रुके-झुके और थके मोदी ने किया है कार्य : योगी

- **रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित**

राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी : योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने 10 वर्षों तक बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आत्मनिर्भर व विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। काशी में उनके नामांकन पर दुनिया कौतूहल व आश्चर्य से निगाह लगाई थी। यह विचार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मंगलवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वाराणसी संसदीय सीट के लिए आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रकट किए। योगी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि काशी को नए रिकॉर्ड बनाने की तरफ अग्रसर होना है, क्योंकि काशीवासियों से जनप्रतिनिधि व संगठन के लोगों से मार्गदर्शक के रूप में प्रधानमंत्री का जुड़ाव प्रेरणादायी है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में इन नेताओं की रही मौजूदगी

कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय मंत्री व चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, मछलीशहर के सांसद व प्रत्याशी बीपी सरोज, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, लोकसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी, काशी के जिलाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

अपनी ढपली अपना राग

भाजपा हिंदुस्तान की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। कोई भी बता दे कि हमने चुनावी घोषणा पत्र की बातें पूरी न की हों। हमारी कथनी-करनी में कभी अंतर नहीं रहा है। – राजनाथ सिंह

हम अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़े में फेंक देंगे। शहीदों के नाम पर हम भेदभाव नहीं होने देंगे। मुफ्त अनाज योजना कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी। – राहुल गांधी

मुलायम के लिए पहले समाज के वर्गों की चिंता प्राथमिकता से रही है और अखिलेश के लिए सत्ता सर्वोपरि है। मोदी ने सबका साथ-सबका विकास को सिद्ध करके दिखाया। – मोहन यादव

किसानों की आय दोगुनी छोड़िए। न खाद मिली, मिली तो चोरी हुई। ताली थाली बजवाकर वैक्सीन लगवा दिया। किसानों को नैनो यूरिया दिलवा दी, जिसका कोई लाभ नहीं। – अखिलेश यादव

इलेक्शन बायस्कोप

चुनावी मौसम में जनसभा अथवा रैली चाहे एनडीए की हो या इंडी गठबंधन की, उमड़ रही भीड़ देखते बनती है। ऐसी भीड़ को देखकर कतई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि पलड़ा किस दल का भारी है। राहुल-अखिलेश की मंगलवार को जालौन में आयोजित एक संयुक्त रैली में भीड़ का यह दृश्य नजर आया। -अमृत विचार

आरक्षित सीटों पर महारथियों की भी जुड़ी प्रतिष्ठा

नेता जुटे अपने-अपने बच्चों के चुनाव प्रबन्धन में

कई सीटों पर आ सकते हैं चौंकाने वाले परिणाम

बाराबंकी समेत कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश में 17 आरक्षित सीटें हैं, इन सीटों पर प्रत्याशी हीं नहीं, महारथियों की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। इन सीटों पर भाजपा अपने पूर्व की भांति, 2014 चुनाव जैसा क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं सपा व कांग्रेस ने कद्दावर नेताओं के पुत्रों को प्रत्याशी बनाकर चुनौती बढ़ा दी हैं। पर्दे के पीछे महारथियों के उतरने से कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा समेत एनडीए गठबंधन ने प्रदेश की सभी आरक्षित सीटों पर विजय प्राप्त की थी, और 2019 में अपना दल (एस) के साथ 15 सीटों पर जीत दर्ज की थी। प्रदर्शन को कायम रखने के लिए भाजपा ने अधिकांश आरक्षित सीटों पर मौजूदा सांसदों पर ही भरोसा जताया है। मगर, वर्तमान में इन सीटों का राजनीतिक समीकरण बदल गया है।

आरक्षित सीटों की बात करें तो कौशांबी में भाजपा के मौजूदा सांसद शुमार विनोद सोनकर के सामने सपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता इंद्रजीत सरोज के पुत्र युवा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज चुनौती पेश कर रहे है। अपने पुत्र के चुनाव का पूरा प्रबन्धन इंद्रजीत खुद कर रहें हैं। यहीं हाल, मछली शहर सीट का है, भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने मुकाबले में सपा नेता तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज हैं। दोनों ही नेता अपने बच्चों को चुनाव जिताने के लिए रात-दिन एक किये हुए हैं।

इसके बाद बाराबंकी सीट की बात करें तो भाजपा के पहले प्रत्याशी व मौजूदा सांसद उपेंद्र रावत की वजह से चर्चा में आई थी। सांसद को टिकट देते ही एक वीडियो वायरल होने पर, भाजपा बैकफुट पर आ गई और प्रत्याशी बदलकर राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के तनुज पूनिया मैदान में है, जो कि पूर्व आईएएस और दिग्गज कांग्रेसी नेता पीएल पुनिया के पुत्र हैं। वहीं बसपा के शिव कुमार दोहरे चुनाव को त्रिकोणिय बनाने में जुटे हैं। शाहजहांपुर सीट पर भी भाजपा ने वर्तमान सांसद अरुण सागर उतारा है। इनका मुकाबला सपा की युवा प्रत्याशी ज्योत्सना से है।

इस सीट पर भाजपा की प्रतिष्ठा जुड़ी है क्योंकि प्रदेश सरकार के तीन मंत्री - वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़ शाहजहांपुर से जुड़े हुए हैं।

नगीना सीट पर भाजपा ने नहटौर के विधायक ओम कुमार को दिकट दिया है, सपा ने मनोज कुमार को मैदान में उतारा है। मगर इस सीट पर आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर रावण ने ताल ठोक दी है, इससे सीट पर बदले समीकरण का खुलासा 4 जून को देखने को मिलेगा। आजमगढ़ अंतर्गत लालगंज सीट पर भाजपा की वर्तमान विधायक नीलम सोनकर का मुकाबला बसपा की डॉ. इंदू चौधरी और सपा के दरोगा प्रसाद सरोज है। यह सीट वर्तमान सांसद संगीता आजाद के लिए प्रतिष्ठा का विषय है, क्योंकि चुनाव के पहले पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया है, भाजपा को पूरी उम्मीद है, इसके आने से यह सीट भी उनके खाते में आ जाएगी। इसके अलावा इटावा सीट को हथियाने के लिए सपा ने जितेंद्र दोहरे को मैदान में उतारा है, सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर भाजपा ने प्रो. रामशंकर कठेरिया और बसपा ने सारिका सिंह बघेल को उतार कर चुनौती दी है। इसी प्रकार अन्य हर एक आरक्षित सीट पर समीकरण बदले-बदले मिल रहें हैं, भाजपा एक-एक सीट को बचाने के लिए कील कांटा मजबूत करने में लगी है, वहीं इंडिया गठबंधन ने एक-एक सीट पर कई-कई दिग्गज नेताओं को लगाकर भाजपा के मिशन 80 को धराशायी करने का मंसूबा बना रखा है।

पीएल पुनिया

इंद्रजीत सरोज

तुफानी सरोज

सुरेश खन्ना

जितिन प्रसाद

संगीता आजाद

बंट जाते हैं वोट

राजनैतिक विश्लेषक का मानना है कि आरक्षित सीटों पर सभी उम्मीदवार अनुसूचित जाति के होते हैं। इसके चलते अनुसूचित जातियों के वोट यहां बंट जाते हैं। ऐसे में दूसरी जातियों के वोट निर्णायक हो जाते हैं। इसलिए गैर-अनुसूचित जातियों के वोटों को लेकर राजनीतिक पार्टियां अलग रणनीति बनाती हैं। क्योंकि सवर्ण जाति के मतदाताओं के पास विकल्प कम होते हैं।

ये 17 सीटें आरक्षित

नगीना, बुलन्दशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराईच, जालौन, मोहनलालगंज कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछलीशहर, बांसगांव और रॉबर्ट्सगंज

वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके मोदी : कांग्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा-स्वास्थ्य और देश की तरक्की के लिए कोई हाथ नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी व चित्रा निषाद बाथम, सुबोध श्रीवास्तव और प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने कहा कि मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके हैं। कांग्रेस नेता मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि 2014 में नामांकन भरते समय मोदी ने गंगा की सफाई व काशी के लिए बड़े-बड़े वादे किये थे। वाराणसी में बंदरगाह बनाने व इससे हजारों लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया था। आदर्श ग्राम योजना के तहत कई गांवों को गोद लिया गया। इन गांवों में पानी, सड़क, शौचालय, सबको आवास जैसे कई बढ़-चढ़ कर वादे किए गए, पर उसे पूरा नहीं किया गया है। वाराणसी के सीवर और नालों की स्थिति ठीक नहीं है। वाराणसी में स्थानीय लोगों की रिपोर्ट है कि मैला ढोने की कुप्रथा के कारण 25 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

मुस्लिम और अनुसूचित वर्ग के मतों से बदलेगा चुनावी समीकरण

प्रमुख दलों के प्रत्याशी लगा रहे बड़े वोट बैंक में सेंध, फेंक रहे जाति का पासा

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

अमृत विचार: जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, बाराबंकी में राजनीतिक घमासान तेज होता चला जा रहा है। बड़े नेताओं की ताबड़तोड़ रैली की वजह से राजनीतिक लड़ाई बेहद दिलचस्प होती जा रही है। यहां अब तीनों प्रमुख दलों की निगाह अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिक गई है। इस वर्ग के यहां करीब 48 प्रतिशत से अधिक मतदाता है ,जो यदि एकजुट होकर किसी पार्टी के पक्ष में मतदान करते हैं तो जीत- हार के समीकरण काफी हद तक बदले जा सकते हैं। इसके लिए तीनों दलों के रणनीतिकार राजनीति की बिसात पर जातीय पासा फेंकने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे । हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो आना आने वाला भविष्य तय करेगा।

बाराबंकी संसदीय सीट लगातार दो बार से भाजपा के कब्जे में है। यहां भाजपा के लिए जहां हैट्रिक लगाने की चुनौती है ,तो वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव उसके अस्तित्व की लड़ाई से जुड़ी हुई है। बसपा भी अपना खोया हुआ जनाधार वापस लाने के लिए बेताब दिख रही है। लगातार दस सालों से भाजपा के कब्जे में रहने वाली इस सीट व भाजपा के वर्चस्व को ढहाने के लिए विपक्षी दल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा के टिकट से प्रियंका रावत के खिलाफ यहां से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.पीएल पुनिया तो सपा ने रामसागर को अपना प्रत्याशी बनाया था। लेकिन मोदी लहर के आगे कोई टिक न सका और विरोधी दलों को पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को तो इंडी गठबंधन ने तनुज पुनिया को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां बसपा ने शिव कुमार दोहरे को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। अब तक के समीकरणों में तीनों प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ते दिख रहे हैं। सबकी नजर इस समय अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिकी है । उन्हें साधने के लिए सभी अपने अपने मोहरे फिट कर रहे हैं। कांग्रेस से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया पिछड़ा वंचित और मुस्लिम को अपना परम्परागत वोट बैंक बता कर इन मतदाताओं को एक सूत्र में बांध कर इस बडे. वोट बैंक पर अपना एकाधिकार बताने का काम कर रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी सबका साथ सबका विकास का नारा दे मतदाताओं के बीच गहरी पैठ बनाने में जुटी हैं ,और सरकार द्वारा इन वर्गों के लिए चलाए जाने वाली योजनाओं को अपनी सभी जनसभाओं में गिना कर इस वोट बैंक को अपनी ओर खींचने की कोशिश में हैं।

बसपा प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे इस वर्ग के मतदाताओं को अपना वोट बैंक बताने से नहीं चूक रहें। बसपा प्रत्याशी भी पिछड़ा ,मुस्लिम मतों को जोड़ने की जुगत में है। सियासत दारों का कहना है कि सभी प्रत्याशी और उनके खेवनहार अपनी- अपनी सियासी शतरंज पर अपने तरीके से पासे फेंक रहे हैं। अब देखना यह है कि इन तीनों वर्ग के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने के लिए की गई कसरत 20 मई को होने वाले चुनाव में किस पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करती है। मुस्लिम वंचित और पिछडी. जातियों ने जिस पार्टी की ओर अपना रुख किया उसे पार्टी के प्रत्याशी का सियासी समीकरण के साथ जीत - हार का परिदृश्य ही बदल जाएगा ।

राजरानी रावत

तनुज पुनिया

शिव कुमार दोहरे

वर्गवार मतदाताओं की सम्भावित स्थिति



चुनावी चक्कर

- **शाह बोल रहे भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक समीक्षक भले ही अपनी-अपनी गणित लगाने में जुटे हों, लेकिन गृह मंत्री अमित शाह की गणित साफ है। इन दिनों चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह बता रहे हैं कि अब तक हुए मतदान में ही भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है। शाह के मुताबिक, 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है और इन 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। अब आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। वह रैली में आने वाले लोगों से सवाल करते हैं कि बताओ कि 400 पार कराओगे क्या। जोर से बोलो कराओगे क्या। इसी सवाल के साथ वह जिस राज्य में होते हैं वहां की सीटों की संख्या बताते हुए आगे जोड़ते हैं कि यहां इतनी सीटें जीताओगे क्या। गृह मंत्री अपने उद्बोधन में ईवीएम के बारे में आ रहीं विपक्ष की शिकायतों का भी संज्ञान लेते हैं। कहते हैं, जो चुनाव हार रहे हैं वहीं ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। शाह साफतौर पर यह भी कह रहे हैं कि किसी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। सब के सब जेल जाएंगे। अमित शाह के अनुसार, राहुल बाबा को 22 जनवरी को राम लला के अभिषेक में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया था। लेकिन, उन्हें अपने वोट बैंक का डर था और वे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। जो कि 70 साल के संघर्ष के बाद आयोजित किया गया था।

राजीव गांधी को देशद्रोही कहते हैं प्रधानमंत्री, कांग्रेस में शामिल हुए बसपा छोड़ने वाले नेता

हमारे परिवार को गालियां देने के अलावा कोई काम नहीं उनके पास: प्रियंका

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा कि 1980 के दशक में अमेठी में एक नई राजनीतिक परम्परा स्थापित हुई उसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री के रूप में हमारे पिता जी ने की थी। हमारे पिता मरते दम तक अमेठी के सांसद रहे । उनके व्यवहार में कभी कोई बदलाव नहीं आया।

प्रधानमंत्री में अहंकार दूर-दूर तक नहीं था । वर्तमान प्रधानमंत्री राजीव जी को देश द्रोही कहते हैं। हमारे परिवार को गालियां देने और देश की जनता से झूठ बोलने के अलावा और कोई काम उनके पास नहीं है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनता की समस्याएं सुनना ओर उनका समाधान करना देश के हर नेता का धर्म होना चाहिए। प्रेम, आदर और श्रद्धा का रिश्ता कायम रहना चाहिए। प्रियंका ने काला धन वापस लाने, नोटबंदी, जी एस टी और मंहगाई के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को घेरा। कहा कि देश में न्याय, सम्मान और भाईचारे की राजनीति वापस लाने के लिए 20 मई को इंडिया एलायंस के प्रत्याशी के एल शर्मा को भारी मतों से जिताएं। इसके पूर्व रविवार को बहुजन समाज पार्टी छोड़ने वाले बसपा नेता कांग्रेस कार्यालय में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रियंका गांधी वाड्रा के समक्ष कांग्रेस में शामिल हो गए। सभा को बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए राम-लखन शुक्ला, आप के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, किशोरी लाल शर्मा, प्रेम नारायण तिवारी आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह त्रिसुंडी ने किया।

फूल मालाओं से प्रियंका गांधी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

स्वागत समारोहों व बैठकों में शामिल हुईं प्रियंका गांधी

मंगलवार को प्रियंका गांधी मीटिंग और स्वागत समारोह में शामिल हो रही थी। पहले नहर कोठी, फिर मोहैया केसरिया में प्रियंका अपने संबोधन के दौरान पिता राजीव गांधी द्वारा कराए गए विकास कार्यों को बताया। प्रियंका गांधी ने कहा कि जब मैं छोटी थी तो पिता जी ने मुझे प्रचार करने के लिए भेजा तो मैं उस समय बहुत असमंजस में थी कि प्रचार में बोलना क्या है। मन की कसक को दूर करने के लिए मैने पिता जी से पूछा की प्रचार में बोलना क्या है तो पिता जी ने बताया कि जो विकास कार्य जनता के बीच में सरकार रहते हुए कराए गए हैं उसी को बताना है। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि एक पिता जी प्रधानमंत्री थे जो प्रचार में विकास कार्यों को गिनाने के लिए कहते थे। एक हमारे प्रधानमंत्री और सांसद है जो कहते फिरते है कि आपके पास दो भैंस है तो कांग्रेस सरकार आएगी तो उसमें से एक बेच लेगी। प्रियंका गांधी ने स्वागत समारोह और कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कांग्रेस सरकार में कराए गए विकास कार्यों को गिनाने के साथ विपक्ष पर तीखा प्रहार करती रही।

ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : फर्जी काल सेंटर खोलकर विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों द्वारा संचालित किए जा रहे फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी द्वारा ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने सरगना को ओम प्लाजा अपार्टमेंट से पकड़ा। इसके खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज है।

एसटीएफ डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि फर्जी काल सेंटर खोलकर एक गिरोह द्वारा वेबसाइट संचालित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। सोमवार की शाम सूचना मिली कि फर्जी कॉल सेंटर लचाने वाला सरगना मो. दानिश ओम प्लाज़ा अपार्टमेंट के कार्यालय संख्या 06 में मौजूद है। इस दौरान उपनिरीक्षक अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह सहित कई एसटीएफ कार्मिक मौके पर पहुंचे और मो. दानिश को गिरफ्तार कर लिया। दानिश ने पूछताछ में बताया कि हम लोग विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाली वेबसाइट से ऑनलाइन टेलीग्राम चैनल खरीदते हैं और टेलीग्राम व डार्कवेब के जरिएकई विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों के संपर्क में हैं।

राहुल गांधी के मामले में फिर टली सुनवाई अब 27 को पेशी

सुलतानपुर, अमृत विचार: विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के वकील ने राहुल गांधी की तरफ से हाजिरी माफी दी। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 27 मई की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है।

एसपी रायबरेली अभिषेक के खिलाफ एसआईटी गठित

आईजी रेंज और डीआईजी सुरक्षा टीम में किए गए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट के आदेश पर रायबरेली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ डीजीपी ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दी है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी में डीआईजी सुरक्षा वीके सिंह भी शामिल हैं। जांच शुरू कर दी गई है और 03 जुलाई को एसपी अभिषेक अग्रवाल का बयान लिया जाएगा। रायबरेली के खीरो थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था।

महिला याचिकाकर्ता गोमती मिश्रा (70) ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे अलख मिश्रा (29) को पुलिस ने 31 मार्च की रात चोरी करने और हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जहां से गिरफ्तारी की गई वहां एक पेट्रोलपंप है। पेट्रोलपंप पर लगे सीसीटीवी में गिरफ्तारी का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे अलख के पास एमबीए डिग्री है। अलख का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। चोरी के झूंठे मामले में फंसाया गया है। कारणों का हवाला देते हुए उसने कहा कि बेटे अलख मिश्रा ने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को निजी वाहन देने से इनकार कर दिया था। इसी से नाराज होकर एसपी ने अन्य आरोपों में बेटे को गिरफ्तार कराया। याचिका में रायबरेली जनपद के खीरो और सरेनी थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच की भी मांग की थी।

● 3 जुलाई को लिया जाएगा एसपी अभिषेक का बयान

मुख्यालय से एसआईटी का गठन कर दिया गया है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में जांच शुरू की गई है। जो भी रिपोर्ट आएगी, उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा

– अमरेंद्र कुमार सेंगर
एडीजी, लखनऊ जोन

भंडारे में पहुंचने पर स्मृति का हुआ जमकर विरोध

अमेठी अमृत विचार : पाल समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ का फायदा लेने पहुंची भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को विरोध का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को कोरारी के एक गांव में भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। चुनावी दौर में भीड़ देखकर फायदा उठाने केंद्रीय मंत्री पहुंच गई। उनके पहुंचते ही युवाओं ने विरोध में जमकर नारेबाजी की। काफी देर तक हंगामा होता रहा। इस पर युवाओं को नसीहत देते हुए स्मृति ने कहा कि धार्मिक कार्य और भंडारा है। इसमें राजनीति न करें। नहीं तो उन्हें भी बहुत कुछ करना आता है। हालांकि युवाओं ने माइक से जवाब देना चाहा। तभी कुछ लोगों ने उन्हें रोक दिया। थेड़ी देर बाद मामला शांत हो गया।

5वें चरण में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में चार चरणों में मतदान के बाद अब भारत निर्वाचन आयोग ने 5वें चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। लखनऊ, अमेठी व रायबरेली समेत कुल 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व सीट पर 20 मई को मतदान होगा। इस चरण की लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। 5वें चरण में कई दिग्गज प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने 14 में से 13 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा ने पिछले चुनाव में रायबरेली सीट जीतने की भरसक कोशिश थी, पर कांग्रेस से सोनिया गांधी ने इस सीट पर विजय हासिल की थी। इसी तरह, लखनऊ से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व मोहनलालगंज सीट से कौशल किशोर ने विजय हासिल की थी। इस चरण की महत्वपूर्ण समझी जाने वाली सीटों में इस बार मोहनलालगंज (अजा) सीट पर कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

इनमें भाजपा से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी, बसपा से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ सीट पर कुल 10 प्रत्याशियों में से भाजपा से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, सपा से पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा व बसपा से मोहम्मद सरवर मलिक चुनाव मैदान में हैं। रायबरेली सीट पर कुल आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह, कांग्रेस से राहुल गांधी व बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव प्रत्याशी हैं। अमेठी के कुल 13 प्रत्याशियों में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, कांग्रेस से किशोरी लाल शर्मा व बसपा से नन्हे सिंह चौहान प्रत्याशी हैं। चुनाव में इन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

निर्वाचन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य। ● अमृत विचार

● लखनऊ समेत 14 सीटों पर 20 मई को होगा मतदान

हापुड़ में भीषण सड़क हादसा छह दोस्तों की जान गई

हापुड़, एजेंसी : जिले के गढ़ मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के समीप सोमवार की देर रात बेकाबू कार डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया। सभी मृतक आपस में दोस्त बताये गए हैं। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बीती रात लगभग साढ़े 12 बजे दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर टोल प्लाजा से पहले अल्लाबख़्शपुर गांव के निकट दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही नीले रंग की एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ कर हवा में उछलते हुए विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जा टकराई। इस दौरान ट्रक चालक व कंडक्टर, ट्रक छोड़कर मौके से भाग गए। मृतकों में रोहित सैनी (33), अनूप सिंह (38), संदीप प्रजापति (35), , निक्की जैन (33) राजू जैन (36) तथा विपिन सोनी (35) शामिल हैं। मरने वालों में पांच गाजियाबाद के लोनी और मुजफ्फरनगर के निवासी हैं।

● गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर हुआ हादसा

न्यायालय परिसर में वादकारियों को पीटने के आरोपी 10 वकीलों के खिलाफ नोटिस

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय परिसर में वादकारियों से मारपीट करने के मामले में आरोपी 10 वकीलों के खिलाफ आपराधिक अवमानना नोटिस जारी करते हुए उन्हें परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया है। कोर्ट ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि ऐसी घटनाओं को गंभीरता से देखा जाना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि वादकारियों को अदालत कक्ष में बेरहमी से पीटा जाना और पीठासीन अधिकारी का अपनी सुरक्षा के लिए अपने कक्ष से भागना अत्यंत चिंतनीय है। जिला न्यायालय में इस प्रकार का आक्रामक और हिंसक आचरण न्याय व्यवस्था के पतन का कारण बन सकता है। यह न्यायालय इस तरह की घटनाओं पर मूकदर्शक नहीं बना रह सकता है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पुलिस आयुक्त, प्रयागराज को जिला न्यायालय में न्यायिक कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया, साथ ही आरोपी वकीलों के आपराधिक इतिहास को निर्दिष्ट करने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त करने को कहा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अज़हर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने जिला न्यायाधीश द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट में कथित घटना में शामिल अतिरिक्त 10 वकीलों के नाम पर कार्यवाही करते हुए पारित किया।

डॉ.सचान के खिलाफ केजीएमयू कसेगा शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू में फार्माकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.ए के सचान के खिलाफ शिकंजा कसेगा। ईडी के आरोपों पर कार्रवाई केजीएमयू प्रशासन करेगा।

इसके लिए केजीएमयू प्रशासन द्वारा आगामी कार्यपरिषद में प्रकरण रखा जायेगा। कार्रवाई करने के निर्देश राज्य सरकार ने 11 मई शनिवार को अमृत विचार में समाचार प्रकाशित होने के बाद केजीएमयू प्रशासन को दिए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल ने उपनिदेशक, प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ के एक मई 2024 के पत्र का संज्ञान लेते हुए केजीएमयू कुलपति को पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.एके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की सिफारिश की है। ईडी द्वारा की जांच व कार्रवाई की संस्तुति और संबन्धी पत्र भी केजीएमयू को प्रेषित किये गए हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.एके सचान के खिलाफ, प्राइवेट प्रैक्टिस, निजी अस्पताल संचालन और आय से अधिक संपत्ति आदि आरोप लग चुके हैं। ईडी ने स्वयं से संज्ञान लेकर आय से अधिक संपत्ति की जांच की थी।

● ईडी की सिफारिश को राज्य सरकार ने लिया संज्ञान

अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में सपा नेता आज़म खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फातिमा की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर लगभग 3 घंटे तक चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई बता दें कि रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था।

वर्ग पहेली-70

बाएं से दाएं

1.1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2.1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6.1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ। 9. रवेवाला, दानेदार।

ऊपर से नीचे

1.1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।

3.1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4.1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5.1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7.1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।



वर्ग पहेली -69 का हल

1 बा	का	■	2 इ	■	3 जी	■
ल	■	4 अ	म	ल	ता	सी
■	5 उ	■	र	■	जा	■
■	प	■	जें	■	ग	■
6 अ	धि	शा	सी	■	ता	■
गि	■	■	■	■	■	■
7 या	र	बा	श	■	8 ब	च

सुडोकू-149

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1				2		3		
	4		5			6		
	2		6					
6				3				
7								4
5				9				3
		1			7		9	
		6	2					
				1				6

सुडोकू -148 का हल

1	5	7	8	9	2	3	4	6
8	4	2	3	5	6	1	9	7
9	6	3	7	4	1	8	2	5
7	3	6	2	8	4	5	1	9
2	9	1	5	3	7	6	8	4
5	8	4	6	1	9	7	3	2
4	2	8	1	7	5	9	6	3
6	1	5	9	2	3	4	7	8
3	7	9	4	6	8	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी पूर्णरात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 15.25 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं और किसी को इस बारे में पता नहीं है तो लोगों को इसके बारे में पता चलने की संभावना है। उनके द्वारा आपके प्रेम संबंधों में खटास उत्पन्न करने की कोशिश भी की जाएगी।

वृष — आज आपकी उम्र चालीस वर्ष से कम है तो आपका शारीरिक स्वास्थ्य तो उत्तम रहेगा, लेकिन मानसिक तनाव होने की आशंका है। कोई चिंता आपको घेरे रह सकती है। ऐसे में योग अवश्य करें। सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा।

मिथुन — आज उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे लोगों को थोड़ा आराम मिलेगा तथा वे अपना ज्यादातर समय रचनात्मक कार्यों में दे पाएंगे। विवाह की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को अपने मित्र पक्ष की ओर से विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

कर्क — आज आप पहले से किसी के साथ रिलेशन में हैं तो आपका अपने साथी के प्रति विश्वास कम होने की आशंका है जिससे आपसी मतभेद और बढ़ जाएंगे। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — आज पिछले कुछ दिनों से आपके व्यापार में जो मंदी चल रही थी वह आज लाभ में बदल जाएगी। आपको बस चौकन्ना रहने की आवश्यकता है जिससे आप विभिन्न क्षेत्रों से लाभ अर्जित कर सकते हैं। साथ ही खर्चे कम होंगे जिससे बचत ज्यादा होगी।

कन्या — आज आप स्कूल में हैं तो आप अपने भविष्य के लिए तैयारियां शुरू कर देंगे। नई चीजों को सीखने पर बल देंगे, जो आगे चलकर कॉलेज व उच्च शिक्षा में बहुत काम आएगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

तुला — आज विवाहित लोगों को अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा व दोनों का एक दूसरे के प्रति विश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे।

वृश्चिक — आज परिवार के सभी सदस्य आपसे संतुष्ट दिखाई देंगे व किसी के मन में कोई गलत भावना नहीं होगी। पड़ोसियों के साथ कुछ नया करने का विचार कर सकते हैं जिससे समाज में प्रतिष्ठा में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

धनु — आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को अपने सहपाठियों का सहयोग मिलेगा। आप अपना कौशल अपनी रुचि के क्षेत्रों में दिखाएंगे, जो आगे चलकर आपके काम भी आएगा। महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

मकर — आज परिवार में कुछ बातों को लेकर आपसी मतभेद अवश्य हो सकते हैं, लेकिन वे आपकी सूझ-बूझ से आसानी से सुलझ जाएंगे। इस दौरान माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि उनके अस्वस्थ होने की आशंका है।

कुंभ — आज विवाहित लोग अपने पार्टनर को खुलकर समय देंगे जिससे दोनों के बीच आपसी रिश्ता और अधिक मजबूत बनेगा। आपको अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

मीन — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन थोड़ा आशंकित रहेगा व भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। ऐसे में अपने ऊपर मायूसी को हावी न होने दें व संयम बनाए रखें। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी — सुबह : 10.28
इंसानियत — दोपहर : 03.21

&pictures
नो प्रॉब्लम — सुबह : 11.15
चुप — रात : 08.00

SONY PIX
क्लैश ऑफ द टाइटन्स — सुबह : 10.59
कैप्टेन फिलिप्स — रात : 08.43

ZEE CINEMA
लवशुदा — सुबह : 10.10
पुकार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट — सुबह : 09.44
गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 930
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165

मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75- 76 रु. मसूर : 88- 90 रु. मलका : 82 से 85 रु. अरहर : 118-125 रु. उड़द : 95-101 रु. धोआ उड़द : 110- 120 रु. मूंग धोआ : 104-106 रु. मूंग छिलका : 102 रु. मूंग साबुत : 100 रु. चना देसी : 80 रु. चना कावली : 145-160 रु. राजमा लाल : 155 रु. राजमा चित्ता : 145रु. लोबिया लाल 94रु. लोबिया सफेद 98रु.

एलाइड ब्लेंडर्स को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 1,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, निर्गम में 1,000 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने जनवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे।

हर्ष बवेजा ने संभाला आरईसी के निदेशक- वित्त का कार्यभार

नई दिल्ली। आरईसी लि. ने मंगलवार को कहा कि हर्ष बवेजा ने कंपनी के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाल लिया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 10 मई को इसकी मंजूरी दी थी। बिजली मंत्रालय के तहत आने वाली आरईसी ने कहा कि हर्ष बवेजा ने निदेशक (वित्त) का पदभार संभाल लिया है। बवेजा की नियुक्ति लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) की सिफारिश के बाद की गई है। चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के साथ-साथ बवेजा के पास कई संस्थानों में वित्तीय एवं व्यावसायिक कार्यों के प्रबंधन के क्षेत्र में 33 साल से अधिक का अनुभव है।

यात्री वाहनों की मजबूत मांग से बिक्री 1.3% बढ़ी

यात्री कारों की बिक्री में 23% की आई गिरावट, दोपहिया 31% और तिपहिया वाहनों की बिक्री में 14.5% का इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3% बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 3,31,278 इकाई थी। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,79,329 इकाई रही, जो अप्रैल, 2023 की 1,48,005 इकाई से 21% अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री 23% घटकर 96,357 इकाई रह गई, जो अप्रैल, 2023 में 1,25,758 इकाई थी। पिछले महीने वैन की बिक्री 15% बढ़कर 12,060 इकाई हो गई, जो अप्रैल, 2023 में 10,508 इकाई थी।



आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31% बढ़कर 17,51,393 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 13,38,588 इकाई थी। बाइक बिक्री 34% बढ़कर 11,28,192 इकाई रही जो अप्रैल, 2023 में 8,39,274 इकाई थी। स्कूटर की थोक बिक्री सालाना आधार पर 25% बढ़कर 5,81,277 इकाई हो गई जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 4,64,389 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 14.5% बढ़कर 49,116 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 42,885 इकाई थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छी रही है। सभी खंडों ने अप्रैल, 2023 की तुलना में अप्रैल, 2024 में वृद्धि दर्ज की है।

पीएचएफ ने किया ईवी ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार

नई दिल्ली। पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने एल5 श्रेणी में इलेक्ट्रिक कार्गो वाहनों की खरीद के लिए ऋण उत्पादों को शामिल करके अपने इलेक्ट्रिक वाहन ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाया है। कंपनी ने कहा कि अब इनमें इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन और प्रयुक्त ई-रिक्शा ऋण शामिल है। नए शामिल किये गये इलेक्ट्रिक वाहन उत्पाद मौजूदा इलेक्ट्रिक रिक्शा, ई-लोडर और अन्य एल3 ईवी ऋण उत्पादों के अतिरिक्त हैं जो पहले से ही उपलब्ध हैं। कंपनी अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋण और ई-वाहनों मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी- दुपहिया वाहनों के वित्तपोषण की पेशकश करती है। कंपनी के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा पीएचएफ लीजिंग ससटेनेबल परिवहन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारत में इसका मतलब इलेक्ट्रिक वाहनों से है।

कीमतों में गिरावट से भारत का पाम तेल आयात 34 % बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक कीमतों में गिरावट से अप्रैल में भारत का पाम तेल आयात सालाना आधार पर 34.11% बढ़कर 6,84,000 टन पर पहुंच गया है।

एसईए ने कहा कि अप्रैल में भारत के कुल 13,04,409 टन खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52% थी, जिसमें सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात 6,20,315 टन था। इसमें कहा गया है कि गैर-खाद्य तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात अप्रैल में 26% बढ़कर 13,18,528 टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,50,189 टन था। एसईए ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मंदी से सोयाबीन तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति टन गिर गईं, जबकि सूरजमुखी तेल की कीमत पिछले महीने 15 डॉलर प्रति टन कम हो गई। पाम तेलों में आरबीडी पामोलीन का आयात

- अप्रैल में भारत के कुल खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52 % रही

बढ़कर 1,24,228 टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,12,248 टन था। सीपीओ (कच्चा पाम तेल) का आयात पहले के 3,93,856 टन से 36% बढ़कर 5,36,248 टन हो गया, जबकि कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात 3,990 टन से छह गुना होकर 23,618 टन हो गया। नरम तेलों में, सोयाबीन तेल का आयात 2,62,455 टन से बढ़कर 3,85,514 टन हो गया। हालांकि, सूरजमुखी तेल का आयात 2,49,122 टन से घटकर 2,34,801 टन रह गया। एसईए ने कहा, एक मई तक भारत के पास 22.45 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	86500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74000
गिन्नी (प्रति नग)	55150-55350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,600
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,450
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	83,000
चांदी तैयार	83,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,300
सोना जेवरात गिन्नी	71,300
चांदी पक्की	828 (अनुमानित)

शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 328 अंक और चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

- खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 328 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं निफ्टी 22,200 अंक के स्तर से ऊपर चला गया। अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई सेंसेक्स 328.48 अंक यानी 0.45% की बढ़त के साथ 73,104.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 510.13 अंक तक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 113.80 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,217.85 अंक पर बंद हुआ। धातु और वाहन शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आई। वहीं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

खुदरा वायदा, विकल्प कारोबार में तेजी चिंता का विषयः सीतारमण

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आगाह किया कि खुदरा निवेशकों के जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प कारोबार में आने और इसमें 'बेलगाम तेजी' भविष्य में परिवारों की जमा-पूंजी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

उन्होंने शेयर बाजार बीएसई में कार्यक्रम में कहा कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा कारोबार में कोई भी बेलगाम तेजी न केवल बाजार के लिए बल्कि निवेशकों की भावनाओं और परिवार के स्तर पर जमा-पूंजी को लेकर भी आने वाले समय में समस्याएं पैदा कर सकती है। सीतारमण ने कहा कि पारिवारिक बचत में एक पीढ़ीगत बदलाव हुआ है। हम उसे

- 10 में से नौ निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में होता है नुकसान

सुरक्षित रखना चाहते हैं। बाजार नियामक सेबी के अध्ययन से पता चला है कि 10 में से नौ खुदरा निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में नुकसान होता है। वित्त मंत्री ने बीएसई से कड़े अनुपालन और मजबूत नियामकीय मानकों के जरिये निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए सेबी के साथ मिलकर काम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि बीएसई और एनएसई को प्रणालीगत जोखिम को कम करना चाहिए तथा बाजार की स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए।

घटिया आयोडीन युक्त नमक मामले में टाटा केमिकल्स से हटा जुर्माना

नागपुर। बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2016 में महाराष्ट्र के बुलढाणा में खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा जारी उस आदेश को रद कर दिया है, जिसमें टाटा केमिकल्स लिमिटेड और अन्य कंपनियों पर घटिया आयोडीन युक्त नमक बनाने व बिक्री करने के लिए जुर्माना लगाया गया था।

न्यायमूर्ति अनिल एल. पानसरे ने अपने आदेश में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को भविष्य में ऐसे मामलों में प्रक्रियात्मक अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उचित सलाह या परिपत्र जारी करने का भी निर्देश दिया। टाटा केमिकल्स लिमिटेड व अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य से जुड़े मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 71 (6) के तहत 13 अक्टूबर, 2016 के आदेश के खिलाफ अपील की गई थी। कोर्ट ने फैसले में मामले में कई गंभीर विसंगतियों और प्रक्रियात्मक खामियों को रेखांकित किया।

राष्ट्रीय

एक नजर

आचार संहिता बन गई है मोदी संहिताः तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली। टीएमसी ने आदर्श आचार संहिता के मोदी आचार संहिता में बदलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए कदम उठाए। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को एक पत्र सौंपने के बाद टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले और सागरिका घोष ने मीडिया को संबोधित किया और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की।

एसआईए ने द. कश्मीर के तीन जिलों में छापेमारी की

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में बिहार के एक व्यक्ति की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की घटना की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में एसआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) के अधिकारियों ने तड़के अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां जिले में 11 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने कहा, एसआईए द्वारा यह छापेमारी 17 अप्रैल को बिजबेहरा के जबलीपोरा में रेहड़ी-पटरी लगाने वाले राजा साह की हत्या के बारे में बिजबेहरा थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के सिलसिले में की गई ताकि इस हत्या के पीछे की बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके।

त्रिपुरा की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा उग्रवादी फरार

अगरतला। प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) का एक सदस्य त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले में स्थित केंद्रीय कारागार से फरार हो गया। सिपाहीजला के जिलाधिकारी नागेश कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्य स्वर्ण कुमार के केंद्रीय कारागार से फरार होने की जानकारी मंगलवार सुबह तक हुई जब कैदियों की हाजिरी लगाई जा रही थी। उन्होंने बताया, दक्षिण त्रिपुरा के संतीरबाजार इलाके में हुई हत्या के मामले में उसे दोषी ठहराया गया था और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। वह केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर पिछले महीने हुई गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय हरपाल सिंह के रूप में हुई है। वह हरियाणा के फतेहाबाद का निवासी है।

सीएए का क्रियान्वयन नहीं रोक सकतीं ममता

मतुआ समुदाय की नागरिकता की चिंताओं को दूर करने का गृहमंत्री अमित शाह ने दिया आश्वासन

बनगांव/उलुबेरिया (प. बंगाल), एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत मंगलवार को यह आश्वासन दिया कि समुदाय के सदस्यों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता मिलेगी। शाह ने साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कानून का क्रियान्वयन कभी भी रोक नहीं सकतीं।

मतुआओं के गढ़ बनगांव और उलुबेरिया में चुनावी रैलियों में शाह ने बनर्जी पर घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को खुश करने के लिए सीएए के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया, जो राज्य में टीएमसी



के वोट बैंक हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण तक जिन 380 सीट पर मतदान पूरा हो चुका है, उनमें से भाजपा 270 सीट जीतेगी। राज्य से 30 सीट जीतने के भाजपा के लक्ष्य को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि एक बार जब भाजपा को बंगाल से 30 सीट मिल जाएंगी, तो ममता बनर्जी का समय खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, दुनिया की कोई भी ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से नहीं रोक सकती। ये मोदी का वादा है। ममता को यह याद रखना चाहिए कि नागरिकता केंद्र सरकार के विशेष अधिकार के अंतर्गत आता है, न कि राज्य सरकारों के अधीन।

राहुल बाबा सीएए करने के लिए कहते हैं

हावड़ा जिले की उलुबेरिया सीट पर दूसरी रैली में शाह ने सीएए का विरोध करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा सीएए का विरोध कर रहे हैं और कह रहे हैं कि वह इसे रद कर देंगे, लेकिन मैं बता दूं कि न तो वह और न ही उनकी नानी इसको रद कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ममता झूठ बोल रही हैं कि जो सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 हटाने के परिणाम दिख रहे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 निरस्त करने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में श्रीनगर लोकसभा सीट पर करीब 38 प्रतिशत मतदान होने के एक दिन बाद गृह मंत्री ने यह टिप्पणी की है। श्रीनगर में 2019 के लोकसभा चुनाव में 14.43 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत और 2004 में 18.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाह ने एक्स पर लिखा, मतदान प्रतिशत के जरिए भी अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ा है और इसकी जड़ें गहरी हुई हैं। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के माध्यम से, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का विरोध किया था।

मालीवाल मामले पर आप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- दोषी पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने सोमवार को सीएम आवास पर पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से बदसलूकी की। मालीवाल के केजरीवाल के निजी स्टाफ पर हमले का आरोप लगाने के एक दिन बाद सिंह ने मंगलवार को कहा कि आप प्रमुख केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा ने मांग की कि संजय सिंह के बयान पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि यह निंदनीय घटना है और आप मालीवाल के साथ है।

कल सुबह मालीवाल केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। वह ड्राइंग रूम में इंतजार कर रही थीं, तो विभव ने उनसे दुर्व्यवहार किया। केजरीवाल ने इस घटना का संज्ञान लिया है और कड़ी कार्रवाई करेंगे।

- केजरीवाल के निजी सहायक पर मालीवाल ने बदसलूकी करने का लगाया है आरोप

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि संजय सिंह का यह बयान कि पार्टी इस मामले में कार्रवाई करेगी, काफी शर्मनाक है। किसी महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए थी।

मालीवाल की सुरक्षा को लेकर आयोग चिंतित : रेखा शर्मा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने आप राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं, उन पर ऐसा कौन सा दबाव है कि वह आगे आकर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पा रही हैं। साहसी बनिये स्वाति, बोलिए।

मुंबई में होर्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या हुई 14

मुंबई, एजेंसी

- घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर गिर गई थी 100 फुट लबी होर्डिंग
- मृतकों के परिवार को दिया जाएगा पांच -पांच लाख रुपये मुआवजा

मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 74 लोग घायल हैं। नगर निगम अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी।

सोमवार को मुंबई में आई धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबी अवैध होर्डिंग गिर गई थी। मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह छेड़ा नगर स्थित पेट्रोल पंप पर तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से 31 लोगों को राजावाड़ी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने मुंबई दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ चलाए जा रहे बचाव अभियान के लिए दो टीम तैनात की हैं।

जीआरपी की जमीन से होर्डिंग हटाएगी बीएमसी

मुंबई। बीएमसी मुंबई के पूर्वी हिस्से छेड़ा नगर में हुए हादसे के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग मंगलवार को हटाना शुरू कर देगी। एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निकाय ने जीआरपी की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग को हटाने की योजना तैयार की है। इससे पहले बीएमसी ने कहा था कि उसने पेट्रोल पंप पर होर्डिंग लगाने के लिए मैसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है।

मुख्यमंत्री शिंदे ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर ने कहा है कि होर्डिंग गिरने की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार रात घटनास्थल का दौरा किया और शहर में लगे सभी होर्डिंग का ऑडिट कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा, अवैध और खतरनाक होर्डिंग को तत्काल हटाया जाएगा। शिंदे ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार इसकी जांच कराएगी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

साइबर अपराध करने वालों की तुरंत करें शिकायत

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की दी सलाह

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर लोगों को धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने तथा इसकी शिकायत तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन पर करने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के नाम पर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सरकार की ओर से नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम डॉट गो व डॉट इन पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए।

टीएमसी विधायक से धक्का मुक्की में चार महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद संदेशखालि में प्रदर्शन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में लोगों ने स्थानीय विधायक समेत टीएमसी नेताओं से कथित तौर पर धक्का-मुक्की करने के आरोप में चार महिलाओं की गिरफ्तारी पर आपत्ति जताते हुए मंगलवार को बागडीपाड़ा इलाके में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने दावा किया कि उन्होंने हाथों में लाठियां लेकर रात भर पहरेदारी की। संदेशखालि में लोगों के समूह ने सोमवार को बरहमाजूर इलाके में टायरों में आग लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने भाजपा के नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए कथित वीडियो के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं को सोमवार को अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि में कथित वीडियो के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया और यौगलत सूचना फैलाने के लिए टीएमसी के स्थानीय विधायक सुकुमार महता का घेराव किया।

- बरहमाजूर इलाके में सड़क पर टायर डालकर लगाई आग

एचडी रेवन्ना यौन शोषण से जुड़े अपहरण मामले में जेल से हुए रिहा

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की विशेष अदालत ने अश्लील वीडियो कांड से जुड़े हाई-प्रोफाइल अपहरण मामले में फंसे होलेनारासीपुरा से जनता दल (एस) विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश के बाद मंगलवार को उन्हें परप्पाना अग्रहारा जेल से सशर्त रिहा कर दिया गया। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट के दिए शर्त के अनुसार वह देश से बाहर नहीं जा सकते और पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते। बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि अपहृत महिला ने पुलिस या मजिस्ट्रेट को दिए बयानों में रेवन्ना का उल्लेख नहीं किया था।

आंबेडकर, भगत सिंह के नामों के दुरुपयोग वाली याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने व्यक्तिगत फायदे के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के नामों का दुरुपयोग रोकने के लिए केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

विनय पाठक नाम के व्यक्ति ने जनहित याचिका दायर करते हुए कहा था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकार को विस्तारित कर किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रतीकों या स्वतंत्रता संघर्ष के नायकों की तस्वीरों एवं नामों का दुरुपयोग अपने फायदे के लिए नहीं करने देना चाहिए। याचिका में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली के

- केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध वाली अर्जी पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने संबोधन के दौरान पृष्ठभूमि में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि यह न्यायालय एक राजनीतिक अखाड़ा क्यों बन गया है। पीठ ने कहा कि याचिका में चुनिंदा तरीके से किसी को निशाना बनाया जा रहा है। न्यायालय की अनिच्छा को भांपकर याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका वापस ले ली।

चुनावी बॉण्डः जांच की याचिका को सूचीबद्ध करने का अनुरोध

नई दिल्ली। दो गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय से चुनावी बॉण्ड को लेकर जांच कराने संबंधी जनहित याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने का मंगलवार को अनुरोध किया। याचिका में चुनावी बॉण्ड योजना में राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट समूहों और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से जुड़े बदले में लाभ पहुंचाने के कथित मामलों की एसआईटी द्वारा अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता प्रशांत भूषण की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका को सुनवाई के लिए जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति खन्ना ने भूषण से कहा, यह प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय के विचारार्थ है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को केंद्र सरकार द्वारा लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया थ।

आज का मुकाबला

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

पंजाब किंग्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ विकल्प, लैंगर और गंभीर भी दौड़ में

कोच की खोज

नई दिल्ली, एजेंसी

वीवीएस लक्ष्मण

जस्टिन लैंगर



गौतम गंभीर

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं।

वीवीएस लक्ष्मण : अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे । 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं । उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में श्रृंखलाएं खेली है।

गौतम गंभीर : पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिये आवेदन करता है या नहीं। विराट कोहली का अगले तीन साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है।

जस्टिन लैंगर : एशेज और टी20 विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने कहा वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक रूप से काफी दबाव वाला काम है।

पराग के घरेलू मैदान पर प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित करेंगे रॉयल्स

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी।

दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।

जीत के साथ दिल्ली ने खत्म किए लीग मैच

अरशद की जुझारू पारी के बाबजूद 19 रनों से हारी सुपरजाइटंस, अभिषेक और स्टब्स ने लगाए अर्धशतक

अभिषेक पोरेल

58 रन



जीत के बाद जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान	12	8	4	16	0	+0.349
चेन्नई	13	7	6	14	0	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	0	+0.406
दिल्ली	14	7	7	14	0	-0.377
बेंगलुरु	13	6	7	12	0	+0.387
लखनऊ	13	6	7	12	0	-0.787
गुजरात (बा)	13	5	7	11	1	-1.063
मुंबई (बा)	13	4	9	8	0	-0.271
पंजाब (बा)	12	4	8	8	0	-0.423

61 रन की शानदार पारी खेलकर निकोलस पूरन ने रोमांचक बनाया मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद (57) और अभिषेक पोरेल (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 64वें मैच लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हरा दिया है।

209रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक एक के बाद एक अपने चार विकेट गवां दिये थे। क्विंटन डिकॉक (12), कप्तान के एल राहुल (5), मार्कस स्टॉयनिस (5) और दीपक हुड्डा (शून्य) और उसके आयुष बदोनी (6) रन पर आउट हुये। ऐसे संकट के समय निकोलस पूरन और कुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अरशद खान ने जमकर खेलते हुए 33 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली। निकोलस पूरन 27 गेंदों में सर्वाधिक (61) रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन ही बना सकी और मुकाबला 19 रन से हार गई।

इससे पहले अरुण जेटली स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर मक्गर्क (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद अभिषेक पोरेल और शे होप ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच 92 रनों की साझेदारी हुई। पोरेल ने 33 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में कप्तान रिषभ पंत 23 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 208 का स्कोर खड़ा किया।

दिल्ली 208/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
जैक मैकगुर्क कैच नवीन बो अरशद खान	0	2	0/0
अभिषेक पोरेल कैच पूरन बो नवीन	58	33	5/4
शाही होप कैच राहुल बो रवि बिश्नोई	38	27	3/2
ऋषभ पंत कैच दीपक हुड्डा बो नवीन	33	23	5/0
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	57	25	3/4
अक्षर पटेल नाबाद	14	10	2/0

गेंदबाजी : अरशद 3-0-45-1, मोहसिन 4-0-29-0, नवीन 4-0-51-2, रवि बिश्नोई 4-0-26-1, क्रुणाल 2-0-20-0, दीपक 1-0-9-0, युद्धवीर 2-0-28-0

लखनऊ 189/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक कैच मुकेश बो इशांत	12	8	2/0
केएल राहुल कैच मुकेश बो इशांत	5	3	1/0
मार्कस स्टॉयनिस स्टंप पंत बो अक्षर	5	7	1/0
दीपक हुड्डा पगबांध बो इशांत	0	0	0/0
निकोलस पूरन कैच अक्षर बो मुकेश	61	27	6/4
आयुष बदोनी कैच गुलबदीन बो स्टब्स	6	9	0/0
क्रुणाल पांड्या स्टंप पंत बो कुलदीप	18	18	2/0
अरशद खान नाबाद	58	33	3/5
युद्धवीर सिंह कैच होप बो खलील	14	7	1/1
रवि बिश्नोई रन आउट मैकगुर्क	2	2	0/0
नवीन उल हक नाबाद	2	4	0/0

गेंदबाजी : इशांत 4-0-34-3, खलील 2-0-22-1, अक्षर 1-0-20-1, मुकेश 4-0-33-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-4-1, गुलबदीन 1-0-12-0, रासिख 3-0-30-0

खेल डायरी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम प्रो लीग के लिए यूरोप रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए मंगलवार सुबह एंटवर्प, बेल्जियम के लिए रवाना हो गई। भारत वर्तमान में शीर्ष स्तर पर नीदरलैंड्स और ऑस्ट्रिलया के बाद पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के तहत बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और 12 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। भारतीय टीम का 22 से 26 मई के बीच एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम ओर अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। लंदन में एक से नौ जून तक जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

मनिका करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग पर

नई दिल्ली। शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था।

तोक्यो में खेलकर खुशी थी पर पेरिस में अधिक एकाग्र रहूंगी : दीक्षा

नई दिल्ली। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने जब तोक्यो खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था तो वह वहां प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थीं लेकिन तब से वह अधिक संतुलित और स्थिर हो गई हैं और बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता आगामी पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है। पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपीई टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं 24 वर्षीय दीक्षा जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक से पहले यूरोप में कई टूर्नामेंट खेलेंगी। इस सप्ताह बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स से शुरूआत करने वाली दीक्षा ओलंपिक की तैयारी के लिए कम से कम नौ टूर्नामेंट खेलेंगी और लगभग सभी टूर्नामेंट यूरोप में होंगे।

मनु और विजयवीर 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल के फाइनल में

भोपाल। ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता विजयवीर सिद्धू ने चौथे और आखिरी ओलंपिक चयन ट्रायल में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीत ली। मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी में मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 42 स्कोर किया। विजयवीर ने पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ओएसटी टी4 में फाइनल में 34 स्कोर किया। अभिद्या पाटिल (35) दूसरे और सिमरनप्रीत कौर बरार (30) तीसरे स्थान पर रही। ईशा सिंह और रिदम सांगवान चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरूषों की रैपिड फायर स्पर्धा में विजयवीर ने पांच शॉट की दूसरी श्रृंखला के बाद बढत बना ली।

गौरव सेमीफाइनल में, शिवा एलोरडा कप से बाहर

अस्ताना (कजाखस्तान)। भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

क्वार्टर फाइनल में इगा का मुकाबला कीज से

रोम, एजेंसी



दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां एंजेलिक कर्बर को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक ने कर्बर को 7-5, 6-3 से शिकस्त के साथ बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले हफ्ते मैड्रिड में खिताब जीतने वाली स्वियातेक की यह लगातार नौवीं जीत है।

रोम में दो बार की चैंपियन स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेंगी। जिन्होंने सोरेना क्रिस्टिया को सीधे सेट में हराया। मैच के दौरान पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन भी देखने को मिला। पोलैंड की स्वियातेक 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद मैड्रिड और रोम में लगातार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अमेरिका की कोको गॉफ और हमवतन डेनियले कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। गॉफ ने पॉला बेडोसा को हराया जबकि कोलिन्स ने ईरीना कामेलिया बेगु को शिकस्त दी।

बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

रोम। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की युगल जोड़ी माटेओ अर्नाल्डी और फ्रांसेस्को पासारो की जोड़ी को हराकर इटालियन ओपन 2024 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी की क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत दर्ज है। उन्होंने 52 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी और पासारो की जोडी को 6-2, 6-2 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का मुकाबला सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी से होगा। बोलेली और वावसोरी ने की जोड़ी क्रिस्टोफर यूबैंक्स और जॉन पीयर्स को हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची है।

अच्छा है इंपेक्ट प्लेयर नियम : शास्त्री

चेन्नई, एजेंसी

मौजूदा आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम की भले ही तीखी आलोचना हो रही हो लेकिन भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा है कि इससे करीबी मुकाबले देखने को मिलते हैं। पिछले सत्र में प्रतियोगिता में लागू किया गया नियम इस सत्र में बहस का विषय रहा है। कुछ विशेषज्ञों और वर्तमान खिलाड़ियों का कहना है कि यह ऑलराउंडरों की भूमिका को खत्म कर रहा है।

शास्त्री ने कहा जब कोई नया नियम आता है तो ऐसे लोग होंगे जो यह बताने की कोशिश करेंगे कि यह सही क्यों नहीं है, लेकिन समय के साथ, जब आप स्कोर देखते हैं- 200 और 190 रन- और फिर कुछ खिलाड़ियों ने उस अवसर का अधिकतम लाभ उठाया, तो लोग इसके बारे में अपनी सोच पर फिर विचार करने लगेंगे। शास्त्री ने नियम का समर्थन करते हुए कहा कि खेल को समय के साथ विकसित होना होगा। उन्होंने कहा इंपेक्ट प्लेयर (नियम) अच्छा है। आपको समय के साथ विकसित होना होगा।

इंपेक्ट प्लेयर नियम हटने से बड़े स्कोर नहीं बनेंगे : पोंटिंग

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म होने के बाद भी आईपीएल मुकाबलों में बड़े स्कोर बनते रहेंगे। इंपेक्ट प्लेयर नियम टीमों को मैच के दौरान किसी भी समय टॉस के दौरान घोषित मूल एकादश में से किसी एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। जैसे कि रोहित शर्मा ने इसे ऑलराउंडर के लिए नुकसानदायक बताया है क्योंकि उन्हें गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिलता जबकि गांगुली जैसे कुछ अन्य इसे अच्छा बता रहे हैं।

चैंपियंस लीग के करीब पहुंची एस्टन विला

बर्मिंघम, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरेन के अंतिम पांच मिनट में दागे दो गोल की मदद से एस्टन विला ने सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया और टीम चैंपियंस लीग में जगह बनाने के करीब पहुंच गई।

एस्टन विला की टीम अगर जीत दर्ज करती तो उसका इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष चार में रहते हुए 1983 के बाद पहली बार यूरोपीय कप के लिए क्वालीफाई करना तय हो जाता। एस्टन विला की टीम दूसरे ही मिनट में पिछड़ गई जब गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने आत्मघाती गोल दागा। योरी टिलेमैन्स ने जल्द ही स्कोर 1-1 कर दिया। लीवरपूल ने हालांकि कोडी गेप्को और जेरेल क्वानशा के गोल से 3-1 की बढ़त बनाई। लीवरपूल की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैदान पर उतरे डुरेन ने 85वें और 88वें मिनट में गोल दागकर एस्टन विला के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। एस्टन विला की टीम अभी पांचवें स्थान पर चल रहे टोटेनहैम से पांच अंक आगे है। विला को अभी एक जबकि टोटेनहैम को दो मैच खेलने हैं। लीग की शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाती हैं। लीवरपूल की टीम एस्टन विला से 14 अंक आगे तीसरे स्थान पर है।

गोल के बाद खुशी मनाते एस्टन विला के खिलाड़ी।

रियल सोसीदाद को हराकर बार्सीलोना दूसरे स्थान पर पहुंचा

बार्सीलोना। बार्सीलोना स्पेनिश लीग में सोमवार को यहां रियल सोसीदाद पर 2-0 की जीत के साथ गिरोना को पछाड़कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पहले हाफ में सोसीदाद के शेराल्डो बैकर के गोल को ऑफ साइड करार दिया गया। बार्सीलोन के राफिन्हा का शॉट 38वें मिनट में गोल पोस्ट से टकरा गया जिसके दो मिनट बाद लेमिन यमाल ने टीम को बढ़त दिलाई। राफिन्हा ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सीलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना की टीम 35 मैच में 76 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। गिरोना के इतने ही मैचों में 75 अंक हैं।

गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी, नीलामी रोकना चाहते हैं उत्तराधिकारी

पेरिस। महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल किया था। माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

बॉलीवुड हलचल

कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेती नजर आएंगी। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस साल फेस्टिवल के प्रतिष्ठित (पाल्मे डी''ओर) कैटेगरी में इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमैजिन एज लाइट' प्रदर्शित की जाएगी। कान्स फिल्म फेस्टिवल का एक्सक्लूसिव कंटेंट फ्रांस में फ्रांस टेलीविजन पर मौजूद होगा। फेस्टिवल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जहां पर आप इस फेस्टिवल को देख सकेंगे। इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल की थीम है- मेनी वेज टू बी एन आइकन। इसका मतलब है, एक आइकन बनने के कई तरीके। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। इससे पहले ऐश्वर्या राय कान्स फिल्म फेस्टिवल में जूरी मेंबर भी शामिल हो चुकी हैं।कांस के रेड कारपेट को फैशन वर्ल्ड में काफी अहम माना जाता है। यहां वॉक करने वाले सेलेब्स फिल्मों के प्रमोशन के साथ नए डिजाइनर्स के आउटफिट्स भी शोकेस करते हैं। इसके साथ ही फ्रांस को भी अपनी संस्कृति को पेश करने का मौका मिलता है। ऐश्वर्या राय बच्चन वर्ष 2002 से अब तक तकरीबन हर साल कांस में शामिल होती आई हैं।

ड्यून प्रोफेसी में काम करेंगी तब्बू

मुंबई। बॉलीवुड की अभिनेत्री तब्बू अमेरिकन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि लाइफ ऑफ पाई और द नेमसेक जैसी इंग्लिश फिल्मों में काम करने के बाद तब्बू अब अमेरिकी टीवी की दुनिया में अपना डेब्यू करने जा रहीं हैं। तब्बू को पॉपुलर अमेरिकन फिक्शन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में एक बड़ी भूमिका मिली है। कहा जा रहा है कि तब्बू इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका निभाती नज़र आएंगी। सीरीज का पहला भाग 2019 में आया था, जिसका टाइटल था ड्यून : द सिस्टरहुड। प्रीक्वल सीरीज ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन द्वारा लिखित नॉवेल सिस्टरहुड ऑफ ड्यूनसे प्रेरित है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

जागरूकता रैली

बीएसएफ के जवानों ने युवाओं के साथ उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर जल संरक्षण, शिक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के लिए साइकिल रैली निकाली। ● एजेंसी

मुंबई में इंजीनियर से 3.7 करोड़ की ठगी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर से 3.7 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने जानकारी दी।

एक निजी कंपनी में कार्यरत वाशी के रहने वाले 43 वर्षीय इंजीनियर ने 17 फरवरी 2024 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर में निवेश करने संबंधी लिंक देखा था। नवी मुंबई साइबर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि इंजीनियर ने लिंक पर क्लिक किया और शेयर में निवेश करने से अच्छा लाभ कमाने की जानकारी प्राप्त की। लिंक पर संपर्क करने के लिए मोबाईल नंबर भी दिया गया था। बाद में, पीड़ित ने ठगी करने वालों में से एक के साथ व्हाट्सएप पर चैट करना शुरू कर दिया था।

दिल को दुरुस्त रखने में मददगार डार्क चॉकलेट, इसके हैं कई हेल्थ बेनिफिट्स

चॉकलेट का सेवन हर बार नुकसानदेह नहीं, बल्कि कई बार फायदेमंद भी हो सकता है, जैसे कि प्योर डार्क चॉकलेट का सेवन। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपको हार्ट प्रॉब्लम से बचा सकते हैं। लोग अक्सर चॉकलेट को हेल्थ के लिए खराब मानते हैं, क्योंकि इसमें हाई कैलोरी, शुगर और फैट्स हैं, जो वजन बढ़ाने से लेकर डायबिटीज के खतरे तक को बढ़ाता है। लेकिन प्योर डार्क चॉकलेट खाना आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, खासतौर पर हार्ट से बचाता है। नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार कोकोआ से बने डार्क चॉकलेट को कम मात्रा में खाने से आपको एंटीऑक्सीडेंट और खनिज भी मिल जाते हैं और हार्ट डिजीज से बचने में मदद मिलती है। लेकिन इसका फायदा आपको तभी होगा जब आप बिना शुगर वाली डार्क चॉकलेट का सेवन करें। यहां डार्क चॉकलेट मिलने वाले फ़ायदों के बारे में जानते हैं।

हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकता है

सप्ताह में 3 बार कम मात्रा में चॉकलेट खाने से हृदय रोग का खतरा 9 प्रतिशत तक कम होता। डार्क चॉकलेट में मौजूद यौगिक एलडीएल के ऑक्सीकरण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के साथ कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता, जिससे ब्लॉकेज सहित कई गंभीर हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है।

थकावट दूर होती है

अगर आप बहुत जल्दी थक जाते हैं। तो अपने खाने में चॉकलेट को शामिल करें, इससे थकावट दूर होती है और सांस लेने की तकलीफ में आराम मिलता है।

धमनियां रहती हैं स्वस्थ

डार्क चॉकलेट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट रक्त संचार को बढ़ाने के साथ व्हाइट ब्लड सेल्स को ब्लड वेसल्स की दीवारों से चिपकने से रोकती है। इससे आर्टीज में कोलेस्ट्रॉल जम नहीं पाता है और अटैक का रिस्क भी कम होता है।

बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है

डार्क चॉकलेट में 70% कोकोआ होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट्स का बहुत अच्छा स्रोत होता है। कई पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जैसे कि पॉलीफेनोल्स, फ़्लैवेनॉल्स और कैटेचिन आदि। डार्क चॉकलेट में मौजूद पॉलीफेनोल्स एलडीएल यानी कि बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करती है।

ब्लड प्रेशर होता है कंट्रोल

कोकोआ में बायोएक्टिव कंपाउंड धमनियों में रक्त के प्रवाह में सुधार कर सकते हैं और रक्तचाप को भी कंट्रोल करता है। फ्लावोनॉल्स एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है इस तरह से हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क को कम कर के हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है।

एक नजर

अफगानिस्तान में बाढ़ से करीब 40 हजार बच्चे बेघर

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत और अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार को आयी मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ आने से करीब 40 हजार बच्चे बेघर हो गये। ग्लोबल चैरिटी सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में चैरिटी के कंट्री डायरेक्टर अरशद मलिक ने कहा बच्चे सहमे हुये हैं, कई ने अपना सब कुछ खो दिया है। न केवल उनका घर और स्कूल परिसर क्षतिग्रस्त हुआ, बल्कि वो भी जगह नष्ट हो गयी जहां वे खेलते थे। उन्होंने अपने आसपास उन सभी को भी खो दिया है, जिनसे वे परिचित थे। अब उनकी दिनचर्या पहले जैसी नहीं रही।

मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का सह-अध्यक्ष पद छोड़ेगीं

न्यूयॉर्क। मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने और उनके पूर्व पति बिल गेट्स ने इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की थी और उसे पिछले 20 वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े परोपकारी संगठनों में से एक बनाया। मेलिंडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा गहन चिंतन और विचार के बाद मैंने बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा देने का फैसला किया है, फाउंडेशन में मेरा आखिरी दिन सात जून होगा।

ड्यून प्रोफेसी का हिस्सा बनीं अभिनेत्री तब्बू

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री तब्बू निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की लोकप्रिय सीरीज ड्यून प्रोफेसी में अभिनय करेंगी। वेरायटी की खबर के मुताबिक तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका में नजर आएंगी। यह किरदार बेहद बुद्धिमान, तेज-तर्रार, खूबसूरत और साहसी सिस्टर का है। ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून पर आधारित है। पहले इसका शीर्षक ड्यून : द सिस्टरहुड था। निर्माताओं ने अभी तक ड्यून : प्रोफेसी के प्रीमियर की तारीख की घोषणा नहीं की है।

ब्रिटेन को लेजर हथियारों से युक्त छह नए जहाज मिलेंगे

लंदन। ब्रिटेन की नौसेना को छह नए मल्टी-रोल सपोर्ट जहाज (एमआरएसएस) मिलेंगे। यह जहाज ड्रोन लॉन्च करने में सक्षम और ड्रैगनफायर लेजर से लैस होंगे। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के हवाले से खबर दी है। रिपोर्ट में सोमवार को कहा गया कि नए जहाजों का निर्माण शुरू हो गया है। इन जहाजों में हेलीकॉप्टरों के लिए एक हैंगर भी होगा।

चाबहार पोर्ट डील पर बौखलाया अमेरिका, दे दी भारत को चेतावनी

कहा- भारत विदेश नीतियों पर खुद फैसला करे, ईरान से व्यापार बढ़ाया तो बैन का खतरा

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट डील साइन होने के बाद अमेरिका ने वॉर्निंग दी है। अमेरिका ने कहा है कि ईरान से व्यापार करने की वजह से भारत पर पाबंदियों का खतरा रहेगा। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल से सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान चाबहार पोर्ट की डील पर सवाल किया गया।

इस पर पटेल ने कहा हमें जानकारी मिली है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश नीतियों और दूसरे देशों के साथ अपने रिश्तों पर भारत खुद फैसले करेगा, लेकिन जो भी देश ईरान के साथ व्यापार में शामिल होगा, उस पर प्रतिबंध लगने का खतरा बना रहेगा।

भारत ने सोमवार को ईरान के चाबहार पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेने से जुड़ी डील की। इस समझौते के लिए भारत से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को ईरान भेजा गया था। भारत और ईरान कई वर्षों से चाबहार पर काम कर रहे हैं। अब पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा। पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान व सेंट्रल एशिया से व्यापार का नया रूट मिल जाएगा। इससे पाकिस्तान की जरूरत भी खत्म हो जाएगी। यह पोर्ट एक तरह से भारत और अफगानिस्तान को व्यापार के लिए ऑप्शनल रास्ता मुहैया कराएगा। भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड पोर्ट में 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी।

● भारत को 10 साल के लिए मिला चाबहार पोर्ट

इसलिए चाबहार पोर्ट भारत के लिए जरूरी

भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाबहार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है। ईरान और भारत ने 2018 में चाबहार पोर्ट तैयार करने का समझौता किया था। पहले भारत से अफगानिस्तान कोई भी माल भेजने के लिए उसे पाकिस्तान से गुजरना होता था। हालांकि, दोनों देशों में सीमा विवाद के चलते भारत को पाकिस्तान के अलावा भी एक विकल्प की तलाश थी। चाबहार बंदरगाह के विकास के बाद से अफगानिस्तान माल भेजने का यह सबसे अच्छा रास्ता है। भारत अफगानिस्तान को गेंहू भी इस रास्ते से भेज रहा है। अफगानिस्तान के अलावा यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशियाई देशों के भी रास्ते खोलेगा। इन देशों से गैस और तेल भी इस पोर्ट के जरिए लाया जा सकता है। चाबहार को पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट की तुलना में भारत के रणनीतिक पोर्ट के तौर पर देखा जा रहा है। ग्वादर को बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के तहत चीन विकसित कर रहा है। भारत इस पोर्ट के चीन और पाकिस्तान पर भी नजर रख पाएगा।

ईरान पर अमेरिका ने लगा रखे है प्रतिबंध

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ईरान पर लगभग सभी व्यापार प्रतिबंध लगा चुका है। अमेरिकी सरकार ने देश में ईरान की सारी संपत्तियों को भी ब्लॉक कर रखा है। साथ ही अमेरिका ने सहयोगियों देशों को भी ईरान की सहायता करने और हथियार की ब्रिकी करने से रोक रखा है। अमेरिका ने ये पाबंदियां ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकारों का उल्लंघन और आतंकी संगठनों को समर्थन देने की वजह से लगाई हैं। इसी के साथ ईरान वह देश है जिसपर अमेरिका ने सबसे ज्यादा प्रतिबंध लगाए हुए हैं। पिछले महीने ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन्स से हमला किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका ने ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, ईरान रक्षा मंत्रालय और ईरानी शासन से जुड़ी मिसाइलें और ड्रोन प्रोडक्शन वाली कंपनीज पर कार्रवाई की थी।

संरा में फिलिस्तीन की सदस्यता का भारत ने किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के अपने समर्थन को रेखांकित करते हुए कहा है कि सीधी एवं सार्थक बातचीत के जरिये हासिल द्विराष्ट्र समाधान ही अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा। भारत ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक मसौदा प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया था।

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि फिलिस्तीन (पूर्ण सदस्यता पाने की) योग्यता रखता है और इसे संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य का दर्जा मिलना चाहिए तथा इस विषय पर सुरक्षा परिषद अनुकूल तरीके से पुनर्विचार करे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को कहा कि अपने पुराने रुख को बरकरार रखते हुए, हम संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता का समर्थन करते हैं और इसलिए हमने इस प्रस्ताव के समर्थन में वोट दिया है।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि फिलिस्तीन की अर्जी पर सुरक्षा परिषद आने वाले समय में पुनर्विचार करेगी और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना लिया जाएगा। शुक्रवार को एक आपात विशेष सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई, जहां संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में नये सदस्य को शामिल करने को पिछले साल मई में यूएई ने पेश किया था।

यूएन में कार्यरत भारतीय सेना के पूर्व अफसर की गाजा में मौत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया

गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई। 7 अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया है जबकि इजराइल ने अलग से हमले की जांच करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में बताया कि भारतीय सेना से 2022 में समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले (46) दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भारतीय सेना में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में सेवाएं दी थीं। काले ने सेना की 11वीं जम्मू-कश्मीर राइफल्स में अपनी सेवाएं दी थीं। सोमवार की सुबह यूएनडीएसएस के अन्य कर्मचारियों के साथ वह संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जा रहे थे तभी हमले की चपेट में आ गए। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो सकी है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताया दुख : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर गहरा दुख जताया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और जांच का आह्वान किया।

वैभव अनिल काले (फाईल फोटो)।

साढ़े चार लाख लोगों ने गाजा का राफा शहर छोड़ा

गाजा/तेल अवीव। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि तटीय पट्टी के दक्षिण में भारी लड़ाई से बचने की कोशिश में एक सप्ताह के भीतर लगभग 4,50,000 लोगों ने गाजा के राफा शहर को छोड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने एक्स पर लिखा राफा में सड़कें खाली हैं क्योंकि परिवार सुरक्षा की तलाश में पलायन कर रहे हैं।

यौन उत्पीड़न के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रोफेसर गिरफ्तार

कन्नूर (केरल)। केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक सहायक प्रोफसर को एक युवती का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना जिले के एक मनोरंजन पार्क की है।

कासरगोड में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाने वाले आरोपी इफ्तिकार अहमद बी को युवती की शिकायत के आधार पर सोमवार को यहां विस्मय मनोरंजन पार्क में रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। घटना उस समय हुई, जब 22 वर्षीय शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य मनोरंजन पार्क के वेव पूल में समय बिता रहे थे।

पीओके में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

● मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ हुई झड़प

पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई व छह घायल हो गए।

मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हो गया।

केरल में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड में मंगलवार तड़के एक सड़क हादसे में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार आज तड़के तीन बजे एंबुलेंस के बिजली के खंभे से टकराने से उसमें आग लग गई। जिससे एक महिला मरीज की जलकर मौत हो गयी।

उसे तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी इसलिए उसे उलियारी के मालाबार मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सुलोचना को एस्टर एमआईएमएस अस्पताल ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार चालाक ने नियंत्रण खो दिया जिससे एंबुलेंस बिजली के खंभे से टकरा गयी और फिर पास की एक इमारत में जा घुसी।

व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम

वाशिंगटन, एजेंसी

● व्हाइट हाउस के आयोजनों में लगातार शामिल किया जा रहा है भारतीय लोकप्रिय व्यंजन

व्हाइट हाउस में आयोजित होने वाले समारोहों के मेन्यू में भारत का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड गोलगप्पा लगातार जगह पा रहा है। पिछले साल भी कई मौकों पर इसे मेन्यू में शामिल किया गया था।

सोमवार को विरासत माह के जश्न के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रोज गार्डन में आयोजित किए गए समारोह में मेहमानों को गोलगप्पा भी खिलाया गया। इस समारोह में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति समेत कई एशियाई अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी लोगों ने शिरकत की। अभी तक व्हाइट हाउस के लिए समारोहों के मेन्यू में समोसा ही देखने को मिलता था लेकिन अब गोलगप्पे को भी कई मौकों पर मेन्यू में शामिल किया जा रहा है।

व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद समुदाय के नेता अजय जैन भुटोरिया ने बताया कि पिछले साल जब मैं यहां आया था तो उस समय भी गोलगप्पा/पानीपूरी मेन्यू में शामिल था। इस साल भी मैं उसका स्वाद चखने को उत्सुक था और तभी अचानक एक वेटर पानीपूरी/गोलगप्पा लेकर आया।

सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा से गूंजा व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। अमेरिका के व्हाइट हाउस में वार्षिक एशियाई अमेरिकी, नेटिव हवाई और पेसिफिक आइलेंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस समेत कई एशियाई और अमेरिकी वहां मौजूद थे। व्हाइट हाउस में इस खास उपलक्ष्य पर मरीन बैंड ने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई गई। सोमवार को व्हाइट हाउस में मौजूद भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने इस देशभक्ति गीत की धुन को दो बार बजाया।

डीएचएफएल घोटाला : सीबीआई ने धीरज वधावन को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

● 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी

सीबीआई ने 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल (दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि वधावन को सोमवार रात को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डीएचएफएल के पूर्व निदेशक और उनके भाई कपिल को इस मामले में पहले 19 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने 15 अक्टूबर, 2022 को कपिल और धीरज सहित 75 प्रतिष्ठानों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। उन्हें विशेष अदालत ने तीन दिसंबर, 2022 को इस आधार पर जमानत दे दी थी कि जांच अधूरी है और दायर आरोप पत्र टुकड़ों में पेश किया है।

इस आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा था। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। बता दें कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।

खगोल विज्ञान | कम ही लोग जानते हैं उपग्रह आकाशगंगाओ के बारे में

व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं उपग्रह आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : आकाशगंगाओं से हर कोई परिचित है, लेकिन उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते हैं। जिनका अस्तित्व अब तक सीमित माना जाता है, लेकिन हाल की खोज बताती है कि इनकी संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक है।

जापान की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है और इनकी वास्तविकता का पता लगाया है। उपग्रह आकाशगंगाओं की अपनी अलग दुनिया है। इनके बारे में अभी तक हुई खोजबीन बेहद कम हैं। जिस कारण ब्रह्मांड में अपना अलग स्थान रखने वाली उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे अधिक लोगों को जानकरी नही है। पूर्व में माना जाता था कि इनकी संख्या मात्र 9 है, जबकि नई खोज बताती है कि यह ब्रह्मांड के एक बढ़े हिस्से में हो सकती हैं। फिलहाल 61 उपग्रह आकाशगंगा हाल में खोजी गई हैं।

जिनमें बड़े और छोटे मैगेलैनिक बादल के उपग्रह आकाशगंगा शामिल हैं। यह खोज 1.4 मिलियन प्रकाश वर्ष के भीतर दायरे में कई गई है। जापान की सुबारू दूरबीन के जरिए यह खोज की गई है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि फिलहाल उन्होंने आकाश के केवल 3 प्रतिशत भाग में ही खोज की है।

हमारी आकाशगंगा की परिक्रमा करने वाली अधिकांश उपग्रह आकाशगंगाएँ नवागंतुक हैं, जो छोटे बड़े मैगेलैनिक बादल में सिमटी हैं और इन्हें नवागंतुक माना जाता हैं। इनका विस्तार निरंतर जारी है। इनकी ऑर्बिट के बारे में निश्चित पता अभी नही लग पाया है। बहरहाल यह जानकारी जुटाने के लिए सुबारू दूरबीन से डेटा एकत्र का कार्य चल जिसका पता जल्द लग जाएगा। हवाई के मौना केआ में सुबारू टेलीस्कोप एक 8.2 मीटर व्यास की टेलीस्कोप है।

उपग्रह आकाशगंगा की तस्वीर।

बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है

उपग्रह आकाशगंगा सीमित आकार लिए एक छोटी आकाशगंगा है, जो आकाशगंगा की परिक्रमा करती हैं। इन्हें बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है। यह मेजबान आकाशगंगा की गुरुत्वाकर्षण के आकर्षण के भीतर बंधी हुई कक्षाओं में यात्रा करती है। इनकी विस्तृत जानकारी के लिए अधिक शोध किए जाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हाल में हुई खोज से इस दिशा में खोज का दायरा बढ़ेगा। जिसमें दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक शामिल होंगे।

मोदी के लिए खाना पकाने की ममता की पेशकश पर विवाद

कोलकाता, एजेंसी

● भाजपा ने राजनीतिक एजेंडा करार दिया, माकपा ने इसे टीएमसी व भाजपा के बीच सहमति बताया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए खाना पकाने की पेशकश पर अलग-अलग राजनीतिक दलों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। जहां भाजपा ने इसे राजनीतिक एजेंडा करार दिया, वहीं माकपा ने इसे टीएमसी-भाजपा के बीच सहमति बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बयान को लेकर उन पर तंज कसते हुए ममता ने सोमवार को कहा था कि अगर वह (मोदी) चाहें तो मैं उनके लिए खाना पकाने को तैयार हूं लेकिन वह इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि मोदी उनके हाथ का पका खाना खाएंगे या नहीं। मोदी ने पिछले महीने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर ऐसे समय में मछली खाने को लेकर कटाक्ष किया था, जिस दौरान हिंदू मांसाहार के सेवन से परहेज करते हैं। भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने एक्स पर जारी पोस्ट में कहा ममता बनर्जी, मोदी जी को अपने हाथ की बनी मछली और चावल खिलाना चाहती हैं। अच्छा प्रस्ताव है। लेकिन उससे पहले वह अपने विश्वस्त फिरहाद हकीम को सुअर का मांस खिलाइये? इससे तीन उद्देश्य पूरे होंगे, पहला धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा मिलेगा, दूसरा लोगों को मालूम पड़ेगा कि कोई भी चीज घर से शुरू होती है और तीसरा पकौड़े की भी प्रशंसा हो जाएगी।